हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 20.12.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 148 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### 24 दिसंबर को होगी हेमन्त कैबिनेट की अगली बैठक

**रांची** : हेमन्त सोरेन कैबिनेट की अगली बैठक प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा में 24 दिसंबर को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय ने इस बाबत पत्र जारी किया है। इस पत्र के अनुसार कैबिनेट की बैठक 24 दिसंबर को अपराह्न 04 :00 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी। सीएम हेमंत सोरेन की अगुवाई में सरकार बनने के बाद कैबिनेट की ये तीसरी बैठक होगी। बता दें कि शपथ ग्रहण के बाद ठीक बाद 6 दिसंबर को हेमन्त सोरेन की नई सरकार बनने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक हुई थी। वहीं, नई सरकार बनने के बाद ये कैबिनेट की तीसरी बैठक होगी।

### डॉलर के मुकाबले रुपया पहली बार 85 के नीचे लुढ़का

**नयी दिल्ली** : अमेरिकी फेड के फैसला का असर भारतीय रुपये पर भी देखने को मिला है। गुरुवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 18 पैसे गिरकर 85.12 के सर्वकालिक निम्नतम स्तर पर आ गया। बुधवार को हुई अमेरिकी फेड की बैठक में अधिकतम रोजगार और मूल्य स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया गया, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी ने 2025 के लिए अपेक्षित दरों में कटौती की संख्या को आधा कर दिया। अमेरिकी फेड के फैसले के बाद डॉलर में जोरदार तेजी आई और डॉलर इंडेक्स 108 के स्तर को पार कर गया। भारतीय मुद्रा के अलावा अन्य विदेशी मुद्राओं में भी इसका असर देखने को मिला। डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 85.06 रुपये पर कमजोर रुख के साथ खुली। घरेलू शेयर बाजारों के नरम रुख, आयातकों की ओर से डॉलर की मांग और विदेशी पूंजी निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। पिछले कारोबारी दिन भारतीय रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 84.94 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

### पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम पर अमेरिका सख्त, लगाया प्रतिबंध

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान ने अमेरिका पर दोहरे मापदंड अपनाने और भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया। इस्लामाबाद ने गुरुवार को कहा कि बाइडेन प्रशासन की तरफ से देश के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम से जुड़ी चार संस्थाओं पर लगाए गए नवीनतम प्रतिबंध 'पक्षपातपूर्ण' और 'दुर्भाग्यपूर्ण' हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने जोर देकर कहा कि सामरिक क्षमताएं उसकी संप्रभुता की रक्षा के लिए हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, पाकिस्तान, नेशनल डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स (एनडीसी) और तीन वाणिज्यिक संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने के अमेरिकी फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण और पक्षपातपूर्ण मानता है। पाकिस्तान की रणनीतिक क्षमताएं उसकी संप्रभुता की रक्षा करने और दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए हैं। बयान में कहा गया, नवीनतम प्रतिबंध सैन्य विषमताओं को बढ़ाते हैं और शांति-सुरक्षा के उद्देश्य को चुनौती देते हैं। पाकिस्तान का रणनीतिक कार्यक्रम 240 मिलियन लोगों की तरफ उसके नेतृत्व पर जताए गए विश्वास का प्रतीक है।

# संसद में धक्का-मुक्की के बाद भड़का विवाद, दो भाजपा सांसद आईसीयू में भर्ती




एजेंसी

**नयी दिल्ली** : बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और इस दौरान उनकी कथित तौर पर धक्का-मुक्की भी हुई। भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्का-मुक्की की जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। सारंगी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दूसरी तरफ, राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा सांसदों ने उन्हें और अन्य विपक्षी सदस्यों को संसद भवन में जाने से रोका और धक्का-मुक्की की। गृह मंत्री अमित शाह की, बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित टिप्पणी को लेकर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने मार्च निकाला तो भाजपा सांसदों ने कांग्रेस पर बाबासाहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि भाजपा सदस्यों ने संसद परिसर में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाद्रा समेत कई महिला सांसदों के साथ धक्का-मुक्की की, जो भाजपा की तानाशाही को दिखाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को फोन करके उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच कथित हाथापाई के बाद संसद परिसर में उन्हें सिर में चोटें आईं थीं। यह घटना राहुल गांधी द्वारा एक सांसद को कथित तौर पर धक्का दिए जाने के विवाद के बीच हुई है, जबकि उन्होंने दावा किया था कि उन्हें संसद में प्रवेश करने से रोका गया था और कथित तौर पर उन्हें भी धक्का दिया गया था। एनडीए और इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया था, तभी दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हो गई, जिसमें दो भाजपा सांसद घायल हो गए।

संसद में कथित हाथापाई को लेकर दो भाजपा सांसदों को दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद, चिकित्सा अधीक्षक अजय शुक्ला ने कहा कि दोनों नेताओं के सिर में चोटें आई हैं और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

## भाजपा-कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक-दूसरे पर लगाया आरोप



**नयी दिल्ली** : डॉ. आंबेडकर को लेकर संसद में शुरू हुई तकरार ने आज धक्का-मुक्की का रूप ले लिया। पहले भाजपा ने आरोप लगाया कि उसके सांसदों को धक्का दिया गया और वो भी राहुल गांधी ने ऐसा किया। दूसरी ओर कांग्रेस ने यही आरोप भाजपा सांसदों पर लगाया। भाजपा ने जहां राज्यसभा में इस मुद्दे को उठाया तो कांग्रेस ने इस मुद्दे पर पुलिस में शिकायत की। इस मुद्दे पर दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए पत्रकार वार्ता भी की। भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि कांग्रेस संसद में तर्क के स्थान पर शारीरिक बल से अपने आपको ऊपर उठाना चाहती है। वहीं, कांग्रेस का आरोप है कि आज का पूरा घटनाक्रम मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज संसद में हुए घटनाक्रम को कांग्रेस की गिरती हुई सोच का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने एक बुजुर्ग और एक आदिवासी महिला के साथ अशोभनीय व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि आज संसद में हुआ घटनाक्रम कल्पना से परे है। यह अशालीन, अशोभनीय और गुंडागर्दी से भरा व्यवहार है, इस आचरण की सभ्य समाज कल्पना भी नहीं कर सकता। वह स्वयं कई बार लोकसभा और विधानसभा के सदस्य रहे हैं लेकिन उन्होंने आज तक संसद या विधानसभा में इस तरह का आचरण नहीं देखा।




दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पत्रकार वार्ता कर इस घटनाक्रम के बारे में बताया। खरगे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेहरू और आंबेडकर को लेकर झूठ फैलाने का काम कर रही है। उन्हें तथ्य देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने अपने बयान से डॉ. आंबेडकर का अपमान किया है। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए और अगर वह इस्तीफा नहीं देते तो प्रधानमंत्री को उन्हें बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने सुबह हुई धक्का-मुक्की की घटना को लेकर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा है कि विपक्षी गठबंधन की महिला सांसदों को संसद के अंदर जाने से रोका गया। उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और स्वयं उनके साथ भी दुर्व्यवहार हुआ, उनका संतुलन बिगड़ा और वह नीचे गिर गए। इसके उलट भाजपा हम पर आरोप लगा रही है कि हमने धक्का दिया। अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूरे देश में आंदोलन होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी मुद्दों से ध्यान भटकने के लिए ऐसा कर रही है।

## राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव आज से, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग तथा झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 का आयोजन हो रहा है। ये आयोजन 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक रांची के मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है। इसे लेकर गुरुवार को उद्योग विभाग की ओर से सुमन पाठक और ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मीनाक्षी प्रकाश ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और समापन राज्यपाल द्वारा किया जायेगा। खादी एवं सरस महोत्सव सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। देशभर के विभिन्न राज्यों से स्टॉल लगाए गए है।

### साबरमती थीम पर सजा खादी महोत्सव

खादी महोत्सव में इस बार महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम के थीम पर आयोजित किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रकार के स्टाल बनाए गए हैं। महोत्सव में जीवंत प्रदर्शनी और साबरमती आश्रम आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें खादी संस्था, पीएमईजीपी, सरस, फुड स्टॉल, सरकारी स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें 500 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न वर्गों और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किये जायेंगे। महोत्सव में प्रतिदिन कला एवं संस्कृति विभाग की तरफ से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूला आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा।

## राज्य सरकार ने दिसंबर का अग्रिम वेतन देने का दिया निर्देश

**रांची** : झारखंड सरकार ने क्रिसमस पर्व के मद्देनजर सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। राज्य सरकार ने 19 दिसंबर से ही दिसंबर माह का वेतन एडवांस में जारी करने का आदेश दिया है। वित्त विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक निर्देश जारी कर दिया है। सरकार के इस फैसले का लाभ झारखंड सरकार के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी, राज्यपाल सचिवालय, विधानसभा सचिवालय और झारखंड उच्च न्यायालय के पदाधिकारी और कर्मियों को मिलेगा। वेतन भुगतान की प्रक्रिया 19 दिसंबर से शुरू कर दी गई है। झारखंड सरकार का यह कदम कर्मचारियों को क्रिसमस और नए साल के त्योहार को बेहतर ढंग से मनाने में मदद करेगा। दिसंबर का एडवांस वेतन मिलने से कर्मचारी अपनी आर्थिक जरूरतों को समय पर पूरा कर पाएंगे। वित्त विभाग ने सभी विभागों को सख्त निर्देश दिया है कि वे तय समय में वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूरी करें। इस फैसले को लागू करने के लिए आवश्यक बजट का आवंटन पहले ही सुनिश्चित कर दिया गया है।

## भारत-चीन संबंध : यूएन चीफ ने किया बीजिंग-नयी दिल्ली कूटनीतिक प्रयासों का स्वागत

एजेंसी



**नयी दिल्ली** : संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत-चीन के बीच हुए नवीनतम समझौते का स्वागत किया है। इस समझौते का मकसद द्विपक्षीय रिश्तों में सुधार लाना और सीमा मुद्दों पर सकारात्मक कदम उठाना है। बयान में कहा गया, हम द्विपक्षीय कूटनीति के इस प्रयास के सकारात्मक परिणाम का स्वागत करते हैं। द्विपक्षीय कोशिशों के जरिए अंतरराष्ट्रीय विवादों को निपटाने की 'प्रशंसा' की जानी चाहिए। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल चीन के दौरे पर हैं। वह विशेष प्रतिनिधियों की 23वें दौर की वार्ता में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचे। भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों की बैठक बुधवार को बीजिंग में आयोजित हुई। भारत की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन की ओर से वांग यी ने इस बैठक में भाग लिया। वांग यी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री हैं।

इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करते हुए, दोनों नेताओं ने जमीनी स्तर पर शांतिपूर्ण स्थिति सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया, ताकि सीमा पर मुद्दे द्विपक्षीय संबंधों के सामान्य विकास में बाधा न बनें।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : भारत की टीम नहीं जाएगी पाकिस्तान, हाइब्रिड मॉडल पर आईसीसी ने लगाई मुहर


एजेंसी



**नयी दिल्ली** : आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर तनातनी आखिरकार खत्म हो गई है। आईसीसी ने गुरुवार को एलान किया कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच मेजबान पाकिस्तान की बजाय किसी तटस्थ स्थान पर खेलेगा। पाकिस्तान के लिए भी 2027 तक यही व्यवस्था लागू होगी। पाकिस्तान की टीम भारत में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट के मैच तटस्थ स्थलों पर खेलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट है, जो 2017 के बाद पहली बार खेला जाना है। साल 2017 में पाकिस्तान ने भारत को हराकर ट्रॉफी जीती है। यह इत्तफाक ही है कि गत चैंपियन को ही टूर्नामेंट की मेजबानी भी मिली है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का शेड्यूल जल्द घोषित किया जाएगा। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर चल रहे विवाद पर कहा, आईसीसी बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दे दी है। अब 2024 से 2027 तक मौजूदा चक्र (जो भारत या पाकिस्तान में आयोजित किए जाने हैं) के दौरान आईसीसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के सभी मैच तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे। इस दौरान भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। इसी तरह पाकिस्तान की टीम भी भारत नहीं जाएगी। यह व्यवस्था चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के अलावा महिला विश्व कप और पुरुष टी20 विश्व कप में लागू होगी। महिला विश्व कप अगले साल भारत में होना है। इसके बाद 2027 में पुरुष टी20 विश्व कप की मेजबानी भारत और श्रीलंका मिलकर करेंगे।

## जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ दो जवान घायल, पांच आतंकवादी ढेर

एजेंसी




**कुलगाम** : जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में जारी मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को ढेर कर दिया है, जबकि दो जवान घायल हो गए हैं।

भारतीय सेना की चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुलगाम के कादर में चल रहे ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया। गोलीबारी के दौरान दो सैनिक घायल हो गए हैं और उन्हें चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाया गया है।

इससे पहले गुरुवार को कुलगाम जिले के कद्देर इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई। भारतीय सेना की चिनार कोर ने कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने "भारी मात्रा में" गोलीबारी शुरू कर दी।

एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया, ऑपरेशन कादर, कुलगाम। आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा कादर, कुलगाम में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। सतर्क सैनिकों द्वारा संदिग्ध गतिविधि देखी गई और चुनौती दिए जाने पर, आतंकवादियों ने अंधाधुंध और भारी मात्रा में गोलीबारी शुरू कर दी। हमारे सैनिकों ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की। पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर सर्किल) वी.के. बिरधी ने नाली के मारे जाने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि 40 वर्षीय फारूक नाली 2015 से आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय था और कई हमलों में उसका हाथ था। वर्ष 2020 में श्रीनगर में हुई मुठभेड़ में हिजबुल मुजाहिदीन के ऑपरेशनल कमांडर सैफुल्लाह की मौत के बाद नाली ने समूह की कमान संभाली थी। इससे पहले 3 दिसंबर को श्रीनगर जिले में सुरक्षा बलों के साथ चल रहे ऑपरेशन में जुनैद अहमद भट नामक एक आतंकवादी मारा गया था। पुलिस ने कहा कि भट जम्मू-कश्मीर के गगनगीर, गंदेरबल और कई अन्य आतंकी हमलों में नागरिकों की हत्या में शामिल था।

इस बीच, आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 19 दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता कर सकते हैं। घटनाक्रम से जुड़े अधिकारियों ने एएनआई को बताया कि बैठक में मुख्य रूप से महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर विशेष जोर दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी बैठक में शामिल होंगे, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियों की समीक्षा करना है।

## उषा मार्टिन लीज घोटाला : तत्कालीन खनन निदेशक पासवान ने किया सरेंडर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में उषा मार्टिन कंपनी को अवैध तरीके से आवंटित खदान मामले में चार्जशीटेड आरोपित राज्य के तत्कालीन खनन निदेशक इंद्र देव पासवान ने गुरुवार को सरेंडर कर दिया है। आरोपित ने सरेंडर के साथ जमानत याचिका भी दाखिल की। इस पर सुनवाई के बाद अदालत ने सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने जमानत याचिका पर बहस की। अदालत ने उन्हें 50-50 हजार रुपये के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। उन पर साल 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन कराने में भ्रष्टाचार का आरोप है। भ्रष्टाचार मामले को लेकर सीबीआई ने सितंबर 2016 में मेसर्स उषा मार्टिन लिमिटेड, कंपनी के निदेशक इंद्र देव पासवान, तत्कालीन खान सचिव अरुण सिंह सहित अन्य पर जांच पूरी करते हुए जनवरी 2023 में चार्जशीट दाखिल की थी। इसी मामले में हाल में ही सीबीआई कोर्ट ने संज्ञान लिया है।

उषा मार्टिन कंपनी को 2005 में पश्चिमी सिंहभूम जिले के घाटकुरी में एक लौह अयस्क खदान आवंटित की गयी थी। इसमें कथित रूप से भ्रष्टाचार हुआ था। आईएएस अरुण कुमार सिंह उस वक्त खनन विभाग के सचिव थे और इंद्रदेव पासवान खनन निदेशक थे। सीबीआई ने कथित आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सितंबर 2016 में प्राथमिकी दर्ज की थी। प्राथमिकी में उषा मार्टिन के प्रमोटरों और खनन विभाग के अधिकारियों को आरोपित बनाया गया था। प्राथमिकी में कहा गया था कि खदान के आवंटन के लिए केंद्र सरकार को जो सिफारिश भेजी गयी थी, उसमें राज्य सरकार की तरफ से अधिकारियों ने कथित रूप से उषा मार्टिन के पक्ष में पक्षपात किया था। कंपनी ने कथित तौर पर वादा किया था कि वह हाट गम्हरिया में स्थित अपने इस्पात संयंत्र में लौह अयस्क का उपयोग करेगी। कंपनी ने राज्य सरकार को एक अंडरटैकिंग भी दिया था। सीबीआई ने आरोप लगाया कि कंपनी बाद में यह कहते हुए इस बात से मुकर गयी कि कैबिनेट नोट में इसका कोई विशेष जिक्र नहीं था।

## एक नजर

### सब्जी लदा ट्रक दुकान से जा टकराया, बड़ा हादसा टला



**बरही :** बरही-गया रोड पर बीती रात करीब 1:30 बजे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। कोलकाता से दिल्ली की ओर जा रही एक ट्रक संख्या डब्लूबी 19 जे 2721, जिसमें सब्जियां लदी हुई थीं, सड़क पर बने गड्ढों के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकानों से टकरा गई। दुर्घटना में ट्रक चालक को हल्की चोटें आईं, लेकिन गनीमत रही कि दुकानों में कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय ट्रक की रफ्तार सामान्य थी, लेकिन सड़क की खराब स्थिति ने हादसे को न्योता दिया। घटनास्थल पर मौजूद ट्रक चालक ने बताया कि रात के अंधेरे में गड्ढा अचानक सामने आ गया, जिससे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया। चालक ने किसी तरह ट्रक को संभालने की कोशिश की, लेकिन ट्रक सड़क किनारे बनी दुकानों से जा टकराई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर चालक की मदद की। हालांकि, इस घटना ने बरही-गया रोड की जर्जर हालत को फिर से उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

### राजद ने गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका

**चतरा :** राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं देश के गृह मंत्री अमित शाह के जरिये संसद में संविधान निमार्ता बाबा भीम राव अम्बेडकर के प्रति आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल के खिलाफ अमित शाह का पुतला फूंका गया। इस दौरान महागठबंधन के नेतागण मौजूद रहे। सभी ने अमित शाह मुदार्बाद के नारे लगाए एवं गृहमंत्री के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर प्रदेश सचिव रश्मि प्रकाश, वरिष्ठ नेता हारुन रशीद, महेंद्र यादव, नगर अध्यक्ष पप्पू यादव, जिलापरिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, अशोक दांगी, अब्दुल्ला अंसारी, दिनेश दांगी, अशोक राणा, रिंकू खान, खेदु यादव, उपेंद्र दांगी, दीपक शर्मा, बिनोद पासवान, विकास यादव, बीरेंद्र यादव, अरबिंद सिंह, जितेंद्र सिंह, नसरुद्दीन अंसारी, बिनोद दास समेत अन्य मौजूद रहे।

### उत्पाद विभाग का छापा, भारी मात्रा में शराब बरामद



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले की गोला प्रखंड में अवैध तरीके से शराब की बिक्री की जा रही थी। इसकी सूचना लगातार उत्पाद विभाग को ग्रामीणों के जरिये दिए जा रही थी। इस सूचना के आधार पर गुरुवार को उत्पाद विभाग की टीम ने सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी के निर्देश पर एक्साइज इंस्पेक्टर कौंग्रेश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की। गोला प्रखंड के हेटगढ़ा और जोभिया गांव में छापेमारी के दौरान अरुणाचल प्रदेश में बिकने वाली ब्लैक डायमंड एंड ब्लैक टाइगर शराब की 194 बोतल, 90 लीटर स्पीरिट, 10 बोरा में विभिन्न ब्रांड एवं साइज के 1200 खाली बोतल जब्त किए गए। हेटगढ़ा गांव से शंकर साहू और जोभीया गांव से ताराचंद महतो एवं अन्य के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। इस छापेमारी अभियान में अवर निरीक्षक अमित मड़की, सिपाही नरेश महतो, कमलेश कुमार, विनय सिंह, प्रेम सिंह एवं अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान शामिल थे।


# अधिक से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाने का है लक्ष्य : रोशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के हरली पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो एवं बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष आदित्य सोनी की अध्यक्षता में सदस्यता महापर्व को लेकर बैठक की गई। बैठक के मुख्य अतिथि विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं सदस्यता अभियान के प्रभारी महेंद्र राम बिहारी मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी का कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। वहीं विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले पांच पंचायत के पांच बूथ अध्यक्षों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत देशव्यापी त्यौहार जो चल रहा है। उसमें संगठन के कार्यकर्ता अपने-अपने कर्तव्य का निर्वहन करें और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम करें। जो विधायक के रूप में यहां की जनता ने हमें जिम्मेवारी दी है। उसका पूरा श्रेय यहां के एक-एक कार्यकर्ता एवं साथियों का है इसलिए उन्हें आभार व्यक्त करते हैं। आपके बीच हमेशा संगठन या व्यक्तिगत रूप से हमेशा जुड़े रहेंगे और आप लोगों का सहयोग से हर समस्या का समाधान करेंगे। पुर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कार्यकर्ता एवं यहां की जनता ने लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ जिताने का काम किया है। इसके लिए बड़कागांव की जनता बधाई के पात्र हैं। सांसद एवं विधायक हमारे अपने पार्टी से हैं इसलिए बड़कागांव की सम्पूर्ण समस्या का समाधान इनके कंधे पर है। सदस्यता अभियान के प्रभारी महेंद्र राम बिहारी ने कहा कि देशव्यापी सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए हमलोगों को अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए 15 जनवरी तक हरेक गांव टोलों तक सदस्य बनाना है। 8800002024 नं पर मिस्ड कॉल करने पर लिंक आने के बाद लिंक को खोलकर उसमें फॉर्म भरकर सदस्य बनना है। साथ ही साथ अपना सदस्यता कार्ड भी डाउनलोड कर लेना है। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी, पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, जिला प्रभारी महेंद्र राम बिहारी, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पुर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, नरेश साव, बेचन साव, मुकुटधारी महतो, उपाध्यक्ष किशोर राणा, अशोक साव, महामंत्री दिनेश करमाली, सुमन गिरी, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, उमेश दांगी, पुर्व मुखिया महेंद्र महतो, अशोक महतो, सुनील उरांव, जुगेशर बेदिया, बलदेव राम, रवि कुमार दांगी, उमाशंकर महतो, भुपाल स्वर्णकार, चिंतामणि महतो, भगीरथ ठाकुर, सचिदानंद पांडेय, अमन गंझु समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीन बालू डंपिंग यार्ड का सीओ ने किया निरीक्षण, संदिग्ध पाया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी के निदेर्शानुसार बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत संचालित तीन बालू डंपिंग यार्ड का निरीक्षण अंचलाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान तीनों यार्ड संदिग्ध पाया गया। मामले को लेकर अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि तलसवार पंचायत के अशोक महतो, कोयलंग में संचालित पूनम इंटरप्राइजेज उर्फ जितेंद्र महतो, बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी का संचालित डंपिंग बालू यार्ड संदिग्ध पाया गया है। इन तीनों बालू डंपिंग यार्ड में जमा बालू की मापी कर ली गई है। ये तीनों संचालक जब तक अपने बालू यार्ड से संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं कर देते, तब तक इन डंपिंग यार्ड से बालू से किसी प्रकार कार्य संचालन नहीं किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि ये तीनों यार्ड को नोटिस किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति बालू का अवैध डंपिंग न करें, ऐसा करते पकड़े जाने पर नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बालू डंपिंग यार्ड का संचालन माइनिंग विभाग से चालान लेकर ही करें। मौके पर एसडीपीओ पवन कुमार, थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल, हल्का कर्मचारी नंदकिशोर राम, आशीष कुमार सोनी, प्रहलाद मांझी, अमीन नागेंद्र महतो, दुलारचंद महतो उपस्थित थें।

## सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हजारीबाग और रामगढ़ जिलों में शिक्षा की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग और रामगढ़ जिले की कुल आबादी लगभग 30 लाख है। इनमें से हजारों ग्रामीण छात्र-छात्राएं हर वर्ष गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में प्रतिभावान छात्रों की संख्या बहुत अधिक है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण वे अपनी पूर्ण क्षमता तक नहीं पहुंच पाते। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए, सांसद ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि हजारीबाग के चौपारण प्रखंड और रामगढ़ जिले में एक-एक जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना की जाए। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा और उनकी प्रतिभा को सशक्त बनाया जा सकेगा। मनीष जायसवाल ने कहा कि हमारे क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार है, और इसके लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। नवोदय विद्यालयों की स्थापना से बच्चों को न केवल अच्छी शिक्षा मिलेगी, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायता होगी। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने क्षेत्र की शिक्षा से जुड़ी अन्य चुनौतियों पर भी चर्चा की और केंद्रीय मंत्री से समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सांसद की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और इस मुद्दे पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए इस पहल को एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यदि इन विद्यालयों की स्थापना होती है, तो यह न केवल हजारीबाग और रामगढ़ जिले के छात्रों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में मदद करेगा।

## जल्द होगा सेलहारा स्कूल का उच्च विद्यालय में अपग्रेडेशन : मनोज यादव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव क्षेत्र भ्रमण के दौरान मध्य विद्यालय सेल्हारा पहुँचे। जहां उन्होंने स्कूली बच्चों से मिलकर उनका हाल जाना। साथ ही शिक्षक- शिक्षिकाओं से मिल कर शैक्षणिक व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने से सम्बंधित आवश्यक निर्देश दिए। इससे पहले विद्यालय के शिक्षकों ने विधायक का फूल भेंटकर स्वागत किया। वही स्थानीय मुखिया अनिता देवी व उपमुखिया प्रवीण सिंह ने अंगवस्त्र देकर विधायक को जीत की बधाई दी। प्राचार्य रामखेलावन रविदास, शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा, जन्मजेय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि कैलाश पासवान ने विद्यालय को सामूहिक रूप माँग पत्र सौंपी। जिसपर विधायक ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से मिलकर जल्द सेल्हारा स्कूल का अपग्रेडेशन के लिए पहल करूँगा। बच्चो को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आप अपने माता-पिता के साथ देश का भविष्य है। खेलकूद के साथ पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दे। उन्होंने कहा कि जो बच्चे पढाई के साथ साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी गतिविधियों में भी भाग लेते हैं उनका बौद्धिक, शारिरिक व मानसिक रूप से बेहतर विकास होता है। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, बिनोद यादव, सचिन पासवान, शिक्षक राकेश कुमार, डैजी सिंह, रागिनी सिंह, राजेन्द्र राम, सहित कई लोग मौजूद थे।

## मयूर कंपनी के नाम पर बेची जा रही थी नकली हल्दी, अवैध कारोबारी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर में नामी गिरामी खाद्य कंपनियों के नाम पर नकली सामानों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इसका खुलासा तब हुआ जब हल्दी बेचने वाली मयूर कंपनी के मालिक अशोक अग्रवाल ने रामगढ़ के बाजार में उनकी कंपनी के नाम पर नकली हल्दी का पैकेट पाया। छानबीन के दौरान पता चला कि रामगढ़ शहर के न्यू कॉलोनी में मयूर कंपनी के नाम पर नकली हल्दी की पैकिंग हो रही है और उसे बाजार में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। मयूर ब्रांड अशोक पैकर्स मसाला के संचालक अशोक अग्रवाल को सूचना मिली थी कि रामगढ़ में मयूर कंपनी की हल्दी पैकिंग की जा रही है। सूचना पर वे रामगढ़ थाना पहुंचे और रामगढ़ पुलिस को इस अवैध कारोबार की सूचना दी। अशोक अग्रवाल की सूचना पर पुलिस ने न्यू कॉलोनी निवासी पवन कुमार साहू के घर में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को वहां से 250 ग्राम के पैकेट में बड़े पैमाने पर हल्दी मिला। सभी पैकेट पर मयूर कंपनी का नाम छपा हुआ था। पुलिस ने वहां से एक पैकिंग मशीन और हल्दी के सैकड़ो पैकेट जब्त किया। साथ ही पवन कुमार साहू को गिरफ्तार कर थाना ले आई है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि इस पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। साथ ही शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से स्वस्थ समाज का निर्माण हमारा लक्ष्य : हर्ष अजमेरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** आरोग्यम अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक पहुँचाने और समुदाय के लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय, बीएसएफ मेरु कैंप में एक दिवसीय मेगा नेत्र एवं चिकित्सक शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 650 से भी अधिक मरीजों ने भाग लिया और अपनी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान पाया। शिविर में आरोग्यम अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों ने भाग लिया। जनरल फिजिशियन के रूप में डॉक्टर निखिल आनंद ने मरीजों की सामान्य बीमारियों जैसे बुखार, खांसी, जुकाम, और पेट दर्द का इलाज किया। नेत्र विशेषज्ञ के रूप में डॉक्टर विवेक कुमार ने नेत्र जांच की और मरीजों को उनकी आंखों से जुड़ी समस्याओं जैसे दृष्टि दोष और मोतियाबिंद के लिए परामर्श दिया। ईएनटी विशेषज्ञ ने शिविर में कान, नाक, और गले से संबंधित बीमारियों के निदान एवं उपचार के लिए ईएनटी सेवाएं उपलब्ध थीं। दंत चिकित्सक (ऑर्थोडॉन्टिस्ट) दांत क्षय, मसूड़ों की समस्या, और दांतों की सफाई जैसी सेवाओं के लिए विशेष परामर्श दिया गया। शिविर में आने वाले मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श, और आवश्यक दवाएं दी गईं। मरीजों को उनके रोग के आधार पर उचित परामर्श एवं उपचार की जानकारी दी गई। इसके अलावा, गंभीर बीमारियों की पहचान करने के लिए स्क्रीनिंग की गई, और कुछ मरीजों को आगे के इलाज के लिए रेफर किया गया। आरोग्यम अस्पताल हमेशा से जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह शिविर समाज में जागरूकता फैलाने और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने का प्रयास है। निकट भविष्य में, अस्पताल विभिन्न क्षेत्रों में इसी तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की योजना बना रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया जा सके। शिविर में आए मरीजों ने आरोग्यम अस्पताल और डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त किया। मरीजों ने निःशुल्क सेवाओं और डॉक्टरों के सहानुभूतिपूर्ण रवैये की सराहना की। निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा की हम आरोग्यम अस्पताल के इस मेगा नेत्र एवं चिकित्सक शिविर की सफलता पर गर्व महसूस करते हैं। हमारा उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इस शिविर के माध्यम से हमने 650 से अधिक मरीजों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया, जो हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### भगहर में अवैध आरा मशीन पर छापेमारी बड़े पैमाने पर चिरान पटरा बरामद



**चौपारण :** बृहस्पतिवार को वन विभाग ने भगहर जंगल में अवैध रूप से संचालित आरा मशीन पर कार्रवाई करते हुए बड़े पैमाने पर चिरान पटरा किया बरामद। तस्करों द्वारा जंगल उजाड़ कर लकड़ी का बड़े पैमाने पर तस्करी की जा रही थी। इसकी गुप्त सूचना वन विभाग को मिलते ही चौपारण प्रादेशिक वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने त्वरित कारवाई करते हुए जंगल मे गुप्त रूप से संचालित अवैध आरा मशीन पर कारवाई करते हुए बड़े पैमाने पर चिरान पटरा को जप्त किया। इस दौरान वन विभाग के टीम को विरोध का भी सामना करना पड़ा। आरा मशीन दीपक राणा, पिता रघुनी राणा ग्राम भगहर का बताया जाता है। प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ वन अधिनियम के तहत वनवाद दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। छापेमारी टीम में प्रभारी वनपाल पंकज कुमार, वनरक्षी अजीत कुमार, गोंझू गृहरक्षक उमेश कुमार, अशोक शाही तथा अन्य कर्मी शामिल थे।

### आम जनमानस धर्म रक्षा निधि समर्पण में अधिक से अधिक करे सहयोग : देवी सिंह



**बरही :** धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान में तेजी लाने और कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद की प्रांत टोली प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह के नेतृत्व में क्षेत्रीय सह मंत्री बीरेंद्र साहू एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद जी बरही पहुंचे और कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए प्रांत संगठन मंत्री ने कहा कि सभी दायित्ववान कार्यकर्ता तन मन धन से इस अभियान में लगें और सनातन धर्म और संस्कृति के रक्षार्थ स्वयं निधि समर्पण करते हुए समाज के सभी वर्ग के परिवार से मिलकर इस नेक कार्य में सहयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आमजनों से भी बढ़ चढ़कर सहयोग करने की अपील की। साथ ही स्थानीय कार्यकताओं के साथ मिलकर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कई लोगों से संपर्क कर कूपन भी काटा और कार्यकताओं का मनोबल भी बढ़ाया। इस अभियान में जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी समेत अन्य मौजूद थे।

### विभावि की मेजबानी में आयोजित होगी महिला खो-खो प्रतियोगिता

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय की मेजबानी में पहली बार कोई पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पवन कुमार पोद्दार ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 6 से 8 फरवरी 2025 को होना है। उन्होंने कहा की लगभग 35 से 40 विश्वविद्यालय की महिला दलों के इस प्रतियोगिता में भाग लेने की संभावना है। इनके बीच पहले नॉकआउट और बाद में लीग पद्धति से विश्वविद्यालय के मुख्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ज्ञातो की इससे पूर्व मे विश्वविद्यालय ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन किया था। लगभग 4 वर्षों के बाद यह पहला अवसर होगा जब किसी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया विश्वविद्यालय के मुख्यालय परिसर में किया जाएगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पवन कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में एक कोर आयोजन समिति का गठन किया गया। उक्त समिति में विश्वविद्यालय के वित्त सलाहकार श्री अखिलेश शर्मा, छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मिथिलेश कुमार सिंह, सीसीडीसी किशोर कुमार गुप्ता, विज्ञान के संकायअध्यक्ष डॉ एच एन सिनहा, कुलसचिव डॉ सादिक रज्जाक, इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ विकास कुमार, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा, कॉमर्स के डॉ मोहम्मद मोख्तार आलम, आदर्श कॉलेज, राजधनवार के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) विमल कुमार मिश्रा, आर के महिला महाविद्यालय, गिरिडीह के प्राचार्य डॉ मधुश्री सेन सान्याल, रसायन विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ प्रणिता, विभावि के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ जॉनी रुफिना तिर्की, वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार, अंग्रेजी विभाग के डॉ गंगानन्द सिंह, हजारीबाग के सदर अनुमंडल पदाधिकारी, खो-खो के राष्ट्रीय अंपायर श्री शुभम कुमार तथा खेल निदेशक डॉ राखो हरि को आयोजन सचिव के रूप में शामिल किया गया है।

### आदर्श विवाह करने पर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन उनके माता-पिता को करेगा सम्मानित




**बड़कागांव :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के अशोक नगर रांची देसी ढाबा में एक बैठक में निर्णय लिया गया कि साहू समाज में आदर्श विवाह करने पर दोनों विवाहित जोड़ी एवं उनके माता-पिता को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि समाज में तिलक, दहेज एक बीमारी बन गया है इस बीमारी को खत्म करने की जरूरत है। समाज में जो व्यक्ति आदर्श विवाह बिना तिलक दहेज लिए अगर विवाह अपने लड़के लड़कियों को करता है तो उसे पूरा समाज में सम्मानित किया जाएगा। वहीं प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साहू ने कहा कि समाज में एकता बनाए रखने की बहुत जरूरत है और अपने समाज में दहेज प्रथा बहुत खतरनाक है, इसे जड़ से मिटाना होगा। दहेज मुक्त शादी करने पर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन पूरे वैश्य समाज को सम्मानित करेगा। हजारीबाग जिलाअध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि कन्यादान महादान है इससे बढ़कर कोई दान नहीं होता। आवश्यकता है समाज अपने भूल को स्वीकार करें दहेज मुक्त विवाह को स्वीकार करें जिससे समाज का उत्थान हो। जिला उपाध्यक्ष अशोक साव ने कहा कि दहेज प्रथा अभिशाप है इसे अति शीघ्र समाप्त करने की आवश्यकता है। बेटी घर की लक्ष्मी स्वरूप होती है माता-पिता बेटियों को पूर्ण शिक्षा अवश्य दें। मौके पर मुख्य रूप से हरिनाथ साहू, केदार साव, प्रियंका कुमारी, रामविलास साहू, रणधीर साहु, दिलीप साव, बैजनाथ साहू, उपेंद्र साव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### मिथिला मंच का पंचांग विमोचन समारोह 25 को

**रांची :** झारखंड मिथिला मंच के तत्वावधान में मंच के स्थापना दिवस पर 25 दिसंबर को रक्तदान शिविर, चिकित्सा परामर्श और कैलेंडर सह पंचांग का विमोचन अरगोड़ा स्थित लेक गार्डेन में होगा। मंच के मीडिया प्रभारी संजीत झा ने गुरुवार को बताया कि इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। साथ ही मंच के तत्वावधान में 12 और 13 अप्रैल 2025 को दो दिवसीय मिथिला महोत्सव मनाया जायेगा। इस बार दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, दरभंगा, मधुबनी और सहरसा के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर डॉ आनंद शेखर झा, संतोष झा, सतीश झा, सुनील झा, सर्बजीत चौधरी, संतोष मिश्रा, भवानंद झा, मनोहर झा, निशा झा, ममता झा, उषा पाठक सहित अन्य जुटे हुए है।

### बाबूलाल मरांडी ने क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि दी है। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

### एनएसयूआई ने गृहमंत्री का पुतला जलाया

**रांची :** झारखंड में एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) ने गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर गृहमंत्री अमित शाह का पुतला जलाकर संविधान निमार्ता डॉ। भीमराव अंबेडकर जी का सांसद भवन में अपमान किए जाने के खिलाफ विरोध प्रकट किया। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने इस मौके पर कहा कि यह देश बाबा साहब का देश है, नाथूराम गोडसे का नहीं। उनका अपमान करना संविधान का अपमान है। यह देश संविधान से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं। इसलिए देश के गृहमंत्री जी को माफी मांगनी चाहिए। विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई के कई वरिष्ठ नेता भी भी उपस्थित थे, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष विनय ओरण, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा, नसीम रजा, प्रदेश महासचिव वजाहत, प्रदेश सचिव हुसैन अंसारी, आकाश कुमार, शम्स बेलाल, अंकिता शेखर, सरवर, सरफराज, गुलशन, अरुण दास, आर्यन, रोहित, नितेश, सन्नी आदि शामिल थे।

### राहुल गांधी ने भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को तार-तार किया : संजय सेठ

**रांची :** रांची से भाजपा सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने गुरुवार को भारतीय लोकतंत्र को तार-तार कर दिया। यह प्रतिक्रिया उन्होंने संसद परिसर में हुई एक घटना के संदर्भ में दिया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत के साथ धक्कामुकी की गई, जिसमें उन्हें चोटें आईं। संजय सेठ ने इस घटना की निंदा करते हुए एक बयान में कहा कि राहुल गांधी निराश और हताश हैं। यह वही लोग हैं जो संविधान का सम्मान नहीं करते और आज का ये ताजा उदाहरण सबके सामने है। उन्होंने कहा कि इस तरह का व्यवहार लोकतंत्र के लिए एक काला दिन है और भारतीय संसद में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि दो वरिष्ठ सांसदों के साथ धक्का देकर जो हुआ, उसकी जितनी भी निंदा की जाए, कम है।

### दीपिका पांडेय ने समीक्षा बैठक में ली प्रगति रिपोर्ट और आगे की रणनीति पर की चर्चा

# इस वित्तीय वर्ष की योजनाओं को कम से कम समय में पूरा करें अधिकारी : मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। अधिकारियों से विभाग की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की गई और आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।



बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाना और उनकी गुणवत्ता में सुधार लाना था। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अहम दिशा निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं को लेकर गंभीरता से आगे बढ़े, अबुआ आवास योजना को लेकर आ रहे कठिनाइयों को दूर करे, किसको तीसरा किस्त नहीं मिला है उसकी जानकारी लेकर जल्द भुगतान करे, मनरेगा मजदूरी के बकाए भुगतान की अड़चने दूर हो, इस वित्तीय वर्ष की योजनाओं को कम से कम समय पर पूरा किया जाए। मंत्री दीपिका पांडे ने कहा विभाग में बहुत काम है सरकार ग्रामीण विकास को लेकर गंभीर है। वहीं दीपिका पांडे ने गुजरात में पांकी की बेटी के साथ घटी घटना के बारे में भी कहा। उन्होंने कहा कि उन्होंने गुजरात के मंत्री से मिलने का समय मांगा था लेकिन अंतिम समय में टाइम नहीं दिया गया। सरकार की तरफ से पीड़ित परिवार को 4 लाख का चेक और 50 हजार नगद दिया गया है,जरूरत पड़ने पर उसके इलाज का खर्च सरकार देगी। बता दें कि गुजरात के भरूच स्थित झघड़िया जीआईडीसी क्षेत्र में झारखंड की एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ था। जिसके बाद पीड़ित बच्ची का इलाज अंकलेश्वर अस्पताल से भरूच सिविल और फिर वडोदरा के एसएसजी अस्पताल में हो रहा है। मामले की जानकारी के उपरांत मुख्यमंत्री ने मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में टीम को वडोदरा भेज बच्ची को मदद पहुंचाया।

### चार साल के बच्चे के साथ ड्राइवर ने की गंदी हरकत, मामला दर्ज

**रांची :** रांची के बीआईटी मेसरा थाना क्षेत्र में एक 4 साल के बच्चे के साथ वैन ड्राइवर द्वारा यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। घटना बीआईटी मेसरा थाना क्षेत्र के स्पेक्ट्रम ग्लोबल स्कूल की है। बच्चा नर्सरी क्लास में पढ़ता है। पीड़ित बच्चे की मां ने बीआईटी मेसरा टीओपी में शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता की मां ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले स्कूल के प्रिंसिपल से इसकी शिकायत की। लेकिन उनकी तरफ से किसी तरह का सहयोग और कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्हें मेसरा टीओपी में शिकायत दर्ज कराने के लिए 2 दिनों तक परेशान होना पड़ा।

## हाई कोर्ट ने साहिबगंज जलापूर्ति मामले में सरकार को फ्रेश स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** साहिबगंज में पेयजलापूर्ति के संबंध में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को फ्रेश स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर अदालत को बताया गया कि साहिबगंज पेयजलापूर्ति में जो ठेकेदार काम कर रहे थे। वह इस कार्य को गति नहीं दे पा रहे थे। इस कारण उन्हें हटा दिया गया है और काम पूरा करने के लिए फ्रेश टेंडर जारी किया गया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद नए ठेकेदार को कार्य आवंटित होने के बाद जल्द ही साहिबगंज में पेयजल जलापूर्ति योजना को पूरा किया जाएगा।





हाई कोर्ट की अदालत ने राज्य सरकार के जवाब को देखते हुए मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2025 निर्धारित की है। गुरुवार को साहिबगंज में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना के शीघ्र चालू करने को लेकर दायर सिद्धेश्वर मंडल की जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट की अदालत ने सुनवाई की। शिकायतकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव शर्मा एवं अधिवक्ता ओम प्रकाश ने पक्ष रखा।

इससे पहले की सुनवाई में हाई कोर्ट की अदालत ने साहिबगंज में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना पूरी होने में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। अदालत ने मौखिक कहा था कि चाहे एग्जीक्यूटिव इंजीनियर हो या चीफ इंजीनियर या इंजीनियर इन चीफ या फिर ठेकेदार हो जिनके कारण साहिबगंज में जलापूर्ति योजना पूरी नहीं हो पाई है उन पर कार्रवाई करें। कोर्ट ने मौखिक कहा था कि पानी लोगों की मूलभूत जरूरत होती है इसके बिना सामाजिक दायित्व पूरा होना असंभव है। गुड गवर्नेंस के तहत राज्य सरकार को प्राथमिकता के आधार पर साहिबगंज हो या पाकुड़ हो या मेदनीनगर हो, यहां के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना होगा।

वहीं, महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि साहिबगंज में पेयजलापूर्ति योजना के लिए रेलवे से एनओसी मिल चुका है, तीन माह में साहिबगंज में पेयजल योजना में काफी प्रोग्रेस नजर आने लगेगा।कई जगहों पर पाइपलाइन भी बढ़ा दिया गया है, पाइपलाइन का कुछ काम बचा हुआ है जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

## छेड़खानी रोकने के लिए महिला शिक्षण संस्थानों के आसपास से हटाये जा रहे ठेला, खोमचा और गुमटी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची में छेड़खानी रोकने के लिए प्रशासन सख्त कदम उठा रहा है। शहर में महिला शिक्षण संस्थानों के आसपास से ठेला, खोमचा और गुमटी हटाये जा रहे हैं। आपको बता दें कि छेड़खानी मामले में शिकायत के बाद लापरवाही बरतने के आरोपी में अबतक 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड हो चुके हैं। स्कूली छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में शिकायत मिलने के बावजूद कार्रवाई नहीं करने के आरोप में कोतवाली थाना प्रभारी सह रंजीत कुमार सिन्हा को बुधवार को निलंबित कर दिया गया था।

छेड़खानी प्रकरण में अबतक 2 थाना प्रभारी, 2 मुंशी और 2 एएसआई सहित कुल 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है। बता दें कि अपर बाजार थाना कोतवाली क्षेत्र में मारवाड़ी कन्या विद्यालय में लड़कियों के साथ छेड़खानी मामले में जब स्कूल प्रबंधन के द्वारा कोतवाली थाना और महिला थाना को सूचना दी गई थी तो वहां के कर्मियों एवं पदाधिकारी ने संवेदनशीलता नहीं दिखाई।

इस अकर्मण्यता एवं लापरवाही के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चन्दन कुमार सिन्हा ने महिला थाना प्रभारी पिंकी साव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा कोतवाली थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक रंजीत कुमार सिन्हा के निलंबन एवं विभागीय के कार्यवाही की अनुशंसा पुलिस उपमहानिरीक्षक, रांची क्षेत्र से की है।

## रांची में 102 केंद्रों पर माध्यमिक और 57 पर होगी इंटरमीडिएट की परीक्षा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के लिए परीक्षा केंद्र के चयन को लेकर रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को समिति की बैठक की। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रांची तृप्ति कुमारी, अध्यक्ष जिला मदरसा संघ, अध्यक्ष रांची जिला इंटरमीडिएट शिक्षक संघ, अध्यक्ष रांची जिला संस्कृत शिक्षक संघ एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

डीसी ने माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के लिए निर्धारित केंद्रों की प्रखंडवार एवं अनुमंडलवार समीक्षा की। माध्यमिक परीक्षा-2025 के लिए 102 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं, जबकि 314 स्कूलों के 3813 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे।

इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के लिए प्रखंडवार एवं अनुमंडलवार 57 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। सभी परीक्षा केंद्र रांची, बुंडू, खलारी व सिल्ली अनुमंडल में बनाए गए हैं। 115 स्कूलों के 42121 छात्र इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे।

# कांग्रेस ने आंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में अमित शाह का किया पुतला दहन, निकाला मार्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भीमराव आंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में विरोध मार्च निकालकर प्रदर्शन किया गया और अमित शाह का पुतला दहन किया गया।

केशव महतो कमलेश ने कहा कि संविधान भारत के लोकतंत्र की आत्मा है जिसके शिल्पकार बाबा साहब हैं। ऐसे महान विभूति को



अपमानित करना लोकतंत्र के पीठ में खंजर घोंपने के समान है। भाजपा देश के नागरिकों के वर्तमान संविधान को समाप्त कर आरएसएस के विचारकों द्वारा तैयार संविधान को लागू करना चाहती है। कहा, भाजपा संघ के विधान को लागू करना चाहती है, इसके शुरूआती चरण में बाबा साहब का अपमान कर भूमिका तैयार की जा रही है। आरएसएस के निदेशों पर चलने वाली भाजपा अपने जन्म काल से ही देश के संविधान और तिरंगे की घोर विरोधी रही है। ये संविधान के जनक का सम्मान कैसे कर सकती है। अमित शाह ने बाबा साहब का अपमान ही नहीं किया बल्कि समस्त दलित समुदाय सहित करोड़ों देशवासियों के आत्म सम्मान पर गहरी चोट की है। दलित समुदाय का वोट प्राप्त करने के लिए सिर्फ चुनाव के समय दलितों के हितों की बात करने वाली भाजपा के दोहरे चरित्र का खुलासा हो गया है।

पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी राजीव रंजन प्रसाद,रविंद्र सिंह, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आभा सिन्हा, अमूल्य नीरज खाल को ,आलोक कुमार दूबे, सोनाल शांति,केदार कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, डॉ0 राजेश गुप्ता, अभिलाष साहु, राजन वर्मा, वशिष्ठ लाल पासवान, केके गिरि,नेली नाथन, डॉ राकेश किरण महतो, डॉ कुमार राजा, हुसैन खान, योगेन्द्र सिंह बेनी, नीतू देवी, सत्यनारायण सिंह, आशुतोष पाठक, पुजा देवी, ममता साहु, बेबी देवी, सदाब खान, अनिल अरांव, गुलाम रब्बानी, गौरव सिंह, कुलदीप रवि, छोटू सिंह, जगरन्नाथ साहु आदि सैकड़ो कांग्रेसजन शामिल थे।


## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल संत जेवियर्स स्कूल में आयोजित क्रिसमस सेलिब्रेशन में हुए शामिल



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि क्रिसमस का पर्व प्रभु ईसा मसीह का जीवन प्रेम, करुणा और सेवा का संदेश देता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सच्ची खुशी दूसरों की सेवा और आत्मीयता में निहित है। राज्यपाल गुरुवार को डोरंडा स्थित संत जेवियर्स स्कूल में 'क्रिसमस सेलिब्रेशन' के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। उन्होंने क्रिसमस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व हमें सिखाता है कि चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों, सत्य, ईमानदारी और परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सच्ची सफलता व्यक्तिगत उन्नति में नहीं, बल्कि समाज और मानवता की सेवा में है। राज्यपाल ने संत जेवियर्स स्कूल परिवार को 'क्रिसमस सेलिब्रेशन' के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और सभी को क्रिसमस और नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं।

### उपायुक्त ने की अनुकम्पा समिति की बैठक



**रांची :** रांची के उपायुक्त और जिला अनुकम्पा समिति के अध्यक्ष मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरुवार को समाहरणालय में अनुकम्पा समिति के आधार पर नियुक्ति सम्बंधित बैठक आयोजित की। इस दौरान सामान्य और उग्रवादी हिंसा में मारे गए लोगों के आश्रित से संबंधित जिला अनुकम्पा समिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला अनुकम्पा समिति के जरिये निम्न रूपेण प्रस्तावों में नियुक्ति की अनुशंसा की गई। उग्रवादी घटना में मारे गए लोगों के आश्रितों में कुल एक नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई। जिला अनुकम्पा समिति सामान्य में कुल चार की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई। साथ ही उपायुक्त की ओर से कुछ मामलों में सम्बंधित कार्यालय प्रधानों से प्रतिवेदन की मांग गई है।

### एबीवीपी ने छेड़खानी मामले को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि प्रशासन से की कार्रवाई की मांग



**रांची :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में एक छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला गुरुवार को सामने आया है। जूलॉजी विभाग की छात्रा ने पीएचडी स्कॉलर के ऊपर यह आरोप लगाया है कि विभाग की कई छात्राओं के साथ वह छेड़छाड़ करता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस मामले को विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने रखा और यह मांग की कि जांच कमेटी बनाकर तीन दिन के भीतर सच्चाई को सामने लाया जाए और निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करते हुए दोषी को कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा ना हो। एबीवीपी ने यह भी कहा कि अगर आरोपी पर लगाया गया आरोप सही पाया जाता है तो पुलिस प्रशासन को सूचित किया जाए।

### झारखंड के 1.36 लाख करोड़ मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से किये सवाल



**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पर निशाना साधा है। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर सवाल पूछते हुए कहा है कि झारखंड के 1.36 लाख करोड़ कोयला रॉयल्टी के दावे पर जनता को सच्चाई जानने का हक है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सवाल पूछा कि यह बकाया किस-किस साल की है और किस-किस योजना-परियोजना कै है? 1.36 लाख करोड़ की राशि का आधार क्या है? यूपीए शासनकाल और शिबू सोरेन के कोयला मंत्री रहते हुए कितनी राशि वसूली गई थी? मरांडी ने कहा कि इस मामले में पारदर्शिता क्यों नहीं है? झारखंड के भ्रष्टाचार से भरे इतिहास को देखते हुए, जनता सबकुछ जानना चाहती है। सही दस्तावेज और तथ्यों को पारदर्शिता के साथ सामने रखें तब बात करें। उन्होंने कहा कि झारखंड और झारखंडियों के हर अधिकार के लिए भाजपा खड़ी है, जहां भी जरूरत होगी हम आपके साथ खड़े होंगे, लेकिन झूठे आंकड़े और फर्जी दावे बर्दाश्त नहीं होंगे। सच्चाई पर चलिएगा तो हम हमेशा सहयोग के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बकाया-बकाया का हौव्वा खड़ा कर कहीं आप जानबूझकर आगे मंईयां सम्मान योजना की राशि देने में विफलता के दोषारोपण की भूमिका तो तैयार नहीं कर रहे? झूठी राजनीति छोड़िए, झारखंड के असली मुद्दों पर ध्यान दीजिए।

### बेथेसदा बालिका मध्य विद्यालय में क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन

**रांची :** बेथेसदा बालिका मध्य विद्यालय में बुधवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। सबसे पहले प्रार्थना की गई, फिर कार्यक्रम का शुभारंभ प्राची और खुश्बु द्वारा प्रस्तुत वंदना नृत्य से हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्या समिला खलखो ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जीईएल चर्च के महासचिव ईश्वरदत्त कंडुलना, सीआरसी सचिव अटल ईराद खेस, उप सचिव सुलेमान कंडुलना, सुदेश तिर्की, राइट रेव्ह जॉनसन लकड़ा, और डॉ. आसीसन तिडु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान, जीईएल चर्च के महासचिव ईश्वरदत्त कंडुलना ने क्रिसमस का संदेश देते हुए कहा कि परमेश्वर का आगमन होने वाला है। हमें इसकी तैयारी करनी चाहिए। यह यीशु का धरती पर आगमन पापों से छुटकारा दिलाने के लिए होगा। बच्चों ने इस अवसर पर मुंडारी, संथाली और कुडुख नृत्य प्रस्तुत किए। केजी कक्षाओं की छात्राओं ने सामूहिक रूप से 'मेरी क्रिसमस' और 'जिंगल बेल्स कितना सुहाना' के गीतों पर शानदार नृत्य किया।

# बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे : बुद्ध नारायण यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** देश के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन सिटी सेंटर सेक्टर 4 में राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव के नेतृत्व में किया गया। ज्ञात हो की राज्यसभा में अपने भाषण के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने जिस प्रकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर कहना अब फैशन हो गया है और इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक उसे स्वर्ग मिलता जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने कहा कि यह न केवल संविधान का अपमान है। बल्कि करोड़ों दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों तथा समाज के सभी वर्गों की महिलाओं का घोर अपमान है





जिन्हें बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से समानता सम्मानपूर्वक जीने और समाज में बराबरी का न्याय दिलाया है। प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर गरीबों दलितों पिछड़ों का भगवान है अगर बाबा साहब नहीं होते तो यह आरएसएस और बीजेपी वाले संविधान की जगह मनुस्मृति को ही संविधान बनाकर देश पर नफरती और दमनकारी शासन करते होते।युवा राजद प्रदेश महासचिव जितेंद्र नारायण यादव ने कहा कि अगर मोदी जी में थोड़ी भी नैतिकता बची है तो अमित शाह को बर्खास्त करते हुए देश की जनता से माफी मांगे क्योंकि हम लोग बाबा साहब का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे साथ ही देश के राष्ट्रपति से गृह मंत्री की बर्खास्तगी की मांग की गई. पुतला दहन कार्यक्रम में वरीय जिला उपाध्यक्ष सीताराम यादव प्रदेश नेता रमाकांत शाह मनोज यादव प्रदीप यादव कृष्ण यादव भारती जी गिरधारी साह प्रकाश यादव बिंदा राय आदि मौजूद थे ।

## एक नजर

### भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

**बोकारो :** भाजपा झारखंड प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार संगठन महापर्व( सदस्यता अभियान-2024) के निमित्त बालीडीह मंडल की सदस्यता अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है। जिसमें मुख्य रूप से सदस्यता अभियान के मंडल प्रभारी महेंद्र राय, सुनील गोस्वामी, उपेंद्र पांडेय उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अविनाश सिंह ने की। सदस्यता अभियान के प्रभारी महेंद्र राय ने बैठक को संबोधित भाजपाकरते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व की निर्देश पर सदस्यता अभियान 2024-2030 की बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान को गति देने की लिये 19 दिसंबर को मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान की बैठक आयोजित किया गया। सदस्यता अभियान की शुरूआत 22 दिसम्बर को सभी शक्तिकेन्द्र पर होगा। एक शक्तिकेन्द्र मे कम से कम 250 सदस्य बनाया जायेगा। बूथो पर 23 व 24 दिसम्बर को बूथ स्तर पर होगा। प्राथमिक सदस्य अभियान 22 से 14 जनवरी 2025 तक पूर्ण करना है।

### पानी कनेक्शन काटने के विरोध में लोगों ने किया सड़क जाम

**बोकारो :** पानी की मांग को लेकर सेक्टर 12 के पास लोगो ने किया सड़क जाम। बीएसएल के द्वारा पानी के पाइप लाइन की मरम्मत को लेकर पानी के कनेक्शन को काटे जाने के विरोध में किया जाम। बोकारो के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के दूंदीबाग से पुलिस लाइन की और जानेवाली सड़क को किया जाम। इस दौरान हंगामा भी खूब देखने को मिला। झुग्गी झोपड़ी वालो की मांग बीएसएल हमे पानी दे नही तो आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान कई गाड़ी और बाइक सवार पार होना चाहा जिसके साथ जाम कर रहे लोगो ने हंगामा किया। एक स्कूटी सवार महिला अपने बच्चे के साथ जाम स्थल पर सड़क पार करने की कोशिश की जिसके साथ भी जाम कर रहे लोगो के साथ धक्का मुक्की हो गई। जाम स्थल पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई तो कई स्कूल बस भी जाम में फंस गए लेकिन बोकारो पुलिस नदारत दिखी। जाम के कारण लोगो को दो चार होना पड़ रहा है। स्थानीय महिला ने कहा की हम सेक्टर 12 में झुग्गी झोपड़ी में रहते है जहां बोकारो स्टील प्रबंधन ने हमारा पानी का कनेक्शन काट दिया है। उन्होंने कहा की हमे पानी,बिजली जैसे मूलभूत जरूरतों को बीएसएल प्रबंधन के द्वारा दिया जाय, चाहे इसके लिए प्रबंधन पैसे ही क्यों न ले। हम पैसे देने के लिए तैयार है। स्थानीय लोगो का कहना है की हम बचपन से यहां रह रहे है अब जाए तो जाए कहां।

### खुलेआम सड़क किनारे फेंक दी गई जरूरत की दवाइयां

**बोकारो :** बोकारो में सड़क किनारे जिस तरह से खुले में जरूरत की दवाइयों को फेंक दी गई इससे पता चलता है कि कितना बेपरवाह होकर इस काम को अंजाम दिया गया है। लगभग कई ऐसी जरूरत की दवाइयां है जो पैकेट के पैकेट सिरप की बोतले जो कभी खुली नहीं ढक्कन पैक दवाइयां है बड़ी क्वांटिटी में खुले में फेंक दी गई बोकारो के चास अंतर्गत फोरलेन किनारे बड़ी मात्रा में फेंकी गई बहुत सारी दवाइयां एक्सपायरी हो चुकी है तो वही कई सारी दवाईयों पर एक्सपायरी से कुछ महीने बाकी हैं जिस तरह से दवाओं को फेंका गया है। खुले में इस तरह से बड़ी मात्रा में दवाइयां फेक देना अपराध की श्रेणी में आता है जिसको लेकर जिले के डीआई को भी इसकी जानकारी दी गई जानकारी पाते ही डीआई पुतली बिलुंग तुरंत इसकी जांच करने पहुंच गई और फेंके हुए दवाओं का सैंपल लेकर इसकी जांच करने की बात कही है।

## लोगों को फिर से मनोरंजन के लिए डिजनीलैंड मेला पूरी तरह से तैयार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो वासियों को फिर से लुभाने व मनोरंजन के लिए डिजनीलैंड मेला पूरी तरह से तैयार है। इस मेले का उद्घाटन बोकारो विधायक श्वेता सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी ने संयुक्त रूप से फीता काट एवं दीपोत्सव कर किया गया। इसके उपरांत विधायक ने स्वयं नव निर्मित कई स्टालो का भ्रमण किया एवं आयोजक मंडली को मेले की शुभकामनाएं दी। मेला आयोजक मुन्ना सिंह, रंजीत साह व विपल्व ने बताया इस मेले में मुख्य आकर्षण का केन्द्र स्विट्जरलैंड के थीम पर निर्मित स्टाल है। यहाँ लोगो को बर्फ का नजारा यहाँ देखने को मिलेगा। जो नगरवासियों को अपने ओर आकर्षित करेगा । उन्होंने कहा की इस मेले में बड़ों और बच्चों के लिए रायड्स में ब्रेक डांस, ड्रैगन ट्रेन, मिकी माउस टावर, टावर बुसी के साथ साथ अलग-अलग प्रकार के झूले होंगे। मेले में भारत के कोने-कोने से हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट के विभिन्न स्टॉल होंगे, जहां से नगरवासी अपनी मनचाहे सामानों की खरीदारी कर सकेंगे। खाने-पीने के भी कई स्टॉल लगाए जाएंगे।

## इलेक्ट्रो स्टील वेदांत के मजदूरों का दूसरे दिन भी अनिश्चितकाल धरना जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** इलेक्ट्रो स्टील वेदांत के डी आई पी में कार्यरत मजदूर वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर चल रही अनिश्चितकाल धरना दूसरे दिन भी गुरुवार को भागाबांध कुम्भाटांड़ फुटबॉल मैदान में जारी रही। कार्यरत मजदुरो ने कहा कि प्रबंधन वर्ता मे शतप्रतिशत मांगो को स्वीकार करतीहै लेकिन मांगो को आजतक पुरा नही करती है। सिर्फ. आश्वासन ही देती है। पुर्व मे प्रथम वर्ता 29 जनवरी 24, दुसरी वर्ता 28 जुन 24, तीसरा वर्ता 10 अक्टूबर 24 को कंपनी के सभा कक्ष व सियालजोरी थाना परिसर में हुआ था। जो आज तक पुरा नही किया गया। वाध्य हो कंपनी प्रबंधन की गलत निति के विरोध में अनिश्चित काल धरना पर बैठे है। यदि प्रबंधन समय रहते मांगो को पुरा नही करती हैं तो उग्र



आंदोलन तथा आरपार की लड़ाई होगी। डीआईजी म एक हजार मजदुर कार्यरत हैं जो धरना पर बैठे है।

**क्या है मांगे**

जो व्यक्ति मशीन ऑपरेटिंग करते हैं उसका बेसिक पेमेंट स्किल 2 ओर अलाउंस 100 रूपया देना सुनिश्चित करें। जो व्यक्ति नेसन का काम करते हैं उसका भी बेसिक पेमेंट स्किल 2 और अलाउंस 100 रूपया देना सुनिश्चित करें। जो व्यक्ति हुनमान रीगर का काम करते है उसका सेमी स्किल 2 और अलाउंस 100 रूपया देना सुनिश्चित करें। जो व्यक्ति हेल्पर में है उसका पेमेंट सेमी स्किल 1 और अलाउंस 100 रूपया देना सुनिश्चित करें। लिव कितना बचा है प्रत्येक माह पे स्लिप में जनरेट देना सुनिश्चित करें। जो जिस पद में काम कर रहा है, उसके आईडी कार्ड में लिखा होना सुनिश्चित करें। नाइट अलाउंस देना सुनिश्चित करें। ऊर्जा कर्मचारी को साल में एक न्यूनतम इंक्रीमेंट देने का सुनिश्चित करें। वीकली ऑफ डे का पेमेंट देना सुरक्षित करें। आईडी कार्ड का वैलिडिटी 12 महीने में रेनवल होना सुनिश्चित करें।

## बैंक मोड़ पहुंचना होगा मुश्किल आठ लेन के सहारे रांची का सफर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** बैंक मोड़ फ्लाईओवर की मरम्मत को लेकर एक साइड उसे बंद करने की तैयारी है। एक तरफ ट्रैफिक ब्लॉक कर दूसरे लेन से वाहनों का आना-जाना होगा, लेकिन उससे जाम की स्थिति बन सकती है। इसको देखते हुए वैकल्पिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने की तैयारी चल रही है। फ्लाईओवर में ट्रैफिक ब्लॉक होने पर बैंक मोड़ पहुंचना मुश्किल होगा। वहीं बोकारो-रांची जाने के लिए आठ लेन सड़क शहर के लोगों को बेहतर विकल्प मिलेगा। पथ प्रमंडल विभाग ने बैंक मोड़ ओवरब्रिज की मरम्मत के लिए जिला प्रशासन से अनुमति मांगी है। डीसी की अनुमति के बाद ही उसे एक तरफ से बंद करने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैंक मोड़ जाने के लिए प्रशासन ने जो वैकल्पिक मार्ग तय किया है, वह हटिया मोड़-पार्क मार्केट चौक, बरमसिया फाटक होते हुए हावड़ा मोटर तक है। इस रास्ते से बैंक मोड़ पहुंचने के लिए कई जगहों पर ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ेगा। इसकी शुरूआत हीरापुर हटिया के समीप से शुरू होगी जहां आज भी सड़कों पर अतिक्रमण किया हुआ है। नगर निगम ने उसे हटाया लेकिन 24 घंटे बाद फिर से वही स्थिति है। अतिक्रमण हटाए बिना निर्बाध ट्रैफिक व्यवस्था रखना बड़ी चुनौती है। मनईटांड़ के रास्ते में भी भयंकर होगा ट्रैफिक जाम : झरिया जाने वाले लोग भी पार्क मार्केट-हावड़ा मोटर सड़क मार्ग को पकड़ेंगे। इस रास्ते में मनईटांड़ के समीप बाजार में भयंकर जाम की स्थिति का सामना करना होगा। वहीं हावड़ा मोटर चौक के समीप भी सड़क इतनी सकरी है कि यहां भी लोगों को जाम झेलना होगा। भूली-वासेपुर के लोगों को दस किमी तय कर जाना होगा बैंक मोड़ः भूली और वासेपुर में रहने वाले लोग अगर बैंक मोड़ जाना चाहें, तो उन्हें भी वैकल्पिक मार्ग के लिए पार्क मार्केट की सड़क पकड़नी होगी और इसकी दूरी लगभग दस किलोमीटर हो जाएगी। कोई दूसरा रास्ता इस क्षेत्र के लोगों के पास नहीं है।

## अमित शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कांग्रेस ने की माफी की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता जी के नेतृत्व में बिरसा चौक नया मोड़ बोकारो में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी करने के विरोध में बोकारो कांग्रेसजनों द्वारा पुतला दहन करते हुऐ जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके पर गुप्ता विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि अमित शाह ने सांसद में जो कहा, वह बेहद निंदनीय हैं,बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी कड़ी शब्दों में निंदा करते हैं।उन्होंने दलितों और देश के नायक का अपमान करने और मखौल उडाने कि कोशिश की। हमारा देश आजादी का 75वां साल मना रहा हैं, जिसके ऊपर हो रही चर्चा में देश के गृह मंत्री अमित शाह जी बाबासाहेब अम्बेडकर के लिए बेहद अपमानजनक बातें कर रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि : आप लोग जितनी बार अम्बेडकर का नाम लेते हैं, इतनी बार अगर भगवान का नाम लेते तों आपको सात जन्मो तक स्वर्ग मिल जाता। बीजेपी आरएसएस के लोग संविधान को नहीं मानते हैं। ये लोग मनुस्मृति को मानने वाले लोग हैं, क्योंकि उसी में स्वर्ग-नर्क और जातियों के बारे में कहा और लिखा गया हैं। बाबासाहेब के लिए की गईं बाते अपराध हैं, जिसके लिए देश उनसे माफी की उम्मीद करता हैं।लेकिन बजाए माफी मांगने के मोदी सरकार और पूरा तंत्र उन्हें बचाने में लगा हुआ हैं।

## राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के तहत वन विभाग ने किया कार्यशाला का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** तेजी से बदल रहे पर्यारण का प्रभाव सबसे अधिक किसानों और ग्रामीण समुदाय पर देखने को मिल रहा है। ऐसे में समय रहते इन्हें इससे बचाव के तरीकों के बारे में भी सजग करना होगा। इसी सोच के साथ गुरूवार 19 दिसंबर को पेटरवार के वन विश्रामागार में वन विभाग के साथ असर, एसआईडीएचए और पंच सफर नामक संस्था के संयुक्त प्रयास से एक कार्यशाला जलवायु परिवर्तन और हमः एक पहल समाधान की ओर का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में पेटरवार और आसपास के इलाकों से वन रक्षा समिति से जुड़े लोग और पंचायत प्रतिनिधि



शामिल हुए। मौके पर पर बतौर मुख्य अतिथि एपीपीसीएफ रवि रंजन ने कहा कि नेशनल मिशन ऑन स्ट्रैटेजिक नॉलेज फॉर क्लाइमेट चेंज से पूरे झारखंड में 25,000 हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को आगामी पांच साल में पूरा किया जाएगा। पर्यावरण के हर क्षण बदलते हालात के बारे में उन्होंने कहा कि दुनियाभर में इसका असर देखा जा रहा है। सऊदी में बर्फबारी तो पाकिस्तान में बाढ़ आने लगा है। झारखंड भी इससे अछूता नहीं रहा है। इसरो के एक रिसर्च का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि झारखंड का 69 प्रतिशत इलाका मरुस्थल में तब्दील होने के कगार पर जा रहा है। यही वजह है कि पानी की किल्लत राज्य में देखी जा रही है। पानी को रोकने का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा, औद्योगिकरण के कारण धरती का तापमान 1।1 डिग्री बढ़ गया है। इससे बरसात के समय में तेजी से बदलाव हो रहा है। खतरा दरवाजे पर आए, उससे पहले सचेत होने की आवश्यकता है। इसके लिए वर्कशॉप के इतर जो असली काम होना है, वो गांव में, गांव के लोगों के द्वारा ही किया जा सकता है। जंगल के साथ रहनेवाले लोग ही इसे बचाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। मौके पर बोकारो के डीएफओ रजनीश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के तहत राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन के लिए रणनीतिक ज्ञान मिशन (एनएमएसकेसीसी) संचालित होता है। इसकी शुरूआत साल 2008 में हुई थी। इसका उद्देश्य है जलवायु परिवर्तन के बचाव के विभिन्न उपायों के बारे में ग्रामीणों को बताया जाए, साथ ही इस संबंध में स्थानीय स्तर पर चल रहे पहल को उनसे समझा जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी संस्था असर के मुन्ना झा, इश्तियाक अहमद, एसआईडीएचए के हेमंत कुमार, गुलाबचंद्र, मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गृह मंत्री अमित शाह के बयान के खिलाफ हाड़ी समाज ने किया विरोध प्रदर्शन



**धनबाद :** बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर पर किए गए गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा विवादित टिप्पणी के खिलाफ गुरुवार को हाड़ी समाज ने संयुक्त रूप से अमित शाह का रणधीर वर्मा चौक पर पुतला जलाया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर पर टिप्पणी कर गृहमंत्री अमित शाह ने ओछी मानसिकता का परिचय दिया हैं। भारतीय संविधान के रचयिता पर ऐसा बयान अशोभनीय हैं। पार्टी इसकी घर निंदा करती हैं। बाबा साहेब पर निंदनीय टिप्पणी को नहीं सहेंगे। वक्ताओं ने कहा कि अविलम्ब अमित शाह को गृहमंत्री के पद से हटाया जाना चाहिए। पुतला दहन कार्यक्रम में राजू प्रसाद हाड़ी,अजय हाड़ी, कार्तिक प्रसाद हाड़ी, मनोज हाड़ी, कार्तिक हाड़ी, मनु हाड़ी, भोला हाड़ी, संजय हाड़ी, प्रकाश हाड़ी, दिनेश हाड़ी, मनोज हाड़ी, राम प्रसाद, पाजी हाड़ी, विकाश हाड़ी, सिद्धार्थ उपस्थित हुए।

### एसएसएनएमएस इंटर कॉलेज में मुख्य सचेतक का बुके व शाल देकर किया स्वागत



**तेतुलमारी (धनबाद) :** शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में टुंडी विधायक सह सत्ता पक्ष के मुख्य सचतेक व महाविद्यालय के सचिव मथुरा प्रसाद महतो का अभिनंदन सह स्वागत प्राचार्य डॉ अरुण कुमार महतो ने उन्हें बुके व शाल देकर स्वागत किया। महाविद्यालय एवं विद्यालय के शिक्षक कर्मचारियों ने विधायक महतो का स्वागत किया। विधायक महतो ने आभार प्रकट किया। मौके पर भागवत वक्ता सुरेंद्र हरिदास, डॉ गौरांग भारद्वाज, प्राचार्य शिबू सोरेन डिग्री कॉलेज टुंडी प्रो मोकितउद्दीन, प्रो रमेश प्रसाद, प्रो समीर कुमार महतो, प्रो अविनाश कुमार, प्रो कल्पना कुमारी, प्रो राखो हरी महतो, प्रो मनोज कुमार महतो, प्रो राजू महतो, प्रो मेघनाथ महतो, प्रो राकेश कुमार महतो, प्रो दिनेश मधेशिया, प्रो राजकुमार प्रसाद, प्रो पंचानन सिंह चौधरी, प्रो शेखर महतो,प्रो चमन महतो, प्रो राजकुमारी, गोविंद महतो, राजीव रंजन, तपन महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



**धनबाद :** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान (2024) कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजगंज मंडल की बैठक राम जानकी मंदिर ठाकुरबारी राजगंज में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ने किया व संचालन गौतम साव धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्मण कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान को बुथ स्तर में और व्यापक रूप चलाने, सक्रिय सदस्य बनाने, 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेई का जन्म शताब्दी मनाने, सक्रिय सदस्य बनाने एवं बुथ कमेटी को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से टुंडी विधानसभा भाजपा के पूर्व प्रत्याशी विकास महतो, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह इस कार्यक्रम के प्रभारी बलदेव महतो, रमेश महतो, नीलकंठ रवानी, आशुतोष पाल, सूरज सोनी, शंकर महतो,अजय साहनी, लखी चंद्र रजवार, सपन पंडित, अजय राम, मितेंद्र दुबे,रणवीर चौबे, सुनील साव, मनोज महतो, फटीक चौधरी, सुबोध शर्मा, सिंकु पाण्डेय,मनजीत तिवारी,असीम दत्ता, अरुण हेबरम, सुरेश तिवारी, डब्लू सिंह, धीरन रवानी, विजय चौहान, हजारी प्रसाद साव, दुखन पाल, अशोक कुमार निषाद, सुबोध गोरायी, चंद्रभान प्रसाद, संजय राम मोहरी, नरेश सिंह, संजय चौधरी, अल्सा सोरेन, विकल मलिक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रगणक व अनुश्रवण समिति के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण



**धनबाद :** नगर आयुक्त रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को न्यू टाउन हॉल में वार्ड वार प्रतिनियुक्त प्रगणक एवं वार्ड स्तरीय अनुश्रवण समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में नगर आयुक्त ने कहा कि नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2024 के निमित्त पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण के लिए नगर निगम के 55 एवं चिरकुंडा नगर परिषद के 21 वार्ड में प्रगणक द्वारा डोर टू डोर सर्वे किया जाना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों को सावधानीपूर्वक और ध्यान से वोटर लिस्ट का वार्ड वार विखंडीकरण करने और डोर टू डोर सर्वे कर त्रुटि रहित प्रपत्र 1 सहित अन्य प्रपत्रों को भरने का प्रशिक्षण दिया गया।? साथ ही निवर्तमान वार्ड पार्षद, वार्ड सुपरवाइजर एवं वार्ड में कार्यरत एक सरकारी कर्मी के साथ गठित तीन सदस्यीय वार्ड स्तरीय अनुश्रवण समिति के सदस्यों को प्रतिदिन सर्वे की निगरानी रखने और प्रगणकों को सहायता करने का अनुरोध किया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि सभी प्रगणकों को 31 दिसंबर 2024 तक सर्वे पूरा कर लेने के लिए निर्देशित किया है। इसके बाद दावा आपत्ति के लिए 7 दिन रहेंगे। उन्होंने सभी प्रगणकों को अपनी पूरी क्षमता के साथ सर्वे करने और निर्धारित समयावधि में सर्वे पूरा करने का अनुरोध किया। प्रशिक्षण में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा, प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, पुरुषोत्तम कुमार सिंह के अलावा धनबाद, बाघमारा, एगारकुंड एवं बलियापुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, धनबाद, बाघमारा, झरिया, पुटकी, एगारकुंड एवं बलियापुर के अंचल अधिकारी, सभी वार्ड के निवर्तमान पार्षद उपस्थित थे।

## एक नजर

### भाजपा महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

**अनगड़ा** : अनगड़ा में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो की अध्याछता में बैठक रखी गई बैठक सदस्यता अभियान संगठन महापर्व कार्यशाला बैठक किया गया। जिसमें जिला कमिटी ओर प्रखंड कमिटी के लोग सामिल हुए सभा को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि संगठन ही पार्टी की रीढ़ होती हैं। हम सभी को मिलकर सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प ले आगे ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेश साहू ने कहा कि पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता को मिलकर मिशन 2024 –30 को लेकर कर गांव गांव में जाकर सभी लोग सदस्य बनाने का करे तभी संगठन को मजबूत कर सकते है।

### सदस्यता अभियान को लेकर सरिया मंडल की हुई बैठक

**सरिया (गिरिडीह)** : भाजपा के संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तहत गुरुवार को कोयरीडीह मंडल व सरिया मंडल की अलग अलग बैठक हुई। कोयरीडीह मंडल की बैठक बंदखारो पंचायत भवन में हुई जबकि सरिया मंडल की बैठक मंडल धर्मशाला में हुई। बैठक में बतौर प्रभारी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रीता प्रसाद माथुर उपस्थित थी। इन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, इस पार्टी की कार्यशैली से प्रभावित हजारों लोग इससे जुडे के इच्छुक हैं इसलिए सभी कार्यकर्ता घर घर जायें और लोगों को ऐप्प द्वारा भाजपा की सदस्यता दिलायें।

# वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर जारी है ग्रामीणों का विरोध, सीओ ने दिया अल्टीमेटम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : रामगढ़ जिले के गोबरदहा गांव में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार जारी है। गुरुवार को पुलिस फोर्स और मशीन के साथ जब अधिकारियों के टीम वहां पहुंची तो ग्रामीणों ने एक बार फिर इस प्रोजेक्ट को शुरू करने से मना कर दिया। करोड़ों रुपए की लागत से गोबरदहा गांव में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाना है। यहां पतरातु डैम से पानी लाकर उसे फिल्टर किया जाएगा। इसके बाद रामगढ़ नगर परिषद और छावनी परिषद क्षेत्र में घर-घर सप्लाई किया जाएगा। ग्रामीणों के द्वारा लगातार इस मुद्दे पर विरोध किया जा रहा है कि गंदे पानी को फिल्टर करने के दौरान उस इलाके में गंदगी का अंबार लग जाएगा। साथ ही गांव का वातावरण प्रदूषित हो जाएगा। मौके पर पहुंचे रामगढ़ अंचल अधिकारी सुदीप एक्का ने ग्रामीणों को समझने का काफी प्रयास किया। साथ ही वहां कार्य शुरू करने के लिए सहमति देने की भी बात कही। घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उनकी बात नहीं मानी। इस दौरान अंचल अधिकारी से 48 घंटे का वक्त मांगा गया। अंचल अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण 48 घंटे के अंदर आपसी बैठक कर अपना निर्णय जिला प्रशासन के समक्ष रखेंगे। उनके निर्णय के आधार पर जिला प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा। गोबरदहा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 4.9 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। इसमें 23 एमएलडी पानी को फिल्टर कर उसका सप्लाई किया जाएगा। रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के 45000 घर और नगर परिषद क्षेत्र के 24000 घरों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। यह पूरा प्रोजेक्ट 205 करोड रुपए का है। लेकिन ग्रामीणों की सहमति नहीं होने के कारण यह कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।

### जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



**सिल्ली/मुरी** : झारखंड सरकार जिला योजना अनाबद्ध निधि के अंतर्गत सिल्ली पूर्वी क्षेत्र के बिसरिया पंचायत के कुटाम गांव में कृष्णा मुंडा के घर के सामने गुरुवार के दिन सिल्ली पूर्वी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी ने 460 फीट पीसीसी पथ का शिलान्यास किया जिसकी कुल लागत लगभग 9 लाख रुपए है। जिप सदस्य ने बताया कि इस पीसीसी पथ निर्माण की मांग ग्रामीणों के द्वारा काफी लंबे समय से किया गया था जिसको आज विकास की कड़ी में पूरा कर दिया गया। जिप सदस्य ने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा के अंदर ही काम पूरा करने को कहा तथा ग्रामीणों से भी सहयोग करने की अपील की। ग्रामीणों ने जमींदाता कृष्णा सिंह मुंडा और कर्मा महतो का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बिसरिया पंचायत की मुखिया जितनी देवी, झामुमो के प्रखंड प्रवक्ता फखरुद्दीन राय, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गोकुल महतो, अखिल महतो, अघनु मुंडा, नौशाद मोमिन, बसीर अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी,शेख मूसा, रऊफ अंसारी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# जेएसएससी सचिव सुधीर गुप्ता का वायरल ऑडियो की उच्च स्तरीय जांच कराकर तत्काल निलंबित किया जाय : देवेन्द्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : आंदोलन में लाठीचार्ज और झारखंड हाई कोर्ट द्वारा रिजल्ट रोक आदेश के बाद सचिव सुधीर गुप्ता का वायरल ऑडियो से साबित होता है कि एक संवैधानिक पद में होते हुए वह हाई कोर्ट के निर्देश का अपमान करने वाला, जेएसएससी नियमावली को तार तार करने वाला, दलाल का सपोर्टर, संविधान को अपमान करने वाला झारखंड विरोधी भ्रष्ट व्यक्ति है। कड़की ठंड में जेएसएससी सीजीएल एग्जाम धांधली का मामला का तापमान बढ़ता जा रहा है। जेएसएससी सीजीएल एग्जाम धांधली मामला पर माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सीआईडी जांच का आदेश दिया, माननीय हाई कोर्ट अगले आदेश तक रिजल्ट रोक का आदेश दिया हैं, तो वहीं इसी मामले पर सम्पूर्ण झारखंड के छात्र - छात्राएं छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में आंदोलन कर रहें हैं, नेतृत्वकर्ता देवेंद्र नाथ महतो पर पुलिस बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज कर गिरफ्तारी का मामला ठंड भी नहीं हुआ है और इधर जेएसएससी सचिव सुधीर गुप्ता का वायरल ऑडियो झारखंड में सनसनी फैला के रख दिया है। मामला पर छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आंदोलन में बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज तथा झारखंड हाई कोर्ट द्वारा रिजल्ट रोक आदेश के बाद जेएसएससी सचिव सुधीर गुप्ता का वायरल ऑडियो से साबित होता है कि एक संवैधानिक पद में होते हुए वह माननीय हाई कोर्ट के निर्देश का अपमान करने वाला, जेएसएससी नियमावली को तार तार करने वाला दलाल का सपोर्टर, संविधान को अपमान करने वाला झारखंड विरोधी भ्रष्ट व्यक्ति है। सुधीर गुप्ता संवैधानिक पद में होते हुए माननीय हाई कोर्ट के निर्देश का मजाक उड़ाते हुए हंसते हुए कह रहा है कोर्ट अपना काम करेगा आयोग अपना काम करेगा, कोर्ट छात्रों को मारकर भगाने बोला है क्या? कोर्ट का फैसला से आंदोलन करने वालों को खुश होने दो, सबको खुश रखने वाला काम करो, और तुम लोग लिख दो हम अरड बनकर रहेंगे। जब माननीय हाई कोर्ट ने रिजल्ट प्रकाशन से रोक लगाया है तो आखिर क्यों बोला कि कोर्ट को जो मन करने दो तुमलोग लिख दो हम अरड बनकर रहेंगे। रिजल्ट के साथ कट ऑफ से हमको मतलब नहीं है का बात से साफ साफ पता चल रहा है कि जेएसएससी का नियमावली को उलंघन करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया कर रहें हैं। ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल में सचिव सुधीर गुप्ता जी द्वारा छात्रों को दस लाख दे दो, प्रमाण पत्र जांच के लिए प्रमाण पत्र लौटाया होगा जाओ बाहर दलाल इंतजार कर रहें हैं, कितना आदमी फर्स्ट इंस्टॉलमेंट दिया इत्यादि बातों से पता चलता है कि सुधीर गुप्ता जी दलाल से सांठ गांठ हैं मिलीभगत हैं।

# अमित शाह द्वारा बाबा साहब पर की गयी टिप्पणी अपमानजनक : पूर्व विधायक





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया(गिरिडीह)** : गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डा. भीमराव अम्बेडकर के सम्बंध मे की गयी टिप्पणी के खिलाफ सरिया में भाकपा माले द्वारा गुरुवार को सरिया स्थित शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह स्मृति भवन से प्रतिवाद मार्च निकाला गया। प्रतिवाद मार्च पूरे सरिया बाजार से होते हुए झंडा चौक पर पहुंच नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए बगोदर के पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा कि देश के संविधान के मंदिर में बैठकर जिस तरीके से देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब के नाम को लेते हुए अपमान जनक टिप्पणी की है ये देश के संविधान और लोकतंत्र पर कुठाराघात है। हमारी पार्टी इसकी घोर निंदा करती है और ये मांग करती है कि गृह मंत्री अमित शाह को पूरे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए और अपने पद से इस्तीफा देनी चाहिए। बाबा साहब का अपमान नही सहेगा हिंदुस्तान। आर एस एस और भाजपा का यह रवैया संविधान विरोधी है जनता सब देख रही है और आने वाले वक्त में इसको करारा जबाब देने के लिए तैयार बैठी है। कार्यक्रम में जिला सचिव जनार्दन प्रसाद, नीरज कुमार, सीता राम सिंह, भोला मंडल, लालमणि यादव, पुरन महतो, पवन महतो, संदीप जयसवाल, सोनू पांडेय, रामदेव यादव, पूनम महतो, जयंती चौधरी, जिम्मी चौरसिया, सुबित मंडल, कामेश्वर यादव, अक्षय यादव, कुश कुमार, अमन पाण्डेय, केदार मंडल, विजय सिंह, मुरली रविदास समेत अन्य लोग शामिल थे।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय का शानदार रहा एसबीयू का प्लेसमेंट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : इस वर्ष भी सरला बिरला विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है। यह प्रक्रिया अब भी जारी है। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एसबीयू के 13 विद्यार्थियों का चुनाव प्रतिष्ठित वैश्विक फर्म अर्न्स्ट एंड यंग ने किया है। एसबीयू के विद्यार्थी इस फर्म के तकनीकी और गैर तकनीकी दोनों पदों पर कार्य करेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी, परामर्श और सलाहकार सेवाएं देने में अग्रणी अर्न्स्ट एंड यंग दुनिया भर में 150 से भी ज्यादा देशों में अपनी सेवाएं प्रदान करती है। इस फर्म में काम करने से एसबीयू के विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर हासिल होगा। इससे इन विद्यार्थियों के अभिभावकों में भी खुशी की लहर है। इस वर्ष टीसीएस, बिड़ला पेंट्स, श्याम स्टील,गोदरेज एंड बॉयस, एशियन पेंट्स, टीमकैन इंडिया, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, बजाज एलियांज, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, एचडीएफसी बैंक, वोडाफोन आइडिया, सीमेंट, इंडिया मार्ट, एवरेस्ट इंडस्ट्रीज, आदित्य बिरला सनलाइफ इत्यादि कंपनियों में विवि के विद्यार्थी अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं। इस अवसर पर विवि के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी है। संस्थान के छात्र-छात्राओं की सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने विवि के अकादमिक माहौल, अनुशासन और विद्यार्थियों की लगन और कड़ी मेहनत को इसका श्रेय दिया है। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, माननीय सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा, माननीय कुलपति (प्रभार) श्रीधर डांडीन एवं कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# कस्तूरबा स्कूल की छात्राओं ने किया ओसम डेयरी प्लांट का भ्रमण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**खूंटी** : उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्रा के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कर्रा की 46 छात्राओं ने ओसम डेयरी प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया। उपायुक्त ने इस यात्रा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि, छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा और प्रेरणा देने के लिए भविष्य में भी ऐसी शैक्षणिक यात्राओं की योजना बनाई जाएगी। ये दौरे न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाएंगे, बल्कि उन्हें अपने भविष्य को लेकर एक नई दृष्टि और आत्मविश्वास विकसित करने में सहायता करेंगे। इस दौरे में छात्राओं ने डेयरी प्रक्रिया जैसे पाश्चराइजेशन, गुणवत्ता परीक्षण और अन्य वैज्ञानिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। पहली बार, छात्राओं ने विज्ञान के सिद्धांतों को किताबों से बाहर वास्तविक रूप में देखा। यह दौरा विज्ञान की छात्राओं को प्रेरित करने और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। ओसम डेयरी प्लांट के अधिकारियों ने छात्राओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें विभिन्न प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया। इस शैक्षणिक यात्रा ने छात्राओं को उनके पाठ्यक्रम से परे जाकर औ?द्योगिक और वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को जानने-समझने का अवसर प्रदान किया। सम्पूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम, उपायुक्त के मार्गदर्शन में खूंटी जिला प्रशासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बहुमुखी विकास के लिए अवसर प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत न केवल शैक्षणिक गतिविधियां, बल्कि छात्राओं के समग्र विकास के लिए तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी शामिल हैं।

### जनवरी में दो दिवसीय मेला में रंगारंग कार्यक्रम का होगा आयोजन

**सिल्ली/मुरी** : मकर सक्रांति मेला ( बकलादह ) के शुभ अवसर पर ग्राम हरिडीह, हाकेदाग, पिपरदाग एवं समस्त हाकेदाग पंचायत के ग्राम वासियो के सहयोग से दो दिवसीय विशाल रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा । गायिका बिंदु रानी ग्रुप ( उड़ीसा ) 14 जनवरी को समय 2 बजे दोपहर से शाम 6 बजे तक अपना रंगारंग कार्यक्रम अपने पूरे मंडली के साथ दिखाएगी एवं गायिका अम्बा रानी ग्रुप दिनांक 15 जनवरी को समय 2 बजे दोपहर से शाम 6 बजे तक अपना रंगारंग कार्यक्रम अपने पुरे मंडली के साथ दिखाएगी। जिसमे हजारों कि संख्या में लोग रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लेंगे। मकर सक्रांति के अवसर पर गाना एवं नृत्य प्रतियोगिता समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।नन्हे मुंहे बालक एवं बालिकाओं के लिए विभिन्न तरह के खिलौने एवं मनोरंजन का भी व्यवस्था किया जायेगा।ग्रुप बनाकर नाच गान ढ़ोल, मादर नगाड़ा या डीजे के साथ टुसु लेकर आने पर टुसु उपहार के रूप में पुरस्कृत भी किया जाएगा।पतंग प्रतियोगिता का भी आयोजन दिनांक 14 जनवरी को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा। मेला कमिटी के सहमति के अनुसार कुछ प्रतियोगिता को बढ़ाया या घटाया भी जा सकता हैं। सिल्ली पुलिस के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहेगा जिससे मेला शांति पूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। मेला में शराब कि बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा।


कार्यालय प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलेबिरा, सिमडेगा

पत्रांकः– ............../कोलेबिरा, दिनांकः–......................

आवश्यक सूचना

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलेबिरा अन्तर्गत विभिन्न स्कुलो एवं ऑगनबाड़ी केन्द्रों में वितीय वर्ष 2024–2025 एवं 2025–26 में RBSK Mobile Health Team के Mobolity हेतु चार पहिया वाहन कि आवश्यकता है। जिसके लिए नोडल पदाधिकारी के ज्ञापांक 796 (RCH) दिनांक 02/04/2024 के आलोक में RBSK Mobile Health Team के द्वारा वाहन का उपयोग माह में 20 से 22 दिन कोलेबिरा प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न स्कुलो एवं ऑगनबाड़ी केन्द्रों के भ्रमण हेतु किया जाएगा। प्रति दिन ईधन सहित वाहन का भाड़ा सभी कर सहित 1100/रूपया अधिकत किया जाएगा।

वाहन का प्रकार निम्न प्रकार होना चाहिए।
1. वाहन चार चक्का निजी या व्यावसायिक पंजिकृत होना चाहिए।
2. वाहन में पॉच से आठ व्यक्ति बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए।
3. वाहन का सभी पेपर अद्यतन होना चाहिए।

इच्छुक वाहन चालक प्रखण्ड कार्यकम प्रबंधक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलेबिरा से संपर्क कर RBSK Mobile Health Team के लिए वाहन लगाने हेतु दिनांक 28/12/2024 तक आवेदन के साथ कोटेन (प्रति दिन ईधन सहित भाड़ा सभी कर सहित ) कार्यलय अवधि में जमा कर सकते है।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द कोलेबिरा
PR 342387 Simdega(24-25).D



कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा

पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना

पूर्व में विज्ञापन संख्या PR NO. 341196 Agriculture, Animal Husbandry And Co-opretive Department (24-25):D के द्वारा 50 गायों/भैंसों की कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना हेतु कोडरमा जिला के इच्छुक व्यक्तिगत लघु उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों/सखी मंडल को आवेदन पत्र का आमंत्रण दिनांक 18/12/2024 तक किया गया था परन्तु अभी तक एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। अतः आवेदन आमंत्रण की तिथि को दिनांक 02/01/2025 तक विस्तारित किया जाता है। शेष प्रावधान पूर्ववत है।

आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा से कार्य दिवस में निःशुल्क प्राप्त किए जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुए फोटोयुक्त आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता एवं भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। योजना की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | योजना का नाम | परियोजना लागत | अनुदान प्रतिशत | बैंक ऋण | लाभुक अंशदान | लाभुक की अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 50 गायों/भैंसों की कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना | रू0 39,76,250.00 | 25% - सामान्य जाति 33.33% - अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति | 65% - सामान्य जाति 56.67% - अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति | सामान्य जाति – 10% अनु0 जाति एवं जनजाति – 10% | इच्छुक व्यक्तिगत लघु उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों/सखी मंडल |

नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में स्वयं आकर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा
PR 342400 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (24-25)_D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/19/2024-25/GR_1(2ND CALL)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज पंचायत हेरहंज में राजकीय प्राथमिक विद्यालय हुर में चारदीवारी निर्माण। | 1565300 | 31500 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.12.2024 से दिनांक 28.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –30.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार
PR 342402 Rural Development(24-25).D



कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–52/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 03.01.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.01.2025 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.01.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.) | अग्रधन की राशि (रू.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Fixing of GI Shed, Parking Tiles of Vehicle for Various Department in the Campus of Engineering Hostel No.-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 15,90,000.00 | 5000.00 | 32000.00 | 2 Months |
| 2 | Renovation of Dresser & Compounder Qtr. No.-95 at Doctor's Colony, Bariyatu, attached to RIMS, Ranchi | 4,97,900.00 | 750.00 | 10000.00 | 1 Month |
| 3 | Renovation of Qtr. No.-52 (G.F) Located at Doctor's Colony, Bariatu, Ranchi | 18,93,200.00 | 5000.00 | 38000.00 | 2 Months |
| 4 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-3 (First Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,98,450.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 5 | Renovation of "B" Type Qtr. NO.-879 (F. F) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,97,500.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 6 | Renovation of "CD" Type Qtr. No.-450 (S.F) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 6,35,000.00 | 1250.00 | 13000.00 | 1 Month |
| 7 | Renovation of "CD" Type Qtr. No.-665 (S.Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 5,96,500.00 | 1250.00 | 12000.00 | 1 Month |
| 8 | Renovation of "B" type Qtr. No.-1521 (First Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,97,900.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 9 | Campus Development and Miscellaneous Work in the Campus of E Type Qtr. No.-103 at Sector-2, HEC, Dhurwa, Ranchi | 8,45,500.00 | 1250.00 | 17000.00 | 1 Month |
| 10 | Renovation of Roof treatment of UG Girls Hostel No.-6 (SITA) attached to RIMS, Ranchi | 20,49,000.00 | 5000.00 | 41000.00 | 3 Months |
| 11 | Renovation of Roof treatment of UG Girls Hostel No.-5 (RANI) attached to RIM, Ranchi | 20,49,000.00 | 5000.00 | 41000.00 | 3 Months |
| 12 | Construction of Partition Wall, Grill gate between SBI and Kelly Bunglow 1 and Construction of New Gate and approach Road, Kelly Bunglow-1 at RIMS, Ranchi | 11,70,400.00 | 2500.00 | 23500.00 | 2 Months |
| 13 | Renovation of Qtr. No.-19 (G.F) located at Doctor's Colony in RIMS, Bariatu, Ranchi | 18,97,500.00 | 5000.00 | 38000.00 | 3 Months |

नोट : निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची
PR 342370 Building(24-25)#D

# कोई बताए तो सही कि क्या कमी है 'एक देश एक चुनाव' में



आर.के. सिन्हा

'एक देश एक चुनाव' के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। बेशक,लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में 'एक देश-एक चुनाव' का विचार एक ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

'एक देश एक चुनाव' के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। बेशक,लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में 'एक देश-एक चुनाव' का विचार एक ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफी हाद थे कम किया जा सके । चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है साथ ही संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को दूर काफी हद तक कम किया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश- एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर ही संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा, क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगी। तो आप कह सकते हैं कि 'एक देश, एक चुनाव' से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा।

एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेंद्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था।



निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। एक बात और कि बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है।

'एक देश-एक चुनाव' के विपक्ष में तर्क में कुछ पिलपिले तर्क आ रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनावों के साथ-साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं।

दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं।

स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं।

बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के आम जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस वक्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। यह भी माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता भागीदारी में वृद्धि हो सकती है क्योंकि लोगों को बार-बार मतदान करने की आवश्यकता नहीं होगी। कुल मिलाकर बात यह है कि 'एक देश एक चुनाव' को दलगत आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। इस पर हर स्तर पर खुल कर ईमानदारी से चर्चा होनी चाहिए। उसके बाद ही किसी अंतिम निर्णय पर पहुंचा जाना चाहिए। अगर इसे भाजपा या मोदी जी के किसी एंजेडे के रूप में देखा गया तो यह सही नहीं होगा। अभी तक जो विपक्षी नेता 'एक देश एक चुनाव' के विचार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना चाहिए कि क्या उन्हें बार-बार चुनावी रणभूमि में उतरना पसंद है?

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### संबंधों की नई दिशाएं

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने अपना पदभार संभालने के बाद सबसे पहले भारत की राजकीय यात्रा की जो न केवल दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों और भौगोलिक निकटता को दर्शाती है, बल्कि कोलंबो के लिएनई दिल्ली के महत्त्व को भी दिखाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति दिसानायके के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य से पता चलता है कि दोनों देशों के बीच आने वाले दिनों में आर्थिक और राजनीतिक साझेदारी और अधिक मजबूत होगी। राष्ट्रपति दिसानायके ने प्रधानमंत्री मोदी को आश्वस्त किया कि वह श्रीलंका की भूमि का इस्तेमाल भारत के हितों के खिलाफ नहीं होने देंगे। हालांकि श्रीलंका की पूर्ववर्ती सरकारें भी इस तरह का आश्वासन भारत को देती रही हैं, लेकिन राष्ट्रपति दिसानायके के आश्वासन का राजनीतिक महत्त्व ज्यादा है। दिसानायके की राजनीतिक पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) की विचारधारा वामपंथी झुकाव वाली है और इसे चीन समर्थक माना जाता है। इस संदर्भ में महत्त्वपूर्ण बात यह है कि श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट में चीन के जहाजों का खड़ा होना भारत की सुरक्षा के लिएचिंता का विषय है।



पूर्ववर्ती विक्रमसिंघे की सरकार ने चीनी जहाजों को आने पर रोक लगा रखी है, लेकिन अब इसकी मियाद पूरी होने वाली है। देखना है कि दिसानायके की सरकार भारत और चीन के बीच किस तरह संतुलन बना कर चलती है। पिछले दिनों जब श्रीलंका आर्थिक संकट से जूझ रहा था, तब भारत ने काफी सहयोग दिया था। अपनी इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति दिसानायके ने मुसीबत में भारत की सहायता का उल्लेखभी किया। हालांकि चीन ने भी श्रीलंका की मदद की है। वास्तव में श्रीलंका की भू-रणनीतिक स्थिति भारत और चीन, दोनों के लिएअहम है। कोलंबो में चीन और भारत, दोनों की कई महत्त्वपूर्ण परियोजनाएं चल रही हैं। लेकिन राष्ट्रपति दिसानायके की भारत की यात्रा से स्पष्ट होता है कि वे द्विपक्षीय संबंधों में अपार संभावनाएं देखरहे हैं और इसे जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने व्यावहारिक कूटनीति पर बल दिया। दशकों से पारिवारिक पार्टियों के प्रभुत्व को तोड़. कर राष्ट्रपति बनने वाले दिसानायके के नेतृत्व वाले गठबंधन नेशनल पीपुल्स पॉवर (एनपीपी) को संसदीय चुनाव में दो तिहाई बहुमत प्राप्त हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस विराट जनादेश से दिसानायके भारत के साथ श्रीलंका के द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयां दे पाएंगे।

## चिंतन-मनन

### ईमानदारी सर्वोत्तम

एक राजा ने अपने उत्तराधिकारी के चुनाव के लिए राज्य के सभी नौजवानों को एक-एक बीज दिया और कहा, इसे गमले में लगाकर सींचना और एक वर्ष के पश्चात मेरे पास लेकर आना। जिसका पौधा सबसे अच्छा होगा, उसे राजा घोषित किया जाएगा। सब बीज लेकर खुशी-खुशी लौटे। पांच-छह दिन गुजर जाने पर भी जब बीज अंकुरित नहीं हुआ, तो सबने उसी प्रकार का बीज नर्सरी से खरीदकर अपने-अपने गमले में लगा दिया और सींचने लगे। इन सबमें केवल भोलू नाम का नौजवान ही ?सा था, जिसने दूसरा बीज खरीदने का दुस्साहस नहीं किया। कुछ दिनों के पश्चात सभी युवा अपने-अपने हरे-भरे गमले के साथ राजा के सम्मुख पेश हुए, केवल भोलू ही खाली गमले के साथ कोने में नजरें चुराए खड़ा था। राजा ने उसे पास बुलाया और घोषणा कर दी कि भोलू ही मेरा उत्तराधिकारी है।

जब जनता ने उसके खाली गमले को प्रश्नवाचक नजरों से देखा, तो राजा ने सभी के समक्ष यह भेद खोला कि मैंने उबले हुए बीज सभी को दिए थे। भोलू ने उसी उबले बीज को सींचा, जबकि शेष सभी ने राजा बनने के लिए बीज बदल लिए। ये बड़े-बड़े पौधे बेईमानी की कहानी कह रहे हैं। सत्य तो यही है कि बीज तो अंकुरित होना ही नहीं था, बावजूद इसके भोलू हिम्मत व ईमानदारी से अपना खाली गमला ही मेरे पास लेकर आया। इसलिए अगला राजा भोलू ही होगा। यदि हम बुद्धि रूपी जमीन पर ईमानदारी का बीजारोपण कर उसे सींचेंगे, तो निसंदेह उस पर विश्वास रूपी मीठे फल निकलेंगे।

## अन्तर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवसः समर्थ लोग निर्बल लोगों को स्नेह-सहयोग दें



ललित गर्ग

लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, गरीबी पर अंकुश लगाने, दुनिया भर में गरीबी उन्मूलन के लिए नए रास्तों की तलाश करने, विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने, शांति एवं सौहार्दपूर्ण जीवन को संभव बनाने, सरकारों को अंतरराष्ट्रीय समझौतों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने की याद दिलाने एवं पूरी दुनिया में, विशेष रूप से विकासशील देशों में सहयोग, शांति, सह-जीवन, समानता और सामाजिक न्याय की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विविधता में एकता दर्शाने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए इस दिवस का विशेष महत्व है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ है भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 'संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है।' अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल पहलुओं से लोगों को बाहर निकालने के लिए केंद्रित है। 'मिलेनियम डिक्लेरेशन' को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलता है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने कहा भी है कि एक व्यक्ति तब तक जीना शुरू नहीं करता जब तक वह अपनी व्यक्तिगत चिंताओं के संकीर्ण दायरे से ऊपर उठकर समस्त मानवता की व्यापक चिंताओं तक नहीं पहुंच जाता।

आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भिखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है।' ऐसे ही विश्वास को जागृत करने के लिये ही विश्व मानव एकता दिवस की आयोजना की गई है। गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं, इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा, सह-जीवन, सौहार्द, शांति और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानव एकता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। अपने अंग-प्रत्यंग पर कहीं प्रहार होता है तो आत्मा आहत होती है। किंतु दूसरों के साथ ऐसी घटना घटित होने पर मन का एक कोना भी प्रभावित नहीं होता। यह संवेदनहीनता की निष्पत्ति है। इस संवेदनहीन मन की एक वजह सह-अस्तित्व का अभाव भी है। नेल्सन मंडेला ने कहा है कि हमारी मानवीय करुणा हमें एक दूसरे से जोड़ती है-दया या संरक्षण के भाव से नहीं, बल्कि ऐसे मानव के रूप में जिसने सीख लिया है कि कैसे अपने साझा दुख को भविष्य के लिए आशा में बदला जाए। आज हम इतने संवेदनशून्य हो गये हैं कि औरों का दुःख-दर्द, अभाव, पीड़ा, औरों की आहें हमें कहीं भी पिघलाती नहीं। देश और दुनिया में निर्दोष लोगों की हत्याएं, युद्ध की विभीषिकाएं, हिंसक वारदातें, आतंकी हमले, अपहरण, जिन्दा जला देने की रक्तरंजित सूचनाएं, महिलाओं के साथ व्यभिचार-बलात्कार की वारदातें पढ़ते-देखते हैं पर मन इतना आदती बन गया कि यूं लगता है कि यह सब तो रोजमर्रा का काम है। न आंखों में आंसू छलकते हैं, न पीड़ित मानवता के साथ सहानुभूति जुड़ती है। न सहयोग की भावना जागती है और न नृशंस क्रूरता पर खून खौलता हैं। हमें सिर्फ स्वयं को बचाने की चिन्ता है। तभी औरों का शोषण करते हुए नहीं सकुचाते। हमें संवेदना को जगाना होगा। तभी जे.के. राउलिंग ने कहा भी है कि हमें दुनिया को बदलने के लिये जादू की आवश्यकता नहीं है। हम बस मानव की सेवा करके ऐसा आसानी से कर सकते हैं।' इसी मानव-सेवा की मूल भावना मानव एकता दिवस का हार्द है। है। यह दिन वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में दुनिया भर के लोगों की एकता, सहयोग और साझा जिम्मेदारी के महत्व पर जोर देता है।

## अंबेडकर और अमित शाह का सेल्फ गोल!

'वन नेशन वन इलेक्शन' का हेडलाईन मेनेजमेंट एक दिन भी नहीं चल सका। भाजपा राहुल की पिच पर फंस गई। मंगलवार की सुबह सारे चुनाव एक साथ का बिल लोकसभा में पेश हुआ और उसी दिन शाम को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में यह कहकर कि एक नया फैशन चला है अंबेडकर अंबेडकर अंबेडकर . ..! अगर इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। राहुल गांधी ने लपक कर इस बात को सही साबित कर दिया कि भाजपा के मन में डा. आंबेडकर और संविधान के लिए कोई सम्मान नहीं है।

अमित शाह की टिप्पणी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने, जिन्होंने एक दिन पहले संविधान पर बोलते हुए ही कहा था कि आरएसएस और भाजपा तिरंगे, अशोक चक्र और संविधान से नफरत करती है एक कदम और आगे बढ़ाते हुए कहा कि आंबेडकर से भी नफरत करती है।

बुधवार को विपक्ष के सासंदों ने संसद परिसर में अमित शाह माफी मांगों के नारों के साथ प्रदर्शन किया। और उसके बाद अंदर जाकर दोनों सदनों में इस मांग को जोरदार तरीके से उठाया। मोदी सरकार के लिए यह बड़ी मुश्किल आ गई। अभी संविधान पर चर्चा के दौरान उनका सारा फोकस इस बात पर था कि कांग्रेस ने अंबेडकर को पर्याप्त सम्मान नहीं दिया। मगर अब उसके उपर ही बाबा साहब अंबेडकर के अपमान का सीधा आरोप आ गया है।

अंबेडकर देश के 20 प्रतिशत दलितों के लिए वाकई भगवान का दर्जा रखते हैं। वह उनका संविधान ही है जिसने आरक्षण के जरिए उनके बड़े वर्ग को पीढ़ीगत काम से निकालकर शहरी मध्यम वर्ग बनाया। शिक्षा में वजीफा, उनके लिए अलग बनाए गए होस्टल, उच्च शिक्षा में आरक्षित सीटें और फिर नौकरी में आरक्षण ने 75 सालों में वह कर दिखाया जो पहले कोई सोच भी नहीं सकता था। इसके साथ लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव में आरक्षण ने उन्हें राजनीतिक रुप से मजबूत बनाया। नौकरी के आरक्षण ने आर्थिक ताकत के साथ सामाजिक हैसियत और चुनाव प्रणाली में आरक्षण से सत्ता में भागीदारी दी। पांच हजार साल तक अछूत बने रहने वाले सारे मानवीय अधिकारों से वंचित देश के इस समुदाय के लिए बाबा साहब आंबेडकर भगवान नहीं तो और क्या हैं? कांग्रेस और समूचे विपक्ष को यह एक बहुत बड़ा मुद्दा मिल गया है। खरगे का सवाल है कि क्या अंबेडकर का नाम लेना गुनाह है? खुद दलित समुदाय से आने वाले खरगे ने कहा कि अमित शाह का राज्यसभा में संविधान पर बोलते हुए सवाल था कि क्या अंबेडकर बहुत बड़े आदमी थे? जो अंबेडकर, अंबेडकर करते हो!

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि उनके इस बयान से देश में आग लग जाएगी। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। और देश से माफी मांगना चाहिए। अंबेडकर दलितों आदिवासियों के भगवान हैं। कांग्रेस महासचिव और खुद दलित समाज से आने वाली कुमारी सैलजा ने कहा कि संविधान हमारा सबसे बड़ी किताब है और बाबा साहब अंबेडकर हमारे भगवान।

दलितों की तरह आदिवासी भी डा. आंबेडकर को अपना उद्धारक मानते हैं। और अन्य पिछड़ा समुदाय ओबीसी जिसकी आबादी 50 प्रतिशत के करीब है भी डा अंबेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धांत का बड़ा लाभार्थी समूह है। दलित 20 प्रतिशत, आदिवासी 9 प्रतिशत और लगभग 50 प्रतिशत के आसपास ओबीसी इतना बड़ा समूह देश का अंबेडकर के विचारों और उनके बनाए संविधान से लाभान्वित हुआ है। इसलिए खरगे ने कहा कि उनका अपमान देश में आग लगा देगा।

अंबेडकर कितनी बड़ी चीज हैं वह इससे समझिए कि कांग्रेस और भाजपा दोनों समान भाव से उनका नाम लेते हैं। अभी चार दिन संविधान पर चर्चा में उनका ही नाम गुंजता रहा। मायावती, रामविलास पासवान ने उनका नाम लेकर ही अपनी पार्टियां चलाईं। दलितों में उनका नाम ही वोट ही गारंटी है। जब ये दोनों नेता इनकी पार्टी नहीं थीं तो कांग्रेस ही उनकी विरासत संभालती थी। और लंबे समय तक दलित वोटों की एक मात्र प्राप्तकर्ता थी। मगर बाद में कांशीराम और मायावती ने इसे कांग्रेस से छीना और उत्तर प्रदेश में चार बार मुख्यमंत्री पद प्राप्त किया। और फिर भाजपा की धर्म की राजनीति ने दलित वोट को मायवती से भी छीन लिया। लेकिन सरकारी नौकरियां नहीं निकलने और इससे उन्हें आरक्षण का फायदा नहीं मिलने, तेजी से किए जा रहे नीजिकरण जहां दलितों के लिए नौकरी नहीं थी और डायरेक्ट भर्ती लेटरल एंट्री जिसमें आरक्षण नहीं था के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में यह समुदाय बीजेपी से भी छिटका और कांग्रेस एवं इन्डिया गठबंधन के साथ आया।

यूपी में भाजपा को इसने बहुत बड़ा झटका दिया। लोकसभा में भाजपा दूसरे नंबर की पार्टी बन गई। समाजवादी पार्टी को 37 सीटें मिलीं और भाजपा 33 पर रह गई। कांग्रेस को 6 मिलीं। और बसपा जीरो। जबकि पिछले चुनाव 2019 में भाजपा को 61 सीटें मिली थीं।

मायावती से मोहभंग के बाद बीजेपी धर्म के नाम पर दलितों को अपने साथ लाई। और भावनात्मक रूप से उनसे संबंध बनाने के लिए वह डा. अम्बेडकर का नाम भी लेने लगी। दलितों का अंबेडकर से बहुत गहरा लगाव है। उनका जीवन अंबेडकर ने बदला। वे उनके लिए मसीहा हैं। अमित शाह का यह कहना कि क्या अंबेडकर अंबेडकर करते हो भाजपा को बहुत मंहगा पड़ेगा।

कांग्रेस और सभी विपक्षी दल इस मुद्दे को छोड़ेंगे नहीं। इंडिया गठबंधन वापस एकजुट होने लगेगा। अभी ईवीएम के मुद्दे पर उमर अब्दुल्ला और टीएमसी कांग्रेस पर हमलावर हो रहे थे। लग रहा था कि बीजेपी की कोशिशें सफल हो रही हैं। इंडिया गठबंधन में फूट पड़ रही है। मगर अमित शाह ने अंबेडकर का मुद्दा ऐसा दिया कि अब सब विपक्षी दल वापस एकजुट होने लगे हैं।

बुधवार को संसद में अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन में सब शामिल हुए। राहुल के जाति गणना मुद्दे को भी इससे बल मिलेगा। जाति गणना का सबसे बड़ा फायदा ओबीसी को मिलने वाला है। दलित की आदिवासी की संख्या तो सबको मालूम है। हर दस साल बाद होने वाली जनगणना जो इस बार अभी तक नहीं हुई में इसकी गिनती होती है। आंकड़े आते हैं। लास्ट 2011 में हुई थी। उसके अनुसार देश में 29 प्रतिशत दलित और आदिवासी हैं। ये अंबेडकर के कट्टर समर्थक हैं।

आरक्षण जिसे अंबेडकर की ही देन कहा जाता है के सबसे बड़े लाभार्थी यही हैं। भाजपा और आरएसएस कभी अंबेडकर के साथ एडजस्ट नहीं कर पाए। उनके बनाए संविधान का भी बहुत विरोध किया। अभी राज्यसभा में ही खरगे ने बताया कि जब संविधान बना तो संघ वालों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में अंबेडकर का पुतला जलाया था। उन्होंने सदन में 'बंच आफ थाट्स किताब' दिखा कर कहा कि दूसरे सर संघ चालक गुरु गोलवलकर ने इसमें वर्णाश्रम व्यवस्था का समर्थन किया है। और आरक्षण का विरोध। राहुल ने लोकसभा में एक हाथ में संविधान और दूसरे में मनुस्मृति लेकर साफ कहा कि हम संविधान वाले हैं और बीजेपी मनुस्मृति वाली।

यह सब बातें अपना असर कर ही रहीं थीं कि अमित शाह का यह बयान आ गया। सीधा अंबेडकर के खिलाफ। भाजपा के लिए यह बड़ी मुसीबत बन गई। कांग्रेस ने बुधवार को ही देशव्यापी प्रदर्शन किए। दलित राजनीतिक रूप से देश में सबसे जागरूक समुदाय है। उसमें एक बार यह बात पहुंच जाएगी कि भाजपा बाबा साहब का अपमान कर रही है तो फिर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को कुछ करने की जरूरत नहीं है। वह भाजपा से अपना हिसाब खुद कर लेगी।

- शकील अख़्तर

# जमीन विवाद में हुआ पूरे परिवार पर हमला, पिता की मौत, चार घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत हाजीपुर दियारा पश्चिम टोला में भूमि विवाद को लेकर गुरुवार सुबह करीब 7 बजे एक अधेड़ आदमी की हत्या कर दी गई। साथ ही चार लोग गंभीर रूप से घायल है गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेजा गया है। इधर जैसे ही इस बात की खबर मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार को मिला वे फौरन दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन मे जूट गए। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को खेती में पटवन के दौरान पानी पटाने को लेकर दोनों पक्षों मे मामूली विवाद शुरू हुआ था। जिसके बाद मामला झगड़ा मार पीट तक पहुंच गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों तरफ के लोगों को समझा बुझा कर शांत करा दिया था। लेकिन बदले की भावना सुलग रही थी और दूसरे दिन अहले सुबह ही एक पक्ष के लोगों ने धारदार हथियार तलवार, चाकू, भाला फरसा सहित कई चीजों से हमला कर दिया। मृतक की पहचान हाजीपुर निवासी भूप नारायण रजक 55 वर्षीय के रूप में हुई है। इस हमले में परिवार के चार अन्य लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान मृतक के पुत्र चीकू रजक, ओम प्रकाश रजक, धर्मेंद्र रजक और मृतक कि पत्नी सरीता देवी के रूप में हुई है। इनमें से दो घायलों को साहिबगंज सदर अस्पताल भेजा गया है जबकि दो गंभीर रूप से घायल लोगों को पीरपैंती सदर अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है। खुशबू देवी जो गर्भवती महिला है उसे भी पत्थर से पेट में मार कर घायल कर दिया है। इधर घटना की खबर पाते ही सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए।



## जनता दरबार में लोगों की समस्याओं का होगा समाधान : उपायुक्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** आम जनता की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया.इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा.इस उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा. जनता दरबार में जमीन विवाद, आवास योजना का लाभ दिलाने, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण करने, बैंक द्वारा वृद्धा पेंशन की राशि की निकासी पर रोक लगाने, एवं कर्नाटक राज्य के अस्पताल से प्रवासी मजदूर को वापस लाने हेतु मदद करने से संबंधित मामले आये.उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

### प्रखंड स्तरीय संवेदीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## मोतियाबिंद के मरीजों को किया जाएगा चिह्नित : सपना सुरीन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** गुरुवार को कुकड़ू प्रखंड कार्यालय सभागार में नेत्र वसंत ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर साइट सेवर्स इंडिया और पूर्णिमा नेत्रालय के तत्वावधान में पंचायत प्रतिनिधियों का प्रखंड स्तरीय संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुकडू प्रखंड की बीडीओ राजश्री ललिता बाखला समेत कई जनप्रतिनिधि और प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मी मौजूद थे। नेत्र वसंत ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए साइट सेवर्स इंडिया के स्टेट प्रोग्राम लीड सपना सुरीन ने जानकारी देते हुए बताया कि अंधापन से ग्रसित लोगों को चिन्हित करने को लेकर कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के बाद समुदाय के बीच जाकर पंचायत भवन या चयनित स्थान पर शिविर का आयोजन किया जाएगा और आँखो का स्क्रीनिंग किया जाएगा और चिन्हित मरीज को मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मालूम हो कि नेत्र वसंत-ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम साइटसेवर्स इंडिया के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक है। ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के गरीब और वंचित वर्गों पर ध्यान केंद्रित करते हुए मजबूत नेत्र स्वास्थ्य प्रणालियों के माध्यम से दृष्टि से संबंधित जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। प्रखंड स्तरीय संवेदीकरण कार्यक्रम में पूर्णिमा नेत्रालय के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रजनीकांत महतो, सीएचडब्ल्यू असीम बनर्जी, ऑप्टोमेट्रिस्ट चैतन्य मुंडा आदि उपस्थित थे।


## खनन विभाग ने किया 1,16000 सीएफटी अवैध बालू जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो जारगोडीह में खनन विभाग तथा ईचागढ़ थाना गश्ती दल के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान 1 लाख 16 हजार सीएफटी अवैध बालू जप्त किया गया। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपती के निर्देश पर खनन निरीक्षक समीर कुमार ओझा के नेतृत्व में पुलिस वल के साथ छापेमारी अभियान चलाया गया। अवैध बालू पर नकेल कसने के लिए खनन विभाग के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अवैध बालू के खिलाफ अभियान चलाने के बावजूद भी अवैध रूप से बालू का उत्खनन, भंडारण और परिवहन पर नकेल कसने में विभाग असफल साबित हो रहे हैं। प्रशासन डाल डाल तो अवैध बालू कारोबारी पात पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए। जगह जगह रेकी कर अवैध बालू का भंडारण व परिवहन करते हैं। हर चौक चौराहों पर बालू तस्करों का अड्डा रहता है, जिससे हर आने जाने वाले पदाधिकारी व पुलिस पर निगरानी रखते हुए बालू परिवहन करते हैं और पकड़ में नहीं आता। वहीं खनन निरीक्षक समीर कुमार ओझा ने बताया कि सोड़ो जारगोडीह में 1 लाख 16 हजार सीएफटी अवैध बालू जप्त किया गया। उन्होंने कहा कि जमीन चिन्हित कर जमीन मालिक एवं अवैध बालू भंडारण करने वाले का पता लगाकर कारवाई किया जाएगा।



## जिला में चौकीदार नियुक्ति से संबंधित गठित समिति की बैठक संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज:** उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला में चौकीदार नियुक्ति से संबंधित गठित समिति के साथ बैठक की गई। चौकीदार नियुक्ति हेतु गठित, स्क्रीनिंग, परीक्षा नियंत्रण एवं संचालन समिति, शिकायत निवारण एवं निगरानी समिति, शारीरिक दक्षता एवं जाँच समिति के कर्तव्य एवं दायित्वों पर गहनता पूर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो, उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन एवं सभी ऑपरेटर उपस्थित थे।

## डीसी ने नियमित रूप से मोटर जांच अभियान चलाने का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया. बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया. बैठक में उपायुक्त श्री सिंह के द्वारा, उत्पाद अधीक्षक, जिला परिवहन, मोटरयान निरक्षक, नीलम पत्र, जिला मत्स्य, राज्य कर गुमला -सह- सिमडेगा, नगर परिषद, जिला खनन, अवर निबंधक विभाग सहित भू-लगान, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन, आपसी बंटवारा,उत्तराधिकारी बंटवारा एवं पीएम किसान ई-केवाईसी की समीक्षा की गई.परिवहन विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि जिला अंतर्गत विशेष हेलमेट, सीटबेल्ट अभियान प्रत्येक प्रखंड में नियमित रूप से चलाए जाय। इसके साथ ही ओवरलोडिंग, लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन व अन्य कार्यों से जुड़े राजस्व वसूली में वृद्धि लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने मोटरयान निरक्षक द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2024 -25 की वार्षिक लक्ष्य 121.56 लाख के विरुद्ध अब तक की कुल वसूली 19.26 लाख है जो कि 12.18 प्रतिशत है। उपायुक्त महोदय ने मोटरयान निरक्षक को लगातार वाहनों की जांच कर सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया। वहीं जिला खनन विभाग द्वारा भी वार्षिक लक्ष्य 2229.39 लाख के विरुद्ध अब तक कुल 969.61 लाख का ही वसूली किया गया जो 43.30 प्रतिशत है। उपायुक्त महोदय जिला खनन पदाधिकारी को बालू, पत्थर इत्यादि की अवैध खनन परिवहन करने वाले पर सख्ती से करवाई करते हुए सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने जिस विभाग द्वारा अबतक 50% से कम राजस्व की वसूली की तो उससे संबंधित पदाधिकारी को स्पष्टीकरण करने हेतु अपर समाहर्ता को निर्देश दिया। उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें। जमीनों के म्युटेशन से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए 30 दिन से अंचलाधिकारी के पोर्टल लंबित मामलों का समय पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त द्वारा भूमि की अनियमित, अवैध जमाबंदी को नियमित व रद्द करने से संबंधित मामलों की समीक्षा की।अंत में उपायुक्त महोदय कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र से जमीन विवाद, भूमि सुधार करने इत्यादि से संबंधित मामलों मेरे जनता दरबार में आते हैं। जिसको कि मेरे द्वारा संबंधित सीओ को मार्क किया जाता है। जनता दरबार के मामले के साथ - साथ आपके पास जनता के द्वारा आने वाले भूमि संबंधी जितने भी मामले आते उसे प्रायोरिटी के साथ समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी एवं अंचलाधिकारी आम लोगों को बार-बार ऑफिस का चक्कर लगाने जैसे कार्य करें ,ऐसा बिल्कुल भी ना हो इसे सुनिश्चित करें। जो कार्य नहीं होने वाला है उसका कारण उसे स्पष्ट बता दें। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, एलआरडीसी अरुणा कुमारी सहित परिवहन पदाधिकारी, भू-अर्जन पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी सभी अंचलाधिकारी, सभी हल्का कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित थे।



### एक नजर

## राजमहल के सांसद ने रेल मंत्री से की मुलाकात



**साहिबगंज:** राजमहल लोकसभा के सांसद विजय कुमार हांसदा ने बरहरवा के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर रखी मांग। राजमहल के लोकसभा क्षेत्र के सांसद ने बरहरवा के रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 19 एस पी एल/टी क्रॉसिंग को रेलवे द्वारा बंद किए जाने से हो रहे परेशानियों को देखते हुए उन्होंने आज रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा जिसमें उन्होंने यह मांग की रेलवे फाटक को अगर रेलवे बंद कर दी है तो एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए आम लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है अतः कोई वैकल्पिक व्यवस्था के साथ ही कार्य किया जाए।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया मंडल कारा का निरीक्षण

**साहिबगंज:** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष अखिल कुमार, सचिव विश्वनाथ भगत व एल० ए० बी० सी० की टीम ने मंडल कारा साहिबगंज का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने सरकार की ओर से दी जाने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया। इस क्रम में बंदियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की भी जानकारी ली वहीं कई बंदियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने महिला बंदी वार्ड में बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के बीच टॉफी का वितरण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष पी० डी० जे० ने कहा डालसा के निर्देश के आलोक में जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों को जेल से मिलने वाली आधारभूत सुविधाएँ, विधिक सहायता की स्थिति की जानकारी ली। मौके पर कारा अध्यक्ष, एल०ए०बी०सी०, राह न्याय रक्षक कागीनी शर्मा, रविन्द्रर श्रीवास्तव, अमरेन्द्रर श्रीवास्तव, ज्योति कुमारी, रतन कुमार, अधिकार मित्र लखेन्द्रर तुरी, एवं रिंकु कुमारी उपस्थित थे।

## रेलवे फाटक खुलवाने को लेकर एसडीपीओ ने डीआरएम को लिखा पत्र

**बरहरवा:** मालदा रेल मंडल अंतर्गत बरहरवा रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेल फाटक (एलसी गेट नंबर 19/एसपीएल/टी) को रेलवे के द्वारा बंद करने के मामले में स्थानीय लोगों के हंगामा व विरोध किए जाने के बाद राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार ने मालदा डीआरएम को पत्र लिखकर रेलवे फाटक खोलने की बात कही है। एसडीओ ने लिखे पत्र में कहा है कि बरहरवा शहर में काफी पुराना रेलवे फाटक है, जो 17 दिसंबर को बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था दिए अचानक बंद कर दिया गया। इस कारण शहर दो भागों में बंट गया है। यहां के लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यहां के व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है, रेलवे फाटक के निकट अंडरपास रास्ता है, लेकिन वहां पर पानी जमा रहता है,इस कारण छोटे-छोटे बच्चे विद्यालय नहीं जा सकेंगे, अंडरपास से बड़ी एवं मंझौली गाड़ियों का आवागमन नहीं पायेगा, इस कारण यहां के लोगों में काफी आक्रोश है। इसीलिए जनहित व विधि-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रेलवे फाटक को अविलंब चालू किया जाए।

### संक्षिप्त खबरें

## जिला परिषद उपाध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव असफल



**सरायकेला :** जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव मतदान के बाद असफल हो गया। गुरुवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में हुई मतदान प्रक्रिया में मधुश्री महतो के विरोध में 9 वोट जबकि पक्ष में 14 वोट पड़े। वोटिंग शुरू होने से पहले उपाध्यक्ष मधुश्री महतो को अपनी सफाई पेश करने के लिए दो मिनट का समय दिया गया। उन्होंने अपने पक्ष में तर्क रखते हुए क्षेत्र भ्रमण न करने और योजनाओं में रुचि न लेने जैसे आरोपों को खारिज किया। मधुश्री महतो पर क्षेत्रीय भ्रमण न करने, विकास योजनाओं में रुचि न लेने और उनके सुचारू क्रियान्वयन में असफल रहने का आरोप था। जिला परिषद सदस्य शंभू मंडल ने मतदान प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें जिले के प्रमुख, उपप्रमुख, सांसद और विधायकों को शामिल किया गया, जो नियम संगत नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने निवर्तमान उपाध्यक्ष मधुश्री महतो को अपनी जीत पर शुभकामनाएं दीं। मतदान के नतीजे ने स्पष्ट कर दिया कि मधुश्री महतो अपनी कुर्सी बचाने में सफल रही हैं। इस जीत के बाद उन्होंने समर्थकों और जिला परिषद सदस्यों का आभार व्यक्त किया। यह परिणाम जिला परिषद के राजनीतिक समीकरणों को नया मोड़ देगा और भविष्य में उपाध्यक्ष के कार्यशैली पर नजरें बनी रहेंगी।

## परियोजना निदेशक ने पुस्तकालय निर्माण के लिए स्थल का किया निरीक्षण

**साहिबगंज:** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त के निदेशानुसार साहेबगंज कॉलेज स्थित कल्याण छात्रावास का निरीक्षण परियोजना निदेशक, आईटीडीए, संजय कुमार दास एवं संजय कच्छप, पणन सचिव, कृषि उत्पादन बाजार समिति के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान हॉस्टल कैंपस मे पुस्तकालय निर्माण हेतु स्थल चयन किया गया और उपस्थित सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को जल्द से जल्द प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया ताकि यथा शीघ्र उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत की जा सके। पुस्तकालय बनने से कॉलेज मे पढ़ने वाले और कल्याण छात्रावास मे रहने वाले जरूरतमंद विधार्थियों को पुस्तकालय का लाभ मिलेगी। छात्र अपने कोर्स की पढ़ाई के साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं की भी तैयारी कर सकेंगे। जहाँ जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन और कैरियर सम्बन्धी कार्यशाला भी आयोजित की जा सकेगी। मौके पर सहायक अभियंता दिवाकर मिश्रा एवं तीनों हॉस्टल के छात्र नायक उपस्थित थे।

## डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर सार्वजनिक माफी की मांग

**बरहरवा :** 17 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में राज्यसभा में बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की उनकी आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक माफी की मांग के लिए साहेबगंज जिला अध्यक्ष बरकत खान के नेतृत्व में कांग्रेस जिला मुख्यालय के रामनगर में कार्यकताओं के साथ किया विरोध प्रदर्शन। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव संगठन के० सी० वेणुगोपाल, सांसद के पत्र के आलोक में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव, महतो कमलेश के निदेशानुसार दिनांक 19 दिसंबर 2024, गुरुवार को साहेबगंज जिला के रामनगर चौक पर जिला अध्यक्ष बरकत खान के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया और अमित शाह के इस्तीफे और उनकी आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक माफी की मांग की गई, अमित शाह मुर्दाबाद के नारे लगाए गया। जिल अध्यक्ष बरकत खान ने बताया कि बीजेपी-आरएसएस के जीन में है आबंडेकर का अपमान...... बीजेपी नेता करते हैं दलितों से घृणाअमित शाह ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहेब को जिस तरह अपमानित किया, वो एक कुंठा और द्वेष से भरे मानसिकता वाला व्यक्ति ही कर सकता है। गृहमंत्री जैसे पद पर विराजमान व्यक्ति द्वारा संविधान निमार्ता का सरेआम अपमान करना बताता है कि बीजेपी के नेताओं में दलितों के प्रति कितनी नफरत और घृणा भरी है। संवैधानिक पदाधिकारी की ओर से इस तरह के बयान बेहद अपमानजनक हैं और हमारे गणतंत्र की नींव को कमजोर करने का एक खतरनाक प्रयास है। डॉ. अंबेडकर समानता, न्याय और हमारे संविधान में निहित लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रतीक हैं।

## गायत्री यज्ञ को लेकर पूजा पंडाल व हवन कुंड निर्माण का कार्य जोरों पर

**साहिबगंज/मंडरो:** मिजाचौकी में 24 दिसंबर से लेकर 27 दिसंबर तक होने वाले 24 कुंडीय व तीन दिवसीय गायत्री यज्ञ सह विराट पुस्तक मेले को लेकर यज्ञ स्थल पर पूजा पंडाल एवं हवन कुंड का निर्माण जोरशोर से कराया जा रहा है। मां गायत्री के कथा वाचन को लेकर स्टेज एवं विराट पुस्तक मेले को लेकर अलग-अलग काउंटर का निर्माण कराया जा रहा है। जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के शंभूनाथ जयसवाल ने बताया कि गायत्री यज्ञ सह विराट पुस्तक मेले को लेकर 24 दिसंबर को कुमारी कन्या एवं महिलाओं के साथ सुबह में कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी और कलश शोभायात्रा को पूरे मिजाचौकी क्षेत्र का भ्रमण कराया जायेगा। इसके बाद यज्ञ मंडली के पास कलश स्थापित कर विधिवत तरीके से मां गायत्री की पूजा अर्चना करते हुए यज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं इस यज्ञ को सफल बनाने में साहिबगंज से शिव शंकर प्रसाद निराला, शंभुनाथ जयसवाल, मिजाचौकी के प्रखंड समन्वयक सुप्रिया वर्णवाल, रंजीत कुमार वर्णवाल, प्रमोद गुप्ता, जुशी वर्णवाल, इना देवी, सरिता देवी, पूजा कुमारी, हर्ष राज, रियंका देवी समेत दर्जनों की संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य जुटे हैं।

## मोटरसाइकिल के धक्के से चालक व महिला घायल, हायर सेंटर रेफर


**साहिबगंज/राजमहल:** थाना क्षेत्र के तीनपहाड़ राजमहल मुख मार्ग पर बुधवार की देर रात कांजी गांव, दुर्गा मंदिर के पास मोटरसाइकिल के धक्के से मोटरसाइकिल चालक सहित एक महिला बुरी तरह घायल हो गई। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के मानसिंघा का बरकत शेख 48 वर्षीय तीनपहाड़ मोटरसाइकिल लेकर जा रहा था। इसी दौरान वासुदेव यादव की 60 वर्षीय पत्नी करुणा देवी सड़क किनारे खड़ी थी, जिसे मोटरसाइकिल चालक ने धक्का मार दिया जिससे दोनों बीच सड़क पर गिर कर बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल चलाया गया। जहां घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

# सेबी ने छोटी, मझोली कंपनियों के लिए आईपीओ नियमों को सख्त करने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल ने छोटी एवं मझोली कंपनियों (एसएमई) के शुरुआती सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने से संबंधित प्रक्रिया को सशक्त करने के लिए एक सख्त नियामकीय रूपरेखा को मंजूरी दी है। इसके अलावा, सेबी ने बिक्री पेशकश (ओएफएस) को सीमित करने का भी फैसला लिया है और प्रवर्तकों के लिए चरणबद्ध 'लॉक-इन' पेश किया है। सेबी के निदेशक मंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। बयान के मुताबिक सेबी के निदेशक मंडल ने डिबेंचर ट्रस्टी, ईएसजी रेटिंग प्रदाताओं, इनविट्स, रीट्स और एसएम रीट्स के लिए कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए सुधारों को भी मंजूरी दे दी। इसके अलावा अनुमोदित सुधारों का उद्देश्य एसएमई को एक अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड प्रदान करना और निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए जनता से धन जुटाने का अवसर प्रदान करना है। इस संबंध में बोर्ड ने सेबी (आईसीडीआर) विनियम, 2018 और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 में संशोधन को भी स्वीकृति दे दी है। यह कदम एसएमई के निर्गम बढ़ने के बाद उठाया गया है, जिसने महत्वपूर्ण निवेशक भागीदारी को बढ़ावा दिया गया है। लाभप्रदता मानदंड के संबंध में एसएमई इकाइयों की तरफ से लाए जाने वाले आईपीओ के संबंध में सेबी ने कहा कि निर्गम लाने की योजना बनाने वाली छोटी एवं मझोली कंपनियों को अपना मसौदा दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल करते समय पिछले तीन में से दो वित्त सालों में कम से कम एक करोड़ रुपए का परिचालन लाभ दिखाना होगा। एसएमई आईपीओ में शेयरधारकों द्वारा बिक्री के लिए ओएफएस की सीमा कुल निर्गम आकार के 20 फीसदी तक सीमित कर दी है। इसके अलावा विक्रय करने वाले शेयरधारक अपनी मौजूदा हिस्सेदारी का 50 फीसदी से ज्यादा हिस्सा नहीं बेच सकेंगे। इसके अलावा, एमपीसी से ज्यादा प्रवर्तकों की शेयरधारिता चरणबद्ध 'लॉक-इन' अवधि के अधीन होगी। अतिरिक्त हिस्सेदारी का आधा हिस्सा एक साल के बाद जारी किया जाएगा, जबकि शेष 50 फीसदी दो सालों बाद जारी की जाएगी। एसएमई आईपीओ में गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए आवंटन पद्धति को मुख्य बोर्ड आईपीओ में अपनाई गई पद्धति के अनुरूप बनाया जाएगा ताकि एकरूपता तय की जा सके।

# सेबी ने कीमतों को नियंत्रित करने लिया फैसला, 'डेरिवेटिव' कारोबार लगी रोक बढ़ाई

**नई दिल्ली।**



शेयर बाजार नियामक सेबी ने अहम फैसले लिए। इनमें आईपीओ, म्यूचुअल फंड और डेरिवेटिव ट्रेडिंग पर लिए फैसले शामिल हैं। सेबी ने कीमतों को नियंत्रित करने गेहूं और मूंग समेत सात कृषि उत्पादों में 'डेरिवेटिव' कारोबार पर रोक को जनवरी 2025 तक बढ़ा दिया है। सेबी ने धान (गैर-बासमती), चना, कच्चा पाम तेल, सरसों के बीज और उसके उत्पाद सोयाबीन और उसके उत्पाद पर भी रोक लगाई है। यह निर्देश शुरू में 19 दिसंबर 2021 को जारी किए गए थे। शुरुआत में इसे 20 दिसंबर 2022 तक के लिए तय किया था, लेकिन बाद में इसे दो बार और बढ़ाया। पहली बार एक अतिरिक्त साल के लिए 20 दिसंबर, 2023 तक और फिर 20 दिसंबर, 2024 तक। अब सेबी ने व्यापार प्रतिबंधों को 31 जनवरी 2025 तक लागू रखते हुए निलंबन को बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके अलावा सेबी के निदेशक मंडल ने छोटी एवं मझोली कंपनियों के आईपीओ लाने से संबंधित प्रोसेस को सशक्त करने के लिए एक रेगुलेटरी गाइडलाइन को मंजूरी दे दी है। सेबी ने म्यूचुअल फंड नियमों में संशोधन कर निवेश के नए उत्पाद पेश किए हैं। इसके तहत उच्च जोखिम लेने में सक्षम निवेशकों के लिए विशेषीकृत निवेश कोष के साथ सूचकांक और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड से संबंधित योजनाओं के अंतर्गत उदारीकृत 'म्यूचुअल फंड लाइट' की रूपरेखा पेश की है। इसका मतलब है कि इन प्रोडक्ट को निवेशक के हिसाब से डिजाइन किया है। सेबी के निदेशक मंडल ने डिबेंचर ट्रस्टी, ईएसजी रेटिंग प्रदाताओं, इनविट्स, रीट्स और एसएम रीट्स के लिए कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए सुधारों को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा नियामक ने निवेश बैंकिंग मानदंडों में आमूलचूल बदलाव करने का फैसला किया है। एसएमई यूनिट्स की तरफ से लाए जाने वाले आईपीओ के संबंध में सेबी ने कहा कि आईपीओ लाने की योजना बनाने वाली छोटी एवं मझोली कंपनियों को अपना दस्तावेजों का मसौदा दाखिल करते समय पिछले तीन में से दो वित्त सालों में कम से कम एक करोड़ रुपए का परिचालन लाभ दिखाना होगा।

# सीजीएसटी कानून में संशोधन को मंजूरी दे सकती है जीएसटी, रियल एस्टेट कंपनियों को लगेगा झटका

**नई दिल्ली।**

वस्तु एवं सेवा कर परिषद की शनिवार को होने वाली बैठक में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) कानून में संशोधन को मंजूरी दे सकती है। इससे सफारी रिट्रीट्स मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला निष्प्रभावी हो जाएगा जिसमें किराए की प्रॉपर्टी की निर्माण लागत पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावों की अनुमति दी थी। ऐसा हुआ तो रियल एस्टेट कंपनियों को झटका लगेगा।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सरकारी खजाने को भारी नुकसान होने की आशंका जताई थी। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि इसका प्रभाव करीब 10 हजार करोड़ रुपए का हो सकता है क्योंकि फैसला 1 जुलाई, 2017 से प्रभावी माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सीजीएसटी अधिनियम में इस्तेमाल किए गए शब्द 'प्लांट ऐंड मशीनरी' और 'प्लांट ऑर मशीनरी' अलग-अलग हैं जिन्होंने 'प्लांट' को परिभाषित करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत तय किए हैं। कोर्ट ने कहा कि आईटीसी के लिए पात्रता का मूल्यांकन हर मामले के आधार पर किया जाना चाहिए। उसमें करदाता के कारोबार की प्रकृति और मकान के उपयोग जैसे कारकों पर विचार करना चाहिए।

इस मामले से जुड़े एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि जीएसटी परिषद की कानून समिति ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर गंभीरता से विचार किया है। समिति ने अस्पष्टता दूर करने और भविष्य में मुकदमेबाजी को रोकने के लिए 1 जुलाई, 2017 से सीजीएसटी अधिनियम में संशोधन करने की सिफारिश की है। समिति ने पाया कि 'प्लांट ऑर मशीनरी' शब्द के बारे में कोर्ट का फैसला जीएसटी परिषद के साथ-साथ विधायिका की मंशा को भी विफल करता है।

अधिकारी ने कहा कि कानून समिति ने पाया कि हर मामले में तथ्यों की जांच के आधार पर यह तय करना मुश्किल है कि परिसंपत्ति सीजीएसटी अधिनियम के तहत प्लांट के तहत आती है या नहीं। इससे काफी भ्रम और अराजकता पैदा हो सकती है जिससे मुकदमेबाजी बढ़ सकती है। इसलिए यह सुचारु कर प्रशासन और कारोबारी सुगमता के लिहाज से उपयुक्त नहीं होगा।

पीडब्ल्यूसी के टैक्स पार्टनर ने कहा कि नीतिगत दृष्टिकोण से देखा जाए तो निर्माण से जुड़े खर्च पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की अनुमति दी जानी चाहिए।

# शेयर बाजार के लिए ऐतिहासिक रहा 2024 का साल, कंपनियों ने खूब जुटाए पैसे

### 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड पूंजी कमाई

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए 2024 एक ऐतिहासिक साल रहा है। कंपनियों ने 2024 में अब तक इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ), क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) और राइट्स इश्यू के जरिए 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड पूंजी कमाई है। इसके पहले 2021 में कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.88 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस साल अब तक 90 कंपनियों ने 1.62 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई है या इसकी घोषणा की है, जो पिछले साल के 49,436 करोड़ रुपये से 2.2 गुणा अधिक है। 2024 में नए इश्यू के जरिए जुटाई गई राशि करीब 70,000 करोड़ रुपये है, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 43,300 करोड़ रुपये था। 2024 में अब तक 88 कंपनियां क्यूआईपी के जरिए 1.3 लाख करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। इसके पहले क्यूआईपी के द्वारा सबसे अधिक राशि 80,816 करोड़ रुपये 2020 में 25 कंपनियों द्वारा जुटाई गई थी। इस अब तक 20 कंपनियों ने राइट्स इश्यू के जरिए करीब 18,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 7,266 करोड़ रुपये और 2022 में यह 3,884 करोड़ रुपये था। 2024 के आखिरी दो हफ्तों में भी यह आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि इस हफ्ते डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स, वेंटीव हॉस्पिटैलिटी, कैरारो इंडिया, सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स, ट्रांसरेल लाइटिंग, कॉनकॉर्ड एनवायरो सिस्टम्स, सनाथन टेक्सटाइल्स और ममता मशीनरी जैसी कंपनियों का आईपीओ खुला रहा है।

# भारत में वोडाफोन आइडिया ने शुरु की 5जी सेवाएं

**नई दिल्ली।** भारत में वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने अपनी 5जी सेवाएं शुरू कर दी हैं। शुरुआती चरण में कंपनी ने17 सर्किलों में 5जी नेटवर्क लॉन्च किया है। इनमें बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई और नई दिल्ली जैसे बड़े शहर शामिल हैं। वीआई कंपनी ने कहा है कि जल्द ही अन्य शहरों में भी 5जी सेवाएं शुरू की जाएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, वीआई ने 3.3जीएचझेड और 26जीएचझेड स्पेक्ट्रम का उपयोग करके 5जी नेटवर्क स्थापित किया है। 5जी सेवाओं का फायदा प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों यूजर्स उठा सकते हैं। हालांकि, इसके लिए यूजर्स को अपने स्मार्टफोन में 5जी नेटवर्क को एनेबल करना होगा। कीमत की बात करें तो प्रीपेड ग्राहकों को 5जी कनेक्टिविटी के लिए 475 रुपये के रिचार्ज पैक की जरूरत होगी। वहीं, पोस्टपेड यूजर्स के लिए रेडएक्स 1101 प्लान पेश किया गया है, जिसमें 5जी सेवाएं उपलब्ध होंगी। वोडाफोन आइडिया का यह कदम भारत के बढ़ते 5जी बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। जल्द ही अन्य शहरों में भी नेटवर्क विस्तार की उम्मीद है। बता दें कि वीआई के सीईओ ने जनवरी 2024 में घोषणा की थी कि 5जी रोलआउट छह से सात महीनों के भीतर शुरू किया जाएगा। हालांकि एयरटेल और रिलायंस जियो की तुलना में वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों को 5जी सेवाओं के लिए थोड़ा अधिक इंतजार करना पड़ा है। वोडाफोन आइडिया फिलहाल 17 लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्रों (एलएसए) में 5जी कनेक्टिविटी प्रदान कर रहा है।

# रुपया गिरावट के साथ खुला , 85 के नीचे पहुंचा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 85 के नीचे पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फेड) फेड के अगले साल ब्याज दरों में कटौती की रफ्तार धीमी रखने के संकेतों से रुपये पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इससे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 18 पैसे गिरकर 85.12 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी फेड के फैसले के बाद डॉलर में जोरदार तेजी आई और डॉलर इंडेक्स 108 के स्तर को पार कर गया। भारतीय मुद्रा के अलावा अन्य विदेशी मुद्राओं में भी इसका असर देखने को मिला है। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 85.06 रुपये पर खुला। घरेलू शेयर बाजारों के नरम रुख, आयातकों की ओर से डॉलर की मांग और विदेशी पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। वहीं गत कारोबारी दिन भारतीय रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 84.94 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। बाजार जानकारों ने कहा, डॉलर इंडेक्स का 108 से ऊपर जाना और 10 साल के बॉन्ड यील्ड का 4.52 प्रतिशत पर पहुंचना एफआईआई कोष प्रवाह के दृष्टिकोण से नकारात्मक है। लेकिन यह केवल अस्थायी होने की संभावना है।




# गोदरेज प्रोफेशनल ने शरवरी को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**मुंबई।** गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) का प्रमुख प्रोफेशनल हेयर ब्रांड, ने बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्री शरवरी को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। शरवरी, जो मुंज्या, महाराज और वेद जैसी फिल्मों में अपनी बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती हैं, अपने फैशन-फॉरवर्ड व्यक्तित्व और आत्मविश्वास के साथ ब्रांड की प्रतिबद्धता को बखूबी दिखाती हैं। इस गठजोड़ पर टिप्पणी कर गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के अधिकारी ने कहा कि शरवरी के पास लाखों लोग हैं, जो उनकी स्टाइल और ग्रेस को पसंद करते हैं, और उनका गोदरेज प्रोफेशनल के साथ जुड़ाव एक महत्वपूर्ण विकास है, खासकर जब ब्रांड हेयर और ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना विस्तार कर रहा है। इस नई साझेदारी पर शरवरी ने कहा, गोदरेज प्रोफेशनल के लिए पहला ब्रांड एंबेसडर बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। शरवरी ने 2025 के ट्रेंडिंग हेयर कलर और स्टाइलिंग लुक को पेश करते हुए शोस्टॉपर के रूप में कार्यक्रम में अपनी छाप छोड़ी।

# गोल्ड लोन मे रिकॉर्ड 56 फ़ीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** देश में सोने पर लोन लेने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती चली जा रही है। पिछले 1 वर्ष में गोल्ड लोन मैं 56 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। होम लोन में 18 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है।बाकी सभी सेक्टर में लोन लेने वालों की संख्या घटी है।केवल गोल्ड में कर्ज लेने वालों संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। प्रमुख 9 कैटेगरी में लोन के सबसे अधिक 56 फ़ीसदी की तेजी गोल्ड लोन में देखी गई है। इसके बाद 18 फ़ीसदी की वृद्धि हाउसिंग लोन में है।जो दूसरे नंबर पर है। पर्सनल लोन लेने वालों की संख्या 11 फ़ीसदी बढ़ी है। पिछले वर्ष 23 फ़ीसदी थी, जो अब घटकर 11 फ़ीसदी रह गई है। देश में जिस तरह से महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है।उसके बाद देश में लोन लेने का ट्रेंड भी तेजी के साथ बदल रहा है। भारत में 9 कैटेगरी में रिटेल लोन 47.8 फ़ीसदी,पर्सनल लोन 26.7 फ़ीसदी, व्हीकल लोन 11.7 फ़ीसदी, क्रेडिट कार्ड पर लोन 5.03 फीसदी, गोल्ड पर 2.9 फ़ीसदी,एजुकेशन लोन 2.5 फ़ीसदी,एफडी पर 2.4 फ़ीसदी लोन वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिया गया है।

# देश में ग्लूकोज मॉनिटरिंग बाजार दो प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा

**मुंबई।** भारत में मधूमेह के बढ़ते मामलों के बीच आई एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में ग्लूकोज मॉनिटरिंग बाजार 2024-33 के दौरान दो प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामलों के साथ-साथ विश्वसनीय मॉनिटरिंग टूल्स तक सीमित पहुंच, एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती पेश करती है। 2024 में, भारत का ग्लूकोज मॉनिटरिंग बाजार एशिया-प्रशांत बाजार का करीब 10 प्रतिशत हिस्सा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्थानीय जरूरतों के अनुरूप किफायती और इनोवेटिव सॉल्यूशन पर बढ़ते फोकस को दिखाता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में ग्लूकोज मॉनिटरिंग सॉल्यूशन की बढ़ती उपलब्धता के बाद भी अफोर्डिबिलिटी, यूजर एजुकेशन और एक्सेसेबिलिटी को लेकर खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ा अंतर बना हुआ है। लोकल स्तर पर मैन्युफैक्चर किए गए डिवाइस इस अंतर को खत्म कर सकते हैं। भारत में डायबिटीज का बोझ केयर डिलीवरी में अंतर को खत्म करने और डायबिटीज मैनेजमेंट को लगातार प्रमोट करने की तत्काल जरूरत को दिखाता है। हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाना और कम्युनिटी लेवल पर बढ़ती जागरूकता डायबिटीज मैनेजमेंट के तरीके को बेहतर बना सकते हैं और देश भर में दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। एक रिपोर्ट से पता चला है कि भारत में ग्लूकोज मॉनिटरिंग डिवाइस का बाजार 2024 में 366.53 मिलियन डॉलर का था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्वानुमान अवधि में 2030 तक 7.08 प्रतिशत की सीएजीआर के साथ प्रभावशाली वृद्धि का अनुमान है।

# फैड के फैसले के बाद शेयर बाजार टूटा

### सेंसेक्स 964 , निफ्टी 247 अंक गिरा

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी गिरावट पर बंद हुए। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फैड) के ब्याज दरों में कटौती को लेकर आये फैसले से आई है। जिससे बाजार में बिकवाली हावी रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 1.20 अंक तकरीबन 964.15 अंक नीचे आकर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.02 फीसदी करीब 247.15 अंक नीचे आकर 23,951.70 पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व नेलगातार तीसरी बार ब्याज दर में 25 बेसिस अकों) की कटौती की है। अब ब्याज दर 4.25 फीसदी से 4.5 फीसदी के बीच है। फेड ने हालांकि संकेत दिया है कि आगे ब्याज दरों में कटौती धीमी हो सकती है, जिससे निवेशक सतर्क हो गए हैं। फेड की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 में केवल दो और बार कटौती की संभावना है, जबकि सितंबर में चार कटौती की उम्मीद जताई गई। एशिया-पैसिफिक के शेयर बाजार में भी गुरुवार को गिरावट दर्ज की गयी। यह गिरावट वॉल स्ट्रीट पर भारी बिकवाली के बाद आई। इस बीच, जापान मुख्य केन्द्र रहा, जहां बैंक ऑफ जापान ने अपनी दो-दिवसीय पॉलिसी बैठक समाप्त खत्म की और ब्याज दर 0.25 फीसदी पर बनाए रखने का फैसला किया। फेड के ब्याज दरों में कटौती के फैसले के बाद भारत सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आई है। फेडरल रिजर्व ने 2024 में तीसरी बार ब्याज दरों में कटौती की है। फेडरल रिजर्व की कटौती के इस फैसले से वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता की लहर पैदा कर दी है। इससे डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर पहुंच गया है।

जिससे भी निवेशक बाजार से दूर हुए हैं। दिग्गज कंपनियों एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी गिरावट से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। विदेशी निवेशकों के घरेलू शेयर बाजारों से पैसा निकालने की वजह से भी स्टॉक मार्केट में गिरावट आई है।

इससे पहले आज सुबह बाजार में भारी गिरावट रही। इसी कारण सेंसेक्स करीब 1,000 अंक की गिरावट के साथ खुला। इस दौरान सभी क्षेत्रों में गिरावट दर्ज की गयी। सुबह सेंसेक्स 921.28 अंक करीब 1.15 फीसदी गिरावट के साथ 79,260.92 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 282.35 अंक तकरीबन 1.17 फीसदी नीचे आकर 23,916.50 अंक पर खुला।

**निवेशकों को 5.94 लाख करोड़ का घाटा**

इस गिरावट के बीच ही बीएसई सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकर 5.94 लाख करोड़ रुपये से घटकर 446.66 लाख करोड़ रुपये रह गया है। इस दौरान एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई और एचसीएल टेक के शेयर नीचे आये इसके अलावा एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी गिरावट रही। अमेरिका में रेट से जुड़ी आईटी कंपनियों के शेयर 5 फीसदी नीचे आये। एलटीआईमाइंडट्री, एमफेसिस और विप्रो के शेयरों में भी भारी गिरावट रही। इस बीच शेयर बाजार में उतारचढ़ाव के बीच ही इंडिया वीआई एक्स इंडेक्स 5 फीसदी उछलकर 14.37 पर पहुंच गया।

गौरतब है कि फेडरल रिजर्व ने नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की कमी की है।

# विदेशों से पैसा भेजने वालों में भारत दुनिया में नंबर वन पर

### 2024 में 10.7 लाख करोड़ रुपए रेमिटेंस के रूप में स्वदेश भेजे

**नई दिल्ली।**

विदेश से अपने देश पैसे भेजने वालों में भारतीय दुनियाभर में अव्वल हैं लगातार तीसरे साल भी यह सिलसिला बरकरार है। भारतीयों ने 2024 में 129 बिलियन डॉलर यानी करीब 10.7 लाख करोड़ रुपए भारत भेजे हैं। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 8.95 लाख करोड़ रुपए रेमिटेंस के रूप में स्वदेश भेजे गए थे। विश्व बैंक की एक ब्लॉग पोस्ट के मुताबिक रेमिटेंस पाने में भारत के बाद मैक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान का नंबर आता है। रेमिटेंस विदेशी मुद्रा अर्जित करने का एक जरिया है। भारत में खाड़ी देशों के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे विकसित देशों से रेमिटेंस आता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल रेमिटेंस की वृद्धि दर 5.8 फीसदी रही, जो 2023 के मुकाबले 1.2 फीसदी ज्यादा है। महामारी के बाद आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के सदस्य देशों में नौकरी बाजार की रिकवरी को इस वृद्धि का मुख्य कारण बताया है।

रिपोर्ट में यह भी बताया कि पिछले दशक में रेमिटेंस में 57 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 41 फीसदी की गिरावट आई है। विश्व बैंक ने कहा कि निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रेमिटेंस प्रवाह 2024 में 685 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में यह भी कहा कि प्रेषण अन्य बाहरी वित्तीय प्रवाहों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है और इसमें भविष्य में और बढ़ोतरी की संभावना है। दक्षिण एशिया में रेमिटेंस प्रवाह 2024 में 11.8 फीसदी की वृद्धि के साथ सबसे ज्यादा बढ़ने का अनुमान है। इस क्षेत्र में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश





प्रमुख योगदानकर्ता रहे। बता दें 2022 में प्रवासी भारतीयों ने 111.22 बिलियन डॉलर यानी करीब 9.28 लाख करोड़ रुपए भारत भेजे थे। इस कारण भारत 100 बिलियन डॉलर यानी 8.34 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रेमिटेंस पाने वाला पहला देश बन गया था। विश्व बैंक विशेषज्ञों का कहना है कि रेमिटेंस का इस्तेमाल गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य और शिक्षा के वित्तपोषण, और परिवारों की वित्तीय समावेशन में किया जाना चाहिए।

# सोने और चांदी की कीमतें गिरी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों के नीचे आने से घरेलू बाजारों में भी गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोने की कीमतें 0.93 फीसदी नीचे आकर 75,938 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 2.50 फीसदी फिसलकर 88,116 रुपए प्रति किलोग्राम रही गयीं। गत बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपए टूटकर 79,100 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले सत्र में 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत 79,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। तीन दिन की गिरावट के बाद बुधवार को चांदी 500 रुपए उछलकर 92,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वहीं मंगलवार को यह 91,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी। पिछले तीन सत्रों में चांदी 5,500 रुपए प्रति किलोग्राम गिरी है।




# इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर रिज्टा की कीमत में बढ़ोतरी




**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी कंपनी ने अपने पॉपुलर फैमिली इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर रिज्टा की कीमत बढ़ाने की घोषणा की है। एथर एनर्जी ने जानकारी दी है कि 1 जनवरी 2025 से इस स्कूटर की कीमत में 4,000 से 6,000 रुपये तक का इजाफा किया जाएगा। फिलहाल भारतीय बाजार में एथर रिज्टा की कीमत 1.10 लाख रुपये से 1.47 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के बीच है। एथर रिज्टा इलेक्ट्रिक स्कूटर को भारतीय बाजार में तीन वेरिएंट्स और सात कलर ऑप्शन के साथ लॉन्च किया गया है। यह स्कूटर अपने सेगमेंट में टीवीएस आईक्यूब और ओला एस1 एयर जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटरों को कड़ी टक्कर देता है। एथर रिज्टा की सबसे बड़ी खासियत इसका 56 लीटर का विशाल स्टोरेज स्पेस है, जो इसे भारत का पहला ऐसा इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाता है जिसमें इतना बड़ा स्टोरेज स्पेस दिया गया है। इसमें सीट के नीचे 34 लीटर का बूट स्पेस और फ्रंट एप्रॉन पर 22 लीटर का फ्रंक शामिल है। एथर रिज्टा में 4.3 किलोवॉट मोटर दी गई है, जो एथर 450एक्स में भी इस्तेमाल की जाती है। स्कूटर में दो बैटरी पैक विकल्प दिए गए हैं - 2.9केडब्ल्यूएच और 3.7केडब्ल्यूएच, जो क्रमशः 123 किमी और 160 किमी की रेंज देते हैं। चार्जिंग टाइम की बात करें तो 2.9केडब्ल्यूएच बैटरी को फुल चार्ज होने में 6 घंटे 40 मिनट और 3.7केडब्ल्यूएच बैटरी को 4 घंटे 30 मिनट का समय लगता है।

# लालू बोले: अमित शाह पागल हो गए हैं, इस्तीफा देना चाहिए

## केजरीवाल की नीतीश को चिट्ठी; शाह के बयान पर बीजेपी से समर्थन वापस लेने को कहा

**पटना।** अमित शाह के बाबा साहेब अंबेडकर पर दिए बयान पर बिहार में राजनीति तेज हो गई है। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर कहा अमित शाह पागल हो गए हैं। उन्हें बाबा साहेब से घृणा है। उनके बयान को हमने देखा, सुना है। उनके पागलपन का हम खंडन करते हैं। बाबा साहेब महान हैं, भगवान हैं।' साथ ही कहा कि 'शाह को राजनीति त्याग कर इस्तीफा दे देना चाहिए और भाग जाना चाहिए।' वहीं दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने लेटर में लिखा कि मुख्यमंत्री को अमित शाह के बयान की निंदा करनी चाहिए। साथ ही इस बयान पर उन्हें बीजेपी से समर्थन वापस ले लेना चाहिए। इससे पहले बुधवार को तेजस्वी यादव ने शाह के बयान पर सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- 'भाजपाई कान खोल कर सुन लें, बाबा साहेब अंबेडकर हमारे फैशन भी हैं, पैशन भी हैं, इंस्पिरेशन और मोटिवेशन भी हैं। आरएसएस-बीजेपी वालों ने सबसे पहले महात्मा गांधी जी को गाली दी, फिर जननायक कपूर्री ठाकुर को दी, फिर नेहरू को दी और अब अंबेडकर को गाली दे रहे हैं।' दरअसल, गृह मंत्री शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा था, 'अभी एक फैशन हो गया है। अंबेडकर, अंबेडकर... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।'



कांग्रेस ने इसे अंबेडकर का अपमान बताते हुए शाह के इस्तीफे की मांग की है। बयान पर सफाई दे चुके हैं शाह राज्यसभा में अंबेडकर को लेकर अपनी टिप्पणी पर गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई दी। कहा- 'संसद में बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए। भाजपा के सदस्यों ने ऐसा ही किया। जब साबित हो गया कि कांग्रेस अंबेडकर विरोधी पार्टी है, आरक्षण विरोधी है, संविधान विरोधी है, तो कांग्रेस ने अपनी पुरानी रणनीति अपनाते हुए बयानों को तोड़ना-मरोड़ना शुरू कर दिया।'इससे पहले खड़गे ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी को लेकर बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मांग की कि गृह मंत्री अमित शाह को रात 12 बजे से पहले बर्खास्त कर दें। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और शाह एक-दूसरे के पापों और बातों का बचाव करते हैं। चोर बोले जोर से- गिरिराज वही दिल्ली में आज मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने कहा- 'अगर कांग्रेस में हिम्मत है तो पूरा वीडियो दिखाए। कांग्रेस पार्टी को अपने पापों का प्रायश्चित करने के लिए उपवास और मौन व्रत करना चाहिए। अपने पाप को छिपाने के लिए भ्रम फैलाया जा रहा हैजनता में भ्रम फैलाना चाहते हैं इधर लालू यादव के बयान पर भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि 'देश के गृह मंत्री अमित शाह ने जब सच्चाई बताई कि बाबा साहेब के बारे में आपका क्या ख्याल है। तो विपक्ष तिलमिला उठा है। लालू यादव जैसे राजनीतिक के जोकर इस तरह का बयान दे रहे हैं।' लालू जी थोड़ा शर्म कीजिए। आपने अपनी बेटी का नाम मीसा रखा है। मीसा में जेल में बंद रहने के दौरान और आज कुर्सी के लिए चरण वंदना कर रहे हैं। आपलोग दलितों के हत्यारे हैं। आप लोगों ने बाबा साहेब को चुनाव में हरवाने का काम किया था। आपको लग रहा है कि गृह मंत्री गलत बोल रहे हैं। आपलोग राजनीतिक आपराधिक और फ्रॉड हैं। इतिहास को गलत बताने वाले लोग हैं। वहीं बिहार सरकार के मंत्री और जदयू नेता अशोक चौधरी ने कहा कि 'जनता की वोट से वो हरा नहीं पा रहे हैं। बात की वोट से हराना चाहते हैं। भ्रम पैदा करना चाहते हैं।'

**भाजपाई कान खोल कर सुन लें, बाबा साहेब अंबेडकर हमारे फैशन भी हैं, पैशन भी हैं, इंस्पिरेशन और मोटिवेशन भी**

### बयान पर सफाई दे चुके हैं शाह



**राज्यसभा में अंबेडकर को लेकर अपनी टिप्पणी पर गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई दी। कहा- 'संसद में बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए। भाजपा के सदस्यों ने ऐसा ही किया। जब साबित हो गया कि कांग्रेस अंबेडकर विरोधी पार्टी है, आरक्षण विरोधी है, संविधान विरोधी है, तो कांग्रेस ने अपनी पुरानी रणनीति अपनाते हुए बयानों को तोड़ना-मरोड़ना शुरू कर दिया।'**

## पति ने कुल्हाड़ी से काटा पत्नी का गला


**गुमला।** में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद वो घर से पैदल ही 30 किलोमीटर दूर थाना पहुंचा और सरेंडर कर दिया। मामला बीती देर रात पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत पाहन टोली सारु बेरा की है। दंपती और गांव की दो महिला साथ में शराब पी रहे थे। इसी बीच किसी बात पर विवाद हुआ और आरोपी ने पत्नी की हत्या कर दी। मृतका की पहचान कार्सेसिया केरकेट्टा (47) के रूप में की गई है। वहीं, मृतका का पति फूलचंद केरकेट्टा (52) पुलिस गिरफ्त में है। सुबह पालकोट थाना प्रभारी मोहम्मद



जहांगीर आरोपी पति को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और वारदात की पूरी जानकारी ली। पुलिस ने कुल्हाड़ी बरामद कर लिया है।मृतका के बेटे अश्विन केरकेट्टा ने बताया कि बुधवार को माता-पिता दोनों ही पोजेंगा बाजार साथ में गए थे।

## मोहनिया विधायक ने कांग्रेस को घेरा

**कैमूर।** के मोहनीया पहुंची राजद के बागी विधायक संगीता कुमारी ने कहा गृह मंत्री अमित शाह के बयान को तोड़ मरोड़ कर कांग्रेस और राजद के लोगों द्वारा पेश किया जा रहा है। कांग्रेस के रीजन में ना तो बाबा साहब को संसद में भेजा गया और ना ही उनको सम्मान दिया गया। जबकि भारत रत्न देने का काम बीजेपी ने किया और संसद में प्रतिमा लगाने का काम भी भाजपा ने किया। कांग्रेस के लोग सिर्फ उनके नाम पर वोट लेते आए हैं और सम्मान देने का काम सिर्फ भाजपा कर रहा है । मोहनिया वीधायक संगीता कुमारी ने कहा अमित शाह जी के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया



है। कांग्रेस ने सम्मान अंबेडकर जी को क्यों नहीं दिया। अंबेडकर जी को संसद में जाने से किसने रोका । बाबा साहब को सम्मान भाजपा ने दिया। संसद में बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति भारतीय जनता पार्टी ने लगवाया और भारत रत्न की उपाधि भारतीय जनता पार्टी ने दिया। संविधान का गला घोट कर 1975 का इमरजेंसी लगा। उसको देस कभी भुला नहीं है।दलितों का कांग्रेस हितैषी नहीं है। दलितों का सिर्फ वोट लेने का काम करती है और सम्मान नहीं देती है। जगजीवन बाबू को प्रधानमंत्री बनाने कांग्रेस ने नहीं दिया। उनका वीडियो और ऑडियो क्लिप के माध्यम से साजिश कर बनने नहीं दिया और जब बाबा साहब को संसद में भेजने की बात आई तो उनको भेजा नहीं और आज अमित शाह जी के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे हैं और दलितों को भी भ्रमित करने प्रयास कर रहे हैं। ' कांग्रेस ने संसद में संविधान का चीर हरण किया और सबसे ज्यादा संशोधन किया। भारतीय जनता पार्टी ने संविधान का संशोधन किया तो देश हित में किया। आपातकाल और संविधान का चीर हरण करने वाले लोगों को संविधान पर बोलने का कोई हक नहीं है।

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले जल संसाधन मंत्री

**पटना।** जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस दौरान बिहार में बाढ़ नियंत्रण से संबंधित 6650.33 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी देने का अनुरोध किया। रिवर मैनेजमेंट इन बॉर्डर एरिया के तहत 2147.58 करोड़, बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के तहत 4502.75 करोड़ की योजनाओं के डीपीआर जल शक्ति मंत्रालय में सौंपा गया है। साथ ही बजट भाषण में घोषित 11500 करोड़ की राशि के तहत प्रथम चरण में बाढ़ नियंत्रण से संबंधित 6650.33 करोड़ की प्रस्तावित



योजनाओं की तत्काल स्वीकृति के लिए संबंधित प्राधिकार को आवश्यक निदेश देने का अनुरोध किया है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि बिहार हमेशा देश के बाहर से आने वाली नदियों की बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित होता रहा है। नेपाल भाग में बाढ़ नियंत्रण से संबंधित संरचनाओं के निर्माण में कोई प्रगति नहीं हो पाई है। बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई योजना सहित अन्य संसाधनों से बाढ़ प्रबंधन व बराज निर्माण के लिए योजनाओं की तेजी से मंजूरी जरूरी है। इस मौके पर राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा मौजूद थे। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि 27 सितंबर से 30 सितंबर के बीच पूरे नेपाल में तेज बारिश हुई। वहां से आने वाली गंडक, बागमती, कोशी, महानंदा आदि नदियों के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि होने से उच्चतम जल स्तर के सारे रिकार्ड टूट गए। कोसी और गंडक में तो अनेक स्थानों पर लंबी दूरी में तटबंधों के ऊपर से बाढ़ का पानी बह गया। जल संसाधन मंत्री ने कहा इन नदियों पर पूर्व से निर्मित तटबंध अब पूरी सुरक्षित नहीं रही। इसके दो प्रमुख कारण है।

## सीवान में पुलिसकर्मी ने गुमटी में मारी टक्कर

**सीवान।** के महादेवा थाना के पास शराब के नशे में धुत एक पुलिसकर्मी ने कार से गुमटी में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पुलिस गंभीर रूप से घायल हो गए। लेकिन गुमटी के पास खड़े लोग बाल-बाल बच गए। घायल पुलिसकर्मी पश्चिमी चंपारण के गोपालपुर निवासी प्रमोद तिवारी बताया जा रहा है। बता दें कि रढ अपने काम में लापरवाही को लेकर पहले ही सस्पेंड किया जा चुका है। शराब की नशे में धुत था सिपाही स्थानीय लोगों ने बताया कि नशे में धुत कार में सवार होकर प्रमोद तिवारी कही जा रहे थे, तभी उन्होंने गुमटी में ठोकर मार दिया। वहां



मौजूद सभी लोग बाल-बाल बच गए और एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। जबकि पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इस संबंध में जब पुलिस कर्मी से पूछताछ की गई तो वह सदर अस्पताल से भाग निकला।

## संक्षिप्त डायरी

### 1 फीट का रोशनदान तोड़कर लॉकअप से भागा प्रेमी

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में हाजत (लॉकअप) में बंद एक आरोपी रोशनदान तोड़कर भाग निकला। पुलिस ने उसके साथ उसकी प्रेमिका (24) को भी हंगामा करते हुए पकड़ा था। प्रेमिका ने आरोप लगाया था कि नीतीश (28) से सोशल मीडिया के जरिए ढाई साल पहले



बातचीत शुरू हुई। उसके बाद दोनों प्यार करने लगे। लड़की का आरोप है कि नीतीश शादी का झांसा देकर बार-बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता था। 3 नवंबर को भी नीतीश ने उसे पटना बुलाकर चार दिनों तक होटल में रखा और संबंध बनाया और उसके बाद घर भेज दिया। शादी से मुकरने के बाद दोनों के बीच हंगामा हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने 18 दिसंबर को दोनों को पकड़कर थाने लेकर आई थी।युवती ने पुलिस को बताया है कि नीतीश ने 17 दिसंबर को शादी की बात कहकर सुरसंड इलाके के होटल में बुलाया। यहां भी नीतीश ने उसके साथ संबंध बनाए। नीतीश ने फिर 18 दिसंबर को कटरा मंदिर में शादी करने की बात कहकर बाइक पर बैठने को कहा, लेकिन बोखड़ा थाना के पास पहुंचते ही नीतीश ने लड़की को बाइक से उतरने को कहा और भागने की कोशिश करने लगा।लड़की ने शोर मचाकर उसे पकड़ लिया। युवक ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया। शोर सुनकर और भी लोग जुट गए। हंगामा बढ़ा तो मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया और थाने लेकर आई। डीएसपी अतनु दत्ता ने बताया कि 'युवक को खोजने के लिए छापेमारी की जा रही है। लड़की फिलहाल थाने पर है। पेरेंट्स के आने के बाद उनके बयान के आधार पर कार्रवाई होगी।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**आरा।** सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव स्थित पंचायत भवन के समीप बुधवार की देर शाम अनियंत्रित होकर बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो



गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा,-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के धमनिया गांव वार्ड नंबर तीन निवासी नागेंद्र कुमार चौबे का 22 वर्षीय पुत्र अरुणोदय राज है। वह प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मृतक के चचेरे भाई अंबिकेश कुमार ने बताया कि वह बुधवार को आरा किसी दूसरे कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए आया था। इंटरव्यू देने के बाद जब बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। उसी बीच कसाप गांव स्थित पंचायत भवन के समीप विपरीत दिशा से आ रही किसी अज्ञात बाहन या पशु से चकमा खाकर बाइक का अनियंत्रित होकर बिजली के पोल में जाकर टकरा गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय घटनास्थल पहुंची और पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। जिसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

### बदमाशों ने युवक को गोली मारकर किया घायल



**मुजफ्फरपुर।** जिले के सकरा थाना क्षेत्र के बुधवार की रात बाइक सवार दो अज्ञात अपराधकर्मी ने लूट के दौरान एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया है। घायल युवक की पहचान जिब्रिल आलम के रूप में हुई है। जिसके हाथ में गोली लगी है। घटना के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भेज दिया गया। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। जिब्रिल आलम सकरा थाना क्षेत्र के सुजावलपुर चौक पर स्थित अपने मीट की दुकान को बंद कर एक टोटो पर सवार होकर अपने घर रहीमपुर को जा रहा था। रक्सा चौड़ के पास बाइक सवार दो अपराधी वहां पहुंचे और लूटपाट करने लगे। इसी दौरान जब टोटो सवार लोगों ने विरोध किया तो अपराधियों ने गोली चला दी। जिसमें एक गोली टोटो सवार रहीमपुर निवासी जिब्रिल आलम को लग गई। जिसके बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना प्राप्त होते ही सकरा थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटे गए। सकरा थाना प्रभारी ने बताया गोली लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया है।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।जांच के बाद घटना का सही कारण पता चलेगा।

## 250 रुपए नहीं देने पर दोस्त को मारा चाकू'

**भोजपुर।** के गीधा गांव में बुधवार की देर शाम दोस्त ने अपने दोस्त को पैसे नहीं देने के विवाद में चाकू मार दी। आरोपी दोस्त ने युवक को बाएं हाथ,पीठ एवं पेट में चाकू मारी है। चाकू लगने के बाद खून से लटपथ युवक को जख्मी हालत में अन्य दोस्तों के मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक गीधा गांव के वार्ड 6 निवासी नंद लाल पासवान का 19 वर्षीय पुत्र चंदू पासवान है। आरोपी युवक का नाम इमामुद्दीन है। जिसने ढ़ाई सौ रुपए नहीं देने पर दोस्त को चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना के दौरान मौजूद अन्य दोस्तों ने मामला को शांत कराया।जख्मी युवक चंदू ने बताया कि समान रीदने के लिए उसके दोस्त इमामुद्दीन ने चार पांच सौ रुपए मांगे थे। जिसमें मैंने उसे ढ़ाई सौ रुपए देकर चला गया था। इसके बाद उसने कहा कि मुझे और ढ़ाईतीन सौ रुपए चाहिए। इतना में घर का सामान नहीं आयेगा।मैंने कहा कि मेरे पास इतना ही है लेकिन तुम गांव के रोड पर आओ कुछ पैसा जुगाड़ कर देता हूं। इसी बात को लेकर उसने गाली देना शुरू कर दिया। जब मैंने इसका विरोध किया तो उसने चाकू निकालकर ताबड़तोड़ मारना शुरू कर दिया।



## आरजेडी विधायक के भाई का सरेंडर, कोर्ट ने भेजा जेल

**पटना।** आरजेडी विधायक रीतलाल यादव के भाई पिंकू यादव ने गुरुवार को दानापुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। वो पटना AIIMS के सिक्योरिटी ऑफिसर पर जानलेवा हमला मामले में फरार चल रहा था। दानापुर कोर्ट ने पिंकू यादव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस दौरान कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। आज प्रशासन कुर्की के लिए विधायक के भाई के घर पहुंचा था। कार्रवाई शुरू होने से पहले ही पिंकू ने सरेंडर कर दिया। बुधवार देर रात पुलिस ने आरजेडी विधायक रीतलाल यादव के भाई पिंकू यादव के घर पर छापेमारी की थी। रेड के दौरान पुलिस ने 3 बंदूक बरामद हुई थी। इनका लाइसेंस भी नहीं था। इसके अलावा 11 लाख कैश, नोट गिनने की मशीन, पुराने स्टांप पेपर, जमीन के कागजात भी छापेमारी में मिले थे।पुलिस ने फाइनेंशियल डॉक्यूमेंट्स भी बरामद किए हैं। इसमें पैसे के लेनदेन का जिक्र है।पिंकू यादव पर आरोप है कि उसने 22 अगस्त 2024 को पटना AIIMS के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर पर जानलेवा हमला करवाया था। वो इस घटना के बाद से ही फरार था।दानापुर-2 एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया में खगौल थाना में दर्ज केस 284/24 में कोर्ट के आदेश पर वारंट जारी हुआ था। इसी सिलसिले में पिंकू यादव उर्फ टिंकू यादव के कोठवा स्थित ठिकानों पर छापेमारी की गई है।इससे पहले 13 नवंबर को पुलिस ने पिंकू यादव के घर पर सरेंडर करने के लिए नोटिस चिपकाया था। बुधवार देर रात पुलिस पिंकू यादव की तलाश में पहुंची थी, लेकिन वो नहीं मिला। AIIMS के सिक्योरिटी चीफ पर गोली चलवाने का आरोप22 अगस्त 2024 को AIIMS के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर प्रेमनाथ राय पर जानलेवा हमला किया गया था। दीघा एलिवेटेड रोड पर घर से ऑफिस जाते समय अपराधियों ने उनकी गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। जिसमें वो बाल-बाल बच गए थे।इस मामले में दानापुर से आरजेडी के बाहुबली विधायक रीतलाल यादव के भाई पिंकू यादव का नाम मास्टमाइंड के रूप में सामने आया था। जिसके बाद 23 अगस्त को प्रेमनाथ राय ने खगौल थाने में लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी। आरोप है कि पिंकू यादव AIIMS में गार्ड की नियुक्ति में अपने लोगों को रखना चाहता था।नौकरी के नाम पर लिए गए थे 60 हजार बताया जाता है कि इसके लिए उसने 35 लोगों से 60-60 हजार रुपए भी वसूले गए थे।

वसूली की रकम के आधे पैसे पिंकू यादव को रखने थे। बाकी के पैसे का बंटवारा होना था, लेकिन AIIMS चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर के इनकार करने के बाद पिंकू यादव परेशानी बढ़ गई थी।

**4 महीने पहले AIIMS सिक्योरिटी चीफ पर चलवाई गोली; रेड में बंदूकें, 11 लाख बरामद**





# बेर के सेवन से पाएं कई सेहत समस्याओं से निजात

'बेर' खास और खट्टा-मीठा फल है। यह फल खाने में जितना अच्छा लगता है, इसके फायदे भी उतने ही होते है। यदि आप ठंड में बेर का सेवन करते हैं तो इस मौसम में होने वाली सेहत समस्या और अन्य कई समस्याओं से निजात भी पा सकते हैं। आइए, जानते हैं बेर फल को खाने से मिलने वाले फायदे –

- यदि आपकी त्वचा पर कट लगा हो या घाव हो जाए तो आप बेर का गूदा घिसकर घाव पर लगा लें। ऐसा करने से घाव जल्दी भरता है।
- बेर का सेवन खुश्की और थकान को दूरने में मदद करता है।
- बेर की पत्तियों में कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, पोटेशियम, सोडियम, क्लोरीन, प्रचुर मात्रा में होता है। यदि आप बेर और नीम के पत्ते पीसकर सिर में लगाएं तो इससे सिर के बाल गिरने कम होते हैं।
- बेर का जूस पीने से बुखार और फेफड़े संबंधी रोग ठीक होते है।
- बेर पर नमक और काली मिर्च लगाकर खाने से अपच की समस्या दूर होती है।
- सूखे हुए बेर खाने से कब्ज और पेट संबंधित परेशानियां दूर होती हैं।
- अगर आप बेर को छाछ के साथ लेंगे तो इससे घबराहट, उलटी आना और पेट दर्द से राहत मिलती है।
- नियमित बेर खाने से अस्थमा के रोगियों को भी आराम मिलता है साथ ही अगर किसी को मसूड़ों में घाव हो गया हो तो वह भी जल्दी भर जाता हैं।



# टमाटर सूप है बेहद फायदेमंद

लाल लाल स्वादिष्ट टमाटर कई सब्जियों व डिश का अहम हिस्सा होते है। कच्चे टमाटर के अलावा उनका सूप भी बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है। आमतौर पर खाने से पहले स्टार्टर के तौर पर लिए जाने वाले टमाटर सूप में विटामिन A, E, C, K और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। जो आपको हेल्दी और फिट रखने में मदद करते हैं। टमाटर सूप पीने से सेहत को मिलने वाले गजब के फायदे –

## हड्डियों के लिए फायदेमंद

टमाटर सूप में विटामिन K और केल्शियम होता है जो हड्डियों को मजबूत रखता है। इसके अलावा शरीर में लाइकोपीन की कमी होने से भी हड्डियों पर तनाव बढ़ता है और टमाटर में काफी मात्रा में लाइकोपीन होता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा होता है।

## दिमाग को रखें दुरुस्त

टमाटर सूप में भरपूर मात्रा में कॉपर और पोटेशियम पाया जाता है, जिससे नर्वस सिस्टम ठीक रहता है और दिमाग को मजबूती मिलती है।

## विटामिन की कमी करे पूरी

टमाटर सूप में विटामिन A और C अच्छी मात्रा में होता है। विटामिन इ, टिशू के विकास के लिए जरूरी होता है। कहते है कि शरीर में रोजाना 16% विटामिन A और 20% विटामिन C की जरूरत होती है और टमाटर सूप इसकी जरूरत को पूरा करता है।

## वजन करे कम

टमाटर सूप को अगर ऑलिव ऑयल से बनाया जाए तो यह वजन घटाने में सहायक होता है, क्योंकि इसमें पानी और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे आपको काफी समय तक भूख नहीं लगती।

## कैंसर का खतरा करे कम

टमाटर सूप में लाइकोपीन और कैरोटोनॉयड जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जिससे कैंसर की आशंका कम हो जाती है।

## ब्लड शुगर को करे नियंत्रण

डायबिटीज के मरीजों को डाइट में टमाटर सूप जरूर लेना चाहिए। इसमें क्रोमियम होता है, जो ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखने में सहायक होता है।

## रक्त प्रवाह को बढ़ाए

टमाटर में सेलेनियम होता है, जो रक्त प्रवाह को बढ़ाता है जिससे एनिमिया का खतरा कम हो जाता है।



# रात में सोने से पहले गर्म पानी के साथ करें गुड़ का सेवन

**गुड़ एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो आपको घर की रसोई में ही बड़ी आसानी से मिल जाएगा। इसका सेवन अगर अलग-अलग रूपों से किया जाए तो यह हमारी सेहत को नीचे बताई जा रही बीमारियों की चपेट में आने से बचाए रख सकता है।**

## गुड़ के फायदे

रात में सोने से पहले गर्म पानी के साथ करें गुड़ का सेवन, इन जानलेवा बीमारियों का खतरा हो जाएगा कमसेहतमंद बने रहने के लिए हमें कई प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन नियमित रूप से भी करना चाहिए। खाने के बाद हमें अक्सर किसी मीठे पदार्थ को खाने की सलाह दी जाती है ताकि पाचन क्रिया में आसानी हो। इन खाद्य पदार्थों में गुड़ का भी नाम शामिल है जो आमतौर पर सभी घरों में बड़ी आसानी से मिल जाता है। विभिन्न प्रकार के पकवानों को बनाने में भी गुड़ का इस्तेमाल किया जाता है। इसका अलग-अलग रूप से सेवन करें तो यह हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इस लेख में आपको गुड़ का सेवन करने से होने वाले विशेष फायदों के बारे में बताया जाएगा ताकि आप भी अपनी दिनचर्या में इसको शामिल करके सेहतमंद बने रहें।

## वजन घटाने में

वजन घटाने के लिए मुख्य रूप से गुड़ के पानी का सेवन करने की सलाह दी जाती है। कई मशहूर डायटिशियन भी सुझाव देते हैं कि जिन लोगों को मोटापे की समस्या है, उन्हें नियमित रूप से गुड़ के पानी का सेवन करना चाहिए1 इससे वजन को कम करने में प्रभावी रूप से असर दिखाई पड़ने लगता है।

## पाचन क्रिया को ठीक करने के लिए

पाचन क्रिया को अगर थोड़ी भी समस्या का सामना करना पड़ता है तो यह में कई प्रकार की बीमारियों की चपेट में ला सकता है। एक अध्ययन के अनुसार इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है। फाइबर एक ऐसा पोषक तत्व है जो मुख्य रूप से पाचन क्रिया को सुचारू रूप से चलाए रखने के लिए शरीर के लिए बहुत आवश्यक होता है। गुड़ के जरिए इस पोषक तत्वों की पूर्ति करके पाचन क्रिया को मेंटेन रखा जा सकता है।

## खून की कमी होने से बचाए

खून की कमी सबसे ज्यादा गर्भावस्था में महिलाओं को परेशान कर सकती है और यह समस्या गर्भस्थ शिशु के लिए मुसीबत बन सकती है। चूंकि गुड़ में आयरन की काफी मात्रा होती है इसलिए महिलाओं के लिए इसका सेवन खून की कमी होने से रोकेगा और जच्चा-बच्चा दोनों को स्वस्थ रखने में भी मददगार साबित होगा। हालांकि, पहली और दूसरी तिमाही में गुड़ का सेवन न करने की सलाह दी जाती है क्योंकि गुड़ की तासीर गर्म होती है और यह बच्चे के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुधारने के लिए

रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) को मजबूत बनाकर आप कई प्रकार कीसंक्रामक बीमारियों और कुछ जानलेवा बीमारियों के खतरे से भी बचे रह सकते हैं। एक वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार, गुड में मौजूद जिंक और विटामिन-सी की मात्रा रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए प्रभावी रूप से मददगार साबित होती है। इसलिए जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर है, वे गुड़ का सेवन कर सकते हैं।

## ब्लड प्रेशर को कम करे

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से हर साल पूरी दुनिया में लाखों लोगों की मौत होती है। इसे हाइपरटेंशन के नाम से भी जाना जाता है। जबकि गुड़ में मौजूद पोटेशियम की मात्रा आपको हाइपरटेंशन की समस्या से बचा सकती है। इतना ही नहीं, गुड में मौजूद पोटैशियम की मात्रा आपके ब्लड प्रेशर को संतुलित बनाए रखने के साथ-साथ स्ट्रोक, ओस्टियोपोरोसिस और किडनी स्टोन की समस्या से भी शरीर को सुरक्षा प्रदान करती है।

## लिवर को साफ रखने के लिए

लिवर की क्लीनिंग करना बहुत जरूरी है, नहीं तो यहां अल्सर और इंफेक्शन की भी समस्या हो सकती है। लिवर में अगर लंबे समय तक संक्रमण बना रहता है तो यह कैंसर का रूप ले सकता है। जबकि गुड़ में मौजूद डिटॉक्सिक गुण टॉक्सिक पदार्थों को लिवर से बाहर निकालने का कार्य कर सकता है। इसके लिए आप चाहे तो गुड़ को गर्म पानी में उबालकर भी इसका सेवन कर सकते हैं।

## गुड़ खाने के नुकसान क्या हैं?

गुड़ खाने के फायदे के साथ-साथ आपको इससे होने वाले संभावित नुकसान के बारे में भी बताया जा रहा है ताकि आप अपनी सेहत का खास ख्याल रख सकें। अधिक मात्रा में किसी भी खाद्य पदार्थ का सेवन करना नुकसानदायक होता है और गुड़ के साथ भी यही बात लागू होती है। अधिक मात्रा में यदि आप गुड़ का सेवन करते हैं तो यह शुगर, मोटापा और टाइप टू डायबिटीज का खतरा भी बढ़ा सकता है।



# पोषण के मामले में सभी दालों पर भारी है मूंग दाल

**दालें प्रोटीन से भरपूर होती हैं। वैसे तो हर दाल पोषक तत्वों से भरपूर होती है लेकिन फिर भी अगर आपको प्रोटीन की मात्रा से के साथ कुछ परेशानियों को जड़ से खत्म करना है, तो आप अपनी डाइट में मूंग दाल जरूर जोड़ें। किसी भी रूप में मूंग दाल के सेवन के कई फायदे हैं।**

## दाल के पोषक तत्व

- दालों में सबसे पौष्टिक दाल, मूंग की होती है, इसमें विटामिन ए, बी, सी और ई की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम की मात्रा भी मूंग में बहुत होती है। इसके सेवन से शरीर में कैलोरी भी बहुत नहीं बढ़ती है। अगर अंकुरित मूंग दाल खाएं तो शरीर में कुल 30 कैलोरी और 1 ग्राम फैट ही पहुंचता है।
- अंकुरित मूंग दाल में मैग्नीशियम, कॉपर, फोलेट, राइबोफ्लेविन, विटामिन, विटामिन सी, फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन बी -6, नियासिन, थायमिन और प्रोटीन होता है।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ग्लूकोज लेवल बहुत कम होता है इस वजह से मधुमेह रोगी इसे खा सकते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ओलियोसाच्याराइडस होता है जो पॉलीफिनॉल्स से आता है। ये दोनों की घटक, गंभीर रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रबल करते हैं। कैंसर के रोगी भी इसका सेवन आराम से कर सकते हैं।
- मूंग की दाल में ऐसे गुण होते हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा देते हैं और उसे बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। इसमें एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफलामेट्री गुण होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में शरीर के टॉक्सिक को निकालने के गुण होते हैं। इसके सेवन से शरीर में विषाक्त तत्वों में कमी आती है।

## ऐसे बनाएं हेल्दी मूंग दाल का चीला

रात को मूंग दाल को एक पैन में पानी डालकर रख दें। इसके बाद सुबह इसे छान कर ग्राइंडर में पीस लें। इसके बाद इसमें नमक डालकर अच्छी तरह से मिला लें। अब तवा को गर्म करें। गर्म हो जाने में थोड़ा सा तेल डालकर मूंग दाल के पेस्ट को डालकर अच्छी तरह से फैला लें। इसके बाद इसमें सभी सब्जियां और पनीर डाल दें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा घी डालकर दूसरी तरफ भी सेंक लें। इसके बाद इसे प्लेट में निकाल लें। आपका मूंग दाल का चीला बनकर तैयार हैं। इसे हरी या लाल चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।



# नारियल पानी के सेवन से मिलते हैं बेहतरीन सेहत लाभ

**नारियल पानी अधिकतर लोगों को पसंद आता है। लेकिन ये सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि सेहत के लिहाज से भी काफी फायदेमंद है। दरअसल, इसमें शरीर के लिए फायदेमंद कई तरह के विटामिन्स, मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट पाए जाते हैं। जो आपको कई सेहत लाभ देते है। तो आइए जानते हैं नारियल पानी से क्या-क्या फायदे मिलते हैं.**

- नारियल पानी का सेवन लिवर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। नारियल पानी में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। जो लिवर में कई तरह के विषाक्त पदार्थों की गतिविधि को कम करते हैं। इसका सेवन करना लिवर के लिए काफी लाभकारी होता है।
- पेट के लिए नारियल पानी बेहद फायदेमंद है। इसके सेवन से पेट दर्द, एसिडिटी, अल्सर में थोड़ा-थोड़ा नारियल पानी पीने से आराम मिलता है।
- ऊर्जावान रहने के लिए नारियल पानी काफी अच्छा होता है। इसके सेवन से कमजोरी, थकान, चक्कर आने जैसी समस्याओं में इसको पीने से तत्काल लाभ प्राप्त होता है।
- नारियल पानी हृदय रोग का जोखिम कम करने का काम करता है। इसके सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल कम होता है।
- वजन कम करना चाहते है, तो नारियल पानी आपकी बहुत मदद करेगा। यह कैलोरी में कम और पचाने में आसान होता है। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो वजन और मोटापा कम करने में मददगार हैं।
- त्वचा में ग्लो और स्किन बिलकुल क्लिन रखना चाहते है तो नारियल पानी आपको नियमित रूप से पीना चाहिए। यदि चेहरे पर मुहांसे और दाग धब्बों की समस्या बढ़ गई है, तो नारियल पानी का सेवन आपकी सारी समस्या को दूर करेगा।



# इस आयुर्वेदिक चाय से मजबूत होगा इम्यून सिस्टम

**अगर आपकी प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ गई है और आप बार-बार सर्दी, खांसी, जुकाम या बुखार से पीड़ित हो रहे हैं तो आपको जरूरत है इस खास आयुर्वेदिक चाय की। तुलसी और अन्य मसालों से बनी ये चाय तेजी से आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएगी।**

## चाय बनाने की सही विधि

**सामग्री :** तुलसी के सुखाए हुए पत्ते (जिन्हें छाया में रखकर सुखाया गया हो) 500 ग्राम, दालचीनी 50 ग्राम, तेजपान 100 ग्राम, ब्राह्मी बूटी 100 ग्राम, बनफशा 25 ग्राम, सौंफ 250 ग्राम, छोटी इलायची के दाने 150 ग्राम, लाल चन्दन 250 ग्राम और काली मिर्च 25 ग्राम।

**विधि :** सब पदार्थों को एक-एक करके इमाम दस्ते (खल बत्ते) में डालें और मोटा-मोटा कूटकर सबको मिलाकर किसी बरनी में भरकर रख लें। बस, तुलसी की चाय तैयार है। दो कप चाय के लिए यह 'तुलसी चाय' का मिश्रण (चूर्ण) आधा छोटा चम्मच भर लेना काफी है।

दो कप पानी एक तपेली में डालकर गरम होने के लिए आग पर रख दें। जब पानी उबलने लगे तब तपेली नीचे उतार कर आधा छोटा चम्मच मिश्रण डालकर फौरन ढक्कन से ढंक दें। थोड़ी देर तक उबलने दें फिर छानकर कप में डाल लें। इस चाय में दूध नहीं डाला जाता। मीठा करना चाहें तो उबलने के लिए आग पर तपेली रखते समय ही उचित मात्रा में शकर डाल दें और गरम होने के लिए रख दें।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए गतिरोध समाप्त, भारत और पाकिस्तान के बीच बनी सहमति

**दुबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच 2024 से 2027 तक चैंपियंस ट्रॉफी और आईसीसी स्पर्धाओं के लिए हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बन गई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के गतिरोध को समाप्त हो गया है और भारत और पाकिस्तान ने हाइब्रिड मॉडल पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पक्षों में हुए समझौते के तहत आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी स्पर्धा में भारत के मैच तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे। इसके बदले में भारत में आयोजित होने वाली आईसीसी स्पर्धाओं में भारत के साथ पाकिस्तान के मैच भी तटस्थ स्थल पर होंगे।

दोनों पक्षों में हुए समझौते पर आईसीसी बोर्ड में मतदान हो सकता है। यह समझौता पाकिस्तान में पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025, भारत में वर्ष 2025 में होने वाले महिला एकदिवसीय विश्वकप तथा 2026 में भारत और श्रीलंका में आयोजित होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप पर लागू होगा। ऐसा माना जा रहा है यह 2028 में पाकिस्तान में होने वाले महिला टी-20 विश्वकप पर भी यह लागू हो सकता है। तटस्थ स्थल का प्रस्ताव टूर्नामेंट के मेजबान बोर्ड द्वारा किया जाएगा और उसे आईसीसी द्वारा अनुमोदित किया जायेगा।

आईसीसी ने कहा है कि उसे भारत, पाकिस्तान और किसी अन्य एशियाई पूर्ण सदस्य राष्ट्र को शामिल करने वाले त्रिकोणीय टी-20 टूर्नामेंट के आयोजन पर कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते कि ऐसे टूर्नामेंट तटस्थ स्थल पर खेले जाएं। इस तरह की त्रिकोणीय श्रृंखला का विचार अगले साल की चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों की मेजबानी खोने के लिए पाकिस्तान के मुआवजे के रूप में आया।



# रियाल मैड्रिड ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता, कोच एंसेलोटी ने बनाया रिकॉर्ड



**लुसैल (कतर) (एजेंसी)।** रियाल मैड्रिड ने मैक्सिको की टीम पचुका को 3-0 से हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता, जिससे कार्लो एंसेलोटी क्लब के इतिहास में सर्वाधिक ट्रॉफियां जीतने वाले कोच बन गए।

रियाल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता। एंसेलोटी ने इस तरह से मिगुएल मुनोज़ को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1960 और 70 के दशक में स्पेन के इस क्लब का कोच रहते हुए 14 खिताब जीते थे। एंसेलोटी ने मैच के बाद कहा, 'मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। हमारी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमने अच्छा अंत किया।'

किलियन एम्बाप्पे, रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया जिससे रियाल मैड्रिड चार खिताबों के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल क्लब बन गया। इससे पहले उसने 1960, 1998 और 2002 में भी यह टूर्नामेंट जीता था।

# क्रिकेटर के तौर पर खेलता रहूंगा: अश्विन



**-2025 सत्र में सीएसके की ओर से खेलेंगे**

**चेन्नई (एजेंसी)।** अनुभवी स्पिन आर अश्विन ने कहा है कि भले ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है पर एक क्रिकेटर के तौर पर वह अभी खेलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं जितने अधिक समय तक हो उतने लंबे समय तक खेलता रहूंगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के ड्रॉ होने के तत्काल बाद ही अश्विन ने खेल को अलविदा कह दिया था। इसी के साथ ही भारतीय टीम के साथ उनका 14 साल का करियर भी समाप्त हो गया। अब अश्विन आगामी आईपीएल 2025 सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेलने को तैयार हैं। उन्हें पिछले महीने मेगा नीलामी में 9.75 करोड़ रुपए में खरीदा गया था।

अश्विन ने कहा, मैं सीएसके के लिए खेलने जा रहा हूं और अगर मैं लंबे समय तक खेलने की कोशिश करता हूं तो हैरान न हों। मुझे नहीं लगता कि अश्विन क्रिकेटर के तौर पर खेलना बंद कर चुके हैं, मुझे लगता है कि अश्विन के भारतीय क्रिकेटर के तौर पर शायद अब खेलने का समय आ गया है। बस इतना ही। अपने संन्यास के बारे में बात करते हुए अश्विन ने खुलासा किया कि यह फैसला सहज था और उन्हें राहत और संतुष्टि की भावना का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा, यह बहुत से लोगों के लिए भावनात्मक है। यह भावनात्मक होगा, शायद यह उनके दिमाग में उतर जाए। लेकिन मेरे लिए, यह राहत और संतुष्टि की बहुत बड़ी भावना है।

अश्विन ने 106 टेस्ट मैचों में 24 की औसत से 537 विकेट के साथ अपने करियर का अंत किया और दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने बल्ले से छह टेस्ट शतक और 14 अर्द्धशतक भी लगाए। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच एडिलेड में खेला गया डे-नाइट टेस्ट था जिसमें उन्होंने 1-53 रन बनाए थे।

# मेलबर्न टेस्ट में जसप्रीत बुमराह रच सकते हैं इतिहास, निशाने पर कई दिग्गजों का महारिकॉर्ड

**मेलबर्न (एजेंसी)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के तहत तीन मैच खेला जा चुके हैं। जिसमें से दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीतकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। वहीं अब चौथा टेस्ट दोनों टीमों के बीच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले में बुमराह के पास अनोखा रिकॉर्ड बनाने का मौका होगा।



### बुमराह को महज 6 विकेट की दरकार

बुमराह अगर इस मैच में 6 विकेट हासिल कर लेते हैं तो वह टेस्ट क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे कर लेंगे। बुमराह ने अभी तक खेले गए 43 टेस्ट की 83 पारियों में 194 विकेट लिए हैं। बुमराह मेलबर्न में इस आंकड़े को छू लेते हैं तो वह भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने के मामले में रविंद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर आ जाएंगे।

वहीं बतौर तेज गेंदबाज भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले गेदंबाज बनेंगे। फिलहाल ये रिकॉर्ड कपिल देव के नाम है, जिन्होंने 50वें टेस्ट में ये मुकाम हासिल किया था।

बुमराह ने तीनों फॉर्मेट को मिलाकर खेले गए 202 मैच की 240 पारियों में 432 विकेट लिए हैं। अगर वह 3 विकेट हासिल कर लेते हैं भारत के लिए सबसे ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में इशांत शर्मा को पछाड़कर नौवें नंबर पर आ जाएंगे। इशांत ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 199 मैच की 280 पारियों में 434 विकेट झटके हैं।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 150 विकेट

बुमराह अगर 5 विकेट ले लेते हैं तो कामयाब होते हैं तो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 150 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के पांचवें गेंदबाज बन जाएंगे। अभी तक रविचंद्रन अश्वि, नाथन लियोन, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की इस आंकड़े तक पहुंचे हैं। बुमराह ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 33 टेस्ट की 63 पारियों में 145 विकेट लिए हैं।

# जब मीडिया पर भड़के विराट



मेलबर्न। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली यहां मेलबर्न एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद उस समय एक मीडियाकर्मी पर भड़क गये जब उसने कैमरे का फोकस उनके परिवार पर कर दिया। इसी को लेकर कोहली की एक पत्रकार के साथ तीखी बहस हुई, क्योंकि वह अपने परिवार पर कैमरों की मौजूदगी से परेशान हो गये। ये मामला तब का है जब रिपोर्टर ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड का साक्षात्कार ले रहे थे। तभी विराट कोहली और उनका परिवार वहां पहुंचा। तभी मीडियाकर्मियों के कैमरे उनके परिवार पर घूम गये। कोहली इस प्रकार अपने परिवार की सार्वजनिक स्थान पर तस्वीरें लिए जाने से नाराज हो गये। इसी को लेकर एक मीडिया कर्मचारी ने कहा, कोहली को लगा कि मीडिया उनके बच्चों की तस्वीरें खींच रहा है जबकि ये सही नही था। कोहली ने कहा, मेरे बच्चों के साथ मुझे प्राइवेसी की जरुरत है, आप मुझसे पूछे बिना फिल्म नहीं बना सकते। बाद में, जब मीडिया ने बताया कि उनके बच्चों को फिल्माया नहीं जा रहा है, तो विराट ने मीडिया के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट की और कैमरामैन से हाथ मिलाया। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में विराट अब तक केवल एक शतक लगाने के अलावा असफल रहे हैं। पिछले तीन मैचों में उन्होंने केवल 21 रन बनाए हैं। अभी ये सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है।

# अश्विन के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली कर सकते हैं संन्यास की घोषणा!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पूरा होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। अश्विन के अचानक संन्यास लेने के फैसले से कई प्रशंसक हैरान रह गए। इस तरह वह एमएस धोनी के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच संन्यास की घोषणा करने वाले दूसरे हाई प्रोफाइल क्रिकेटर बन गए।

इस बीच, विशेषज्ञों के अनुसार, अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा अश्विन के नक्शेकदम पर चलकर जल्द ही संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के दौरान दोनों दिग्गज बल्लेबाजों की बल्लेबाजी तकनीक जांच के दायरे में है। जहां रोहित का पिछली 11 पारियों में औसत 11.69 का रहा है, वहीं ऑफ स्टंप के बाहर गेंद से निपटने में कोहली की तकनीक को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने पूरी तरह से उजागर कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, कोहली और रोहित अगले महीने की शुरुआत में सिडनी में अपना आखिरी टेस्ट खेल सकते हैं। टीम इंडिया पूरी तरह से परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। ऐसे में कोहली और रोहित युवा और प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के लिए रास्ता बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा कर सकते हैं। ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी सीरीज के बाद संन्यास की घोषणा कर सकते हैं।



# विराट से मिलने की इच्छा जताई सिमरन शेख ने

नई दिल्ली। भारत के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली से अनकैप्ड बल्लेबाज सिमरन शेख ने मिलने की इच्छा जताई। महिला प्रीमियर लीग 2025 की नीलामी में गुजरात जायंट्स द्वारा 1.9 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के बाद सिमरन सुर्खियों में आईं। हाल ही में सिमरन ने यह भी खुलासा किया कि विराट उनके पसंदीदा खिलाड़ी हैं और उनका लक्ष्य भारत का प्रतिनिधित्व करना है, जिसके लिए वह हर संभव प्रयास कर रही हैं। सिमरन ने कहा, मेरा सपना एक बार विराट कोहली से मिलना है। मुझे बस भारत की जर्सी चाहिए और इसलिए मैं ये सब प्रयास कर रही हूं। अनकैप्ड बल्लेबाज के लिए दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात स्थित फ्रैंचाइजी बोली लगाने की होड़ में शामिल हुई। उनका बेस प्राइस 5 लाख रुपए था और जायंट्स ने उन्हें 1.9 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा। टूर्नामेंट के पहले सीजन में सिमरन ने गुजरात स्थित फ्रैंचाइजी के लिए खेला और 9 मैचों में हिस्सा लिया। सिमरन को लगता है कि फ्रैंचाइजी में योगदान देना उनकी जिम्मेदारी है और उन्होंने कहा, मैं जीजी (गुजरात जायंट्स) परिवार का शुक्रिया अदा करती हूं। इतनी बड़ी रकम मिलने के बाद अब उनके लिए प्रदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है। मैं अपने माता-पिता का शुक्रिया अदा करती हूं क्योंकि मेरे समुदाय में ऐसी चीजों के लिए ज्यादा समर्थन नहीं है, लेकिन उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया। नीलामी पर बोलते हुए मुख्य कोच माइकल क्लिंगर ने कहा कि टीम की प्राथमिकता ऐसे खिलाड़ियों को हासिल करना है जो प्लेइंग 11 में प्रभाव डाल सकें और सिमरन टीम के लिए एक मूल्यवान खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, सिमरन शेख टीम के लिए एक और मूल्यवान खिलाड़ी हैं। वह बहुत ताकत लेकर आती हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी शानदार है। महिला क्रिकेट में ऐसी मुट्ठी भर खिलाड़ी ही हैं जो ऐसा कर सकती हैं।



# भारतीय टीम उत्साहित होकर मेलबर्न पहुंची

### जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी भारतीय टीम

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे से होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए यहां पहुंच गयी है। अभी तक ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला टेस्ट भारतीय टीम ने जीता था जबकि दूसरा मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने जीता। मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) पिछले एक दशक से भारतीय टीम के लिए अच्छा साबित हुआ है और एक प्रकार से घरेलू मैदान की तरह ही बन गया है। भारतीय टीम ने पिछले एक दशक में यहां 3 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से उसे दो में जीत मिली है जबकि मेजबान टीम एक भी मैच नहीं जीती है। दोनों टीमें अब 26 दिसंबर से ही यहां खेलेंगी। भारतीय टीम यहां जीत की हैट्रिक बनाने के इरादे के साथ मैदान पर उतरेगी।



पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम ने मेलबर्न में पहला टेस्ट 1948 में खेला। इस साल उसने यहां दो टेस्ट मैच खेले जिसमें से उसे एक में पारी की हार का सामना करना पड़ा जबकि उसने मैच में 233 रन से टीम हारी इसके बाद 1968 में भारतीय टीम की यहां पारी से हार हुई। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में भारत के खिलाफ लगातार तीन जीत दर्ज की। कुल रिकॉर्ड की बात करें तो भारतीय टीम ने मेलबर्न में अब तक 14 टेस्ट मैच में से 4 मैच जीते हैं, जबकि 8 वह हारी है और 2 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं।

भारत को ऑस्ट्रेलिया में पहली जीत 1978 में बिशन सिंह बेदी की कप्तानी में मिली। भारतीय टीम ने यहां 222 रन से मुकाबला जीता। इस जीत में मुख्य भूमिका महान स्पिनर भगवत चंद्रशेखर ने 12 विकेट लेकर निभाई थी जबकि सुनील गावस्कर ने शतक लगाया था।

विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया को 137 रन से हराया था। वहीं 2020 में विराट कोहली के बीच में ही सीरीज से लौटने पर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया था।

# सनवे सिट्जस ब्लिट्ज़ : भारत के इलामपारथी रहे उपविजेता, ईरान के महदी बने विजेता



बार्सिलोना। दुनिया के प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में शुमार सनवे सिट्जस इंटरनेशनल शतरंज महोत्सव में इस क्लासिकल के साथ साथ रैपिड और ब्लिट्ज़ के मुकाबले भी खेले जा रहे है और कल इसमें सम्पन्न हुए इंटरनेशनल ब्लिट्ज़ शतरंज टूर्नामेंट मे 31 देशो के करीब 100 चुनिन्दा खिलाड़ियों नें भाग लिया और इसमें भारत के उभरते हुए शतरंज खिलाड़ी एआर इलामपारथी नें शानदार खेल दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। बड़ी बात यह रही की सातवें वरीय इलामपारथी नें इस दौरान अंतिम तीन राउंड मे लगातार तीन जीत दर्ज की उन्होंने सातवे राउंड मे कनाडा के इंटरनेशनल मास्टर एंथनी अटनासोव को फिर आठवे राउंड मे टॉप सीड जर्मनी के ग्रांड मास्टर अलेक्जेंडर डोनचेंको को और नौवे फाइनल राउंड मे जॉर्जिया के फीडे मास्टर डेनियल सफ़रोव को पराजित करते हुए कुल 8 अंक बनाए। ईरान के ग्रांड मास्टर छठे वरीय महदी घोलामी 8.5 अंक बनाकर पहले स्थान पर रहे और पिछले दिनो एलोब्रेगात ब्लिट्ज़ जीतने के बाद यह उनका दूसरा ब्लिट्ज़ खिताब है। 7 अंक बनाकर बेहतर ट्राईब्रेक के आधार पर फ्रांस के लोइक त्रावडोन तीसरे स्थान पर रहे।

# जिम्बाब्वे 54 पर ऑलआऊट, अफगानिस्तान की मिली सबसे बड़ी वनडे जीत

खेल डैस्क - अफगानिस्तान ने हरारे के मैदान पर जिम्बाब्वे को 232 रन से हराकर इतिहास रच दिया है। यह रनों के लिहाज से अफगानिस्तान की सबसे बड़ी जीत है। सेदिकुल्लाह अटल (104) की शतकीय और अब्दुल मलिक (84) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए 286 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी जिम्बाब्वे की टीम 54 रन पर ऑल आऊट हो गई। जिम्बाब्वे का यह अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे न्यूनतम टोटल भी रहा। जिम्बाब्वे की फारूकी, उमरजई और नवीद जादरान की स्विंग और सीम के आगे कमजोरी उजागर हो गई। बेन कुरेन के दुर्भाग्यशाली रन-आउट को छोड़कर, बाकी बल्लेबाज टिक ही नहीं पाए। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल और अब्दुल मलिक की सलामी जोड़ी बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 191 रनों की साझेदारी की। 35वें ओवर में एन न्याम्हुरी ने अब्दुल मलिक (84) को बोल्ड कर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने अजमतउल्लाह ओमरजई (5) को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। तीसरे विकेट के रूप में रहमत शाह (1) रन बनाकर आउट हुए। 43वें ओवर में एन न्याम्हुरी ने सेदिकुल्लाह अटल को भी अपना शिकार बना लिया। सेदिकुल्लाह अटल ने 128 गेंदों में 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से 104 रनों की पारी खेली। 49वें ओवर में मोहम्मद नबी (18) रन बनाकर आउट हुए। आखिरी ओवर में इकराम अलीखिल (5) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (29) रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में 6 विकेट पर 286 का स्कोर खड़ा किया। जिम्बाब्वे की ओर से एन न्याम्हुरी ने 3 विकेट लिए। ट्रेवर ग्वांडू ने 2 बल्लेबाज को आउट किया।

# मेरे उतार-चढ़ाव में हमेशा साथ दिया, उसके लिए धन्यवाद : टिम साउथी

हैमिल्टन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी ने अपने विदाई टेस्ट मैच के बाद कहा कि मैंने वर्षो से खेलने का आनंद लिया है। इस अवसर पर मैं कुछ लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। पिछले 17 वर्षो में उतार-चढ़ाव के दौर में न्यूजीलैंड क्रिकेट ने हमेशा साथ दिया। साथ ही सहयोगी स्टाफ को भी धन्यवाद देना चाहूंगा। प्रशंसकों को भी। प्रशंसकों के सामने आना हमेशा अच्छा होता है, और इस सप्ताह सेडॉन पार्क में भारी भीड़ के सामने खेलना बहुत खास रहा। अब मैं एक प्रशंसक के रूप में मैच देखने के लिए उत्सुक रहूंगा। साउदी ने 776 अंतर्राष्ट्रीय विकेटों के साथ खेल से संन्यास लिया है। वह सभी प्रारूपों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले कीवी गेंदबाज हैं। साउथी ने 391 टेस्ट विकेट हासिल किए, जो रिचर्ड हैडली (431 विकेट) के बाद किसी भी न्यूजीलैंड गेंदबाज द्वारा दूसरा सबसे अधिक विकेट है। टी20 इंटरनेशनल में वह 164 विकेट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। 221 एकदिवसीय विकेटों के साथ, वह काइल मिल्स (240 विकेट) और डैनियल विटोरी (297 विकेट) के बाद, कीवीज के लिए एकदिवसीय मैचों में तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह निचले क्रम के एक सक्षम बल्लेबाज भी थे, जिन्होंने 394 मैचों में 14.11 की औसत और 8 अर्द्धशतकों के साथ 3,288 रन बनाए। इनमें से अधिकांश रन टेस्ट में आए, जिसमें 15.48 की औसत से 2,245 रन बने, जिसमें 7 अर्द्धशतक शामिल थे। टेस्ट में उन्होंने 98 छक्के लगाए हैं। ऐसा कर वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले प्लेयरों की सूची में चौथे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की है।



# बेटे के संन्यास पर रविचंद्रन अश्विन के पिता का चौंकाने वाला खुलासा

**चेन्नई (एजेंसी)।** रविचंद्रन अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद गुरुवार को स्वदेश लौट आए। अपने संन्यास के फैसले से क्रिकेट जगत को हैरान करने वाले अश्विन ऑस्ट्रेलिया से तुरंत वापस चले आए और उनका चेन्नई एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यहां तक कि अश्विन के पिता और मां जो चेन्नई लौटने पर आंखों में आंसू लिए उनसे मिले, ने भी माना कि यह खबर उनके लिए उतनी ही चौंकाने वाली थी जितनी कि दुनिया भर में उनके लाखों प्रशंसकों के लिए। अश्विन के पिता ने कहा कि टेस्ट के महान खिलाड़ी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने के पीछे 'अपमान' एक कारण हो सकता है।

अश्विन के पिता ने एक मीडिया हाउस को बताया, 'मुझे भी आखिरी समय में पता चला। उसके दिमाग में क्या चल रहा था, मुझे नहीं पता। उसने बस घोषणा कर दी। मैंने भी इसे पूरी खुशी के साथ स्वीकार किया। मुझे इससे कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन जिस तरह से उसने संन्यास लिया, उससे एक तरफ मैं बहुत खुश था, दूसरी तरफ खुश नहीं था क्योंकि उसे जारी रखना चाहिए था।'

उन्होंने कहा, '(संन्यास लेना) उसकी (अश्विन की) इच्छा है, मैं उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता, लेकिन जिस तरह से उसने संन्यास लिया, उसके कई कारण हो सकते हैं। केवल अश्विन ही जानता है, शायद अपमान के कारण। इसमें कोई संदेह नहीं है (परिवार के लिए भावनात्मक क्षण) क्योंकि वह 14-15 साल तक मैदान पर था। अचानक हुए बदलाव, रिटायरमेंट ने हमें वाकई एक तरह का झटका दिया।'

अश्विन अपने खेल के शीर्ष पर थे, खासकर टेस्ट क्रिकेट में लगभग एक दशक से। उन्होंने अपने करियर का अंत देश के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में किया। न सिर्फ टेस्ट में बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी। अश्विन के पिता को लगता है कि वह खेलना जारी रख सकते थे, लेकिन उन्हें इसे छोड़ना पड़ा क्योंकि उन्हें 'अपमानित' किया जा रहा था।

उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से, इसमें कोई संदेह नहीं है (परिवार के लिए भावनात्मक क्षण), क्योंकि वह 14-15 साल तक मैदान पर था। अचानक हुए बदलाव - रिटायरमेंट - ने हमें वाकई एक तरह का झटका दिया। साथ ही, हम इसकी उम्मीद भी कर रहे थे क्योंकि अपमान हो रहा था। वह कब तक इन सब चीजों को बर्दाश्त कर सकते हैं? रविचंद्रन ने कहा, 'शायद, उन्होंने खुद ही फैसला किया होगा।'



## लंच बॉक्स में मांसाहारी खाना, प्रिंसिपल ने बच्चों को स्कूल से निकाला

### –हाईकोर्ट ने छात्रों के हक में फैसला सुनाया

लखनऊ । स्कूल के लंच बॉक्स में मांसाहारी खाना लाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने छात्रों के हक में फैसला सुनाया है, जिसे स्कूल से कथित तौर पर टिफिन में मांसाहारी भोजन लाने के कारण निकाल दिया था। दरअसल, अमरोह के एक स्कूल प्रिंसिपल ने तीन नाबालिग छात्रों को टिफिन में नॉन–वेज लाने की वजह से स्कूल से निकाल दिया था। इसके बाद बच्चों की मां ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर याचिका में याचिकाकर्ता ने स्कूल प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रिंसिपल ने बच्चों के स्कूल में मांसाहारी भोजन लाने पर आपत्ति जताकर बच्चों को गलत तरीके से स्कूल से निकाला है। याचिका पर न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति एससी शर्मा की बेंच ने फैसला सुनाया है। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अमरोहा के जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि वे दो सप्ताह के अंदर बच्चों को सीबीएसई से संबद्ध किसी अन्य स्कूल में दाखिला दिलाएं और अदालत के समक्ष अनुपालना का हलफनामा दाखिल करें। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि स्कूल के इस कदम से बच्चों के शिक्षा के अधिकार का हनन हुआ है।

## पटना–बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

पटना । पटना से बांद्रा जा रही पटना–बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे के नीचे अचानक आग लगी। घटना के बाद यात्रियों के बीच अफरा–तफरी मच गई। दानापुर–दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) रेलखंड के पास यह हादसा हुआ। फायर ब्रिगेड और रेलवे की टीम ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रात करीब 1:02 बजे जब ट्रेन टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी वहां मौजूद रेलवे कर्मियों ने देखा कि ट्रेन के जनरल बोगी के निचले हिस्से से आग की लपटें उठ रही थीं। उन्होंने तुरंत रेलवे कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद ट्रेन को डुमरांव स्टेशन पर रोक गया। अग्निशमन अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि आग एलएचबी कोच (जनरल बोगी) के पहिए और एक्सल के बीच लगी थी। यह आग ज्यादा फैलने से पहले ही बुझा दी गई। यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया- घटना के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित डिब्बे से बाहर निकाल लिया गया। किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। इस घटना के कारण ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन तीन घंटे तक बाधित रहा। आग से प्रभावित बोगी को डुमरांव स्टेशन पर ही अलग कर दिया गया। बाकी ट्रेन को बांद्रा के लिए रवाना कर दिया गया। यात्रियों की सुरक्षा प्राथमिकता- रेलवे का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से निपटने के लिए रेलवे की सभी टीम हमेशा तैयार रहती है। इस हादसे में रेलवे कर्मियों की सतर्कता के कारण बड़ा नुकसान टल गया। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय किए गए।

## राजौरी में रहस्यमयी बीमारी से अब तक 8 मौतें, विशेषज्ञों की टीम की गठित

जम्मू। जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले में एक अज्ञात बीमारी से मरने वालों की संख्या आठ हो गई है। बुधवार को एक अस्पताल में रहस्यमय बीमारी से एक और बच्चे की मौत हो गई, जिसके बाद प्रभावित गांव में मौतों की जांच में सहायता के लिए विशेषज्ञों की एक टीम गठित की है। अधिकारियों के मुताबिक जांच में तेजी लाने और बीमारी की पहचान करने के लिए राजौरी में एक बायोसेफ्टी लेवल 3 मोबाइल प्रयोगशाला भेजी गई है। अधिकारियों ने बताया कि मोहम्मद रफीक के 12 साल के बेटे अशफाक अहमद की छह दिनों तक जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती रहने के बाद मौत हो गई। उसे पहले इलाज के लिए चंडीगढ़ रेफर किया गया था, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। अशफाक के छोटे भाई–बहन 7 साल के इश्तियाक और 5 साल की नाजिया की पिछले गुरुवार को मौत हो गई थी। अशफाक की मौत के साथ ही कोटरंका तहसील के बदहाल गांव में मरने वालों की संख्या आठ हो गई है। सभी मृतक एक ही गांव के दो परिवारों के थे। राजौरी के उपायुक्त ने बदहाल गांव में जमीनी हालात का आकलन करने के लिए सोमवार को कोटरंका का दौरा किया, जहां 14 साल से कम उम्र के छह बच्चों सहित सात लोगों की अज्ञात बीमारी के कारण मौत हो गई।

## कांग्रेस बाबा साहेब के नाम का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिए करती : किरण चौधरी

चंडीगढ़ । राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि देश के राजनीतिक इतिहास में संविधान और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति कांग्रेस पार्टी का व्यवहार हमेशा विवादों में रहा है। एक ओर कांग्रेस बाबा साहेब के नाम का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिए करती है, वहीं दूसरी ओर बाबा साहेब के योगदान और विचारधारा का लगातार अपमान करती आ रही है। उन्होंने कहा कि 1975 में देश पर लगे आपातकाल को शायद ही कोई भूल सकता है। लोकतंत्र का गला घोंटते हुए निर्दोष लोगों को जेलों में डाला गया था। यह संविधान के प्रति कांग्रेस के असंवेदनशील रवैये का जीता जागता उदाहरण है। आज भी कांग्रेस गृह मंत्री अमित शाह के बयानों को तोड़–मरोड़ कर पेश कर रही है, जो उसकी पुरानी चालबाजी का परिचायक है। भाजपा सांसद चौधरी ने कहा कि यह एक कड़वी सच्चाई है कि जब अंबेडकर जी ने भारतीय समाज के कमजोर वर्गों की आवाज उठाने की कोशिश की, तब कांग्रेस ने उन्हें हर संभव तरीके से रोकने की कोशिश की। यहां तक ??कि लोकसभा में उनके प्रवेश को भी रोकने की कोशिश की गई। यह सिर्फ व्यक्तिगत असहमति नहीं थी बल्कि समानता और सद्भाव की वकालत करने वाली बाबा साहेब की विचारधारा को दबाने का प्रयास था। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव बाबा साहेब के योगदान का सम्मान किया है। भाजपा ने बाबा साहेब के जीवन और उनके विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य गंभीरता से किया है। उनकी जयंती और उनके विचारों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित करना भाजपा की प्राथमिकता में शामिल रहा है।

# पंडित नेहरू डॉ. अम्बेडकर से नफरत करते थे, हां, यह विशुद्ध नफरत : नड्डा

### –नेहरू ने डॉ. अम्बेडकर को दो बार हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर पर जारी राजनीति के बीच कांग्रेस पर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने कहा, कल से, सत्य, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय में विश्वास करने वाले सभी लोगों द्वारा कांग्रेस और उसके सड़े चुके इकोसिस्टम को बेनकाब किया गया है। इसलिए, मैंने डॉ.अम्बेडकर के प्रति कांग्रेस की गहरी नफरत को दिखाते हुए कुछ तथ्य साझा करने के बारे में सोचा। उन्होंने कहा, ÷पंडित नेहरू डॉ. अम्बेडकर से नफरत करते थे। हां, यह विशुद्ध नफरत थी। इसीलिए पंडित नेहरू ने डॉ. अम्बेडकर को दो बार हराया। इतना ही नहीं पंडित नेहरु वह गर्व से विदेशों में लोगों को पत्र लिख रहे थे, इस पर खुशी व्यक्त कर रहे थे कि आदरणीय बाबासाहेब अब कैबिनेट में नहीं हैं। उन्होंने कहा, ÷26, अलीपुर रोड को बहुत पहले ही एक भव्य स्मारक में बदल दिया जाना चाहिए था जो लोगों को प्रेरित करता। लेकिन, डॉ. अंबेडकर से नफरत करने वाली कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। यह हमारी एनडीए सरकार थी जिसे 26, अलीपुर रोड को एक प्रतिष्ठित स्थान के रूप में विकसित करने का सम्मान मिला। मुंबई में चैत्य भूमि... दशकों तक कांग्रेस में सामाजिक न्याय के स्वयंभू संरक्षकों ने वहां एक भव्य स्मारक बनाने के खोखले वादे किए।


नड्डा ने सैम पित्रोदा की तस्वीर साझा कर कहा, ÷राजवंश के सबसे वफादार दरबारी ने बताया कि कांग्रेस वास्तव में डॉ. अम्बेडकर के बारे में क्या सोचती है, कि हमारे संविधान के निर्माण में बाबासाहेब की कोई भूमिका नहीं थी। कुछ स्क्रीनशॉट वास्तव में हजारों शब्द बोलते हैं। एक्स पोस्ट को हटाया जा सकता है लेकिन उनकी वास्तविक भावनाएं कभी नहीं जाएंगी।÷ उन्होंने पोस्ट में कहा, '15, जनपथ पर डॉ. अंबेडकर की स्मृति में एक विश्व स्तरीय केंद्र बनाया जाना था। लेकिन दुख की बात है कि कांग्रेस उस सड़क पर एक घर से आगे नहीं देखती थी, इसलिए उन्होंने यह काम अधूरा छोड़ दिया। आखिरकार 2017 में डॉ.अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर का उद्घाटन पीएम मोदी ने किया। कांग्रेस नेताओं को विदेशी धरती पर भारत के बारे में झूठ फैलाना पसंद है। लेकिन, उन्होंने लंदन में उस जगह की कभी परवाह नहीं की, जहां खुद डॉ. अंबेडकर रहते थे। पीएम नरेंद्र मोदी 2015 की यूके यात्रा के दौरान वहां गए, और बाद में इस जगह को महाराष्ट्र सरकार द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया। नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधकर कहा, मैं कांग्रेस और उनके सड़े हुए इको–सिस्टम को बताना चाहता हूं कि जून में आप लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव हारे। इसके साथ ही आपने आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम में निराशाजनक प्रदर्शन किया। अक्टूबर में आप हरियाणा में हार गए। वहीं, नवंबर में आप महाराष्ट्र में बुरी तरह हारे। कम से कम अब तब झूठ बोलना बंद कर दीजिए, क्योंकि आपका झूठ अनियंत्रित नहीं होगा। सत्य की हमेशा जीत होगी... जय भीम।

## भारत को अक्सर अल्पसंख्यकों के मुद्दों पर ज्ञान दिया जाता हैं, अन्य देशों में अल्पसंख्यक कैसी स्थिति में

### –राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने दिया बयान

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत को अक्सर अपने अल्पसंख्यकों के मुद्दों पर ध्यान देने की सलाह दी जाती है, लेकिन अब हम देख रहे हैं कि अन्य देशों में अल्पसंख्यक समुदाय किस स्थिति में हैं। हिंदू सेवा महोत्सव के उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि विश्व शाति की बात करके प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास हो रहा है। संघ प्रमुख भागवत ने कहा, विश्व शाति के बारे में बड़े ऐलान हो रहे हैं। हम (भारत) को भी विश्व शाति के बारे में सलाह दी जाती है, लेकिन वही युद्ध रुक नही रहे हैं। जबकि हमें अक्सर अपने देश में अल्पसंख्यकों के बारे में चिंता करने को कहा जाता है, हम देख रहे हैं कि बाहर अल्पसंख्यक किस प्रकार की स्थिति का सामना कर रहे हैं। हालांकि, संघ प्रमुख ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा का कोई संदर्भ नही दिया। लेकिन संघ ने शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां के हिंदुओं की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की थी। भागवत ने कहा, मानव धर्म (मानवता) सभी धर्मों का शाश्वत धर्म है, जो विश्व धर्म भी है और इस हिंदू धर्म भी कहा जाता है। हालांकि, दुनिया ने इस धर्म को भुला दिया है। उनके पास वही धर्म है लेकिन उन्होंने इस भुला दिया और इसलिए आज हम विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जैसे पर्यावरण और अन्य मुद्दे है।

## विकास और स्थिरता के बीच संतुलन रखना जरुरी: बिरला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली में जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन विश्व की बड़ी चुनौतियों में से एक है और इससे निपटने में मिशन लाइफ-लाइफ़ फॉर एनवायरनमेंट सबसे सक्षम रणनीति है।

बिरला संसद भवन परिसर में भारतीय वन सेवा के 2023-25 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के समूह को संसदीय प्रक्रियाओं और कार्यपद्धतियों से अवगत कराने के पाठ्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। यह पाठ्यक्रम लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (पीआरआईडीई) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय वन सेवा की जलवायु परिवर्तन की चुनौती कम करने के अभियान के नेतृत्व की अंतर्निहित जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से देश के वन क्षेत्र को विस्तारित करने और वन्यजीवों की सुरक्षा के दृढ़ता से प्रयास करने को प्रेरित किया। संसद में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण असंतुलन से संबंधित मुद्दों पर नियमित रूप से चर्चा होती है। आयोजन में लोक सभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया जबकि लोक सभा सचिवालय के संयुक्त सचिव गौरव गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। लोकसभा के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में 22 महिला प्रशिक्षु सहित भारतीय वन सेवा के 112 प्रशिक्षु अधिकारी भाग ले रहे हैं। इसमें रॉयल भूटान सेवा के दो अधिकारी भी प्रशिक्षण प्राप्?त कर रहे हैं।

# मायावती ने अमित शाह की टिप्पणी को बताया आंबेडकर की गरिमा पर आघात, बयान वापसी की मांग



**लखनऊ (एजेंसी)।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने इसे बाबा साहेब की गरिमा पर आघात बताते हुए अमित शाह से अपने बयान को वापस लेने की मांग की है।

मायावती ने कहा, कि अमित शाह की टिप्पणी से बाबा साहेब आंबेडकर के अनुयायियों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्हें तुरंत अपनी टिप्पणी वापस लेनी चाहिए। बाबा साहेब के प्रति भाजपा की इस तरह की सोच को देश के लोग कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की ऐसी कोई भी राजनीतिक चाल सफल नहीं होगी।

बसपा प्रमुख मायावती ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा, कि कांग्रेस ने भी हमेशा डॉ. आंबेडकर का विरोध किया है। बाबा साहेब ने खुद दलितों को कांग्रेस से दूर रहने की सलाह दी थी। यहां बताते चलें कि इस बयान से पहले मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा था, कि दलितों और अन्य वंचित वर्गों के लिए बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर भगवान के समान हैं। उनके द्वारा संविधान में दिए गए कानूनी अधिकारों की वजह से इन वर्गों को जीवन का स्वर्ग प्राप्त हुआ है।

अखिलेश यादव ने भी साधा निशाना

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस मुद्दे पर भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने एक्स पर लिखा, जिनका मन विद्वेष से भरा है, वो देश क्या चलाएंगे। अमित शाह की टिप्पणी बाबा साहेब और उनके दिए संविधान का अपमान है। भाजपा की नकारात्मक मानसिकता का यह एक और उदाहरण है। भाजपा संविधान को अपना विरोधी मानती है क्योंकि यह गरीबों, वंचितों और दमितों के शोषण के खिलाफ ढाल बनकर खड़ा है।

## अपने विधायकों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पहुंचे एकनाथ शिंदे

मुंबई । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री की हर बात मानने वाले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुरुवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पहुंचे और आरएसएस के संस्थापक डॉ. के.बी. हेडगेवार के स्मारक पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने संघ के दूसरे सरसंघचालक एम.एस.गोलवलकर के स्मारक पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। शिवसेना के कई अन्य विधायकों ने भी डॉ. हेडगेवार और गोलवलकर की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने संघ के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें आरएसएस का संक्षिप्त परिचय दिया। इसके बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा, यह बहुत पवित्र भूमि है। यहां आने के बाद सभी को एक ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है...संघ परिवार को अगले वर्ष 100 साल हो रहे हैं, यब बहुत बड़ी बात है...जिसको निरपेक्ष भावना से सामाजिक काम करना है, उसे यहां जरूर आना चाहिए। बता दें कि हाल में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले शिंदे ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे और वरिष्ठ नेता आनंद दीघे का नाम लेकर यह प्रदर्शित किया था कि वह इन लोगों के विचारों, नीति और निर्देश का पालन करते हैं और करते रहने वाले है। बता दें कि शिंदे देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में गृह मंत्रालय मांग रहे हैं। राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार हो चुका है लेकिन अभी तक विभागों का बंटवारा नहीं हुआ है इसलिए शिंदे के संघ नेतृत्व से मुलाकात के तमाम मायने निकाले जा रहे हैं।

## पहले विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर करेंगे संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित

एजेंसी

**बेंगलुरु :** वैश्विक आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर, 21 दिसंबर को, संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किए जाने के बाद, एक ऐतिहासिक लाइव वैश्विक ध्यान का मार्गदर्शन करेंगे। यह क्षण एक नई शुरूआत का प्रतीक है। यह, ध्यान के अद्भुत और परिवर्तनकारी लाभों को वैश्विक स्तर पर स्वीकार किए जाने का दिन है। ध्यान न केवल लोगों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है बल्कि यह समाज में शांति और एकता का संदेश भी देता है। विश्व ध्यान दिवस एक वार्षिक उत्सव बनने जा रहा है जो पूरी दुनिया को एकसूत्र में जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा।

भारत के स्थायी मिशन द्वारा 20 दिसंबर, 2024 को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क में विश्व ध्यान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर मुख्य वक्त होंगे। यह ऐतिहासिक अवसर ₹वैश्विक शांति और सामंजस्य के लिए ध्यान₹ विषय पर आयोजित किया जाएगा जो पहले विश्व ध्यान दिवस के रूप



में मान्यता प्राप्त करेगा।

इस विषय पर गुरुदेव ने कहा, संयुक्त राष्ट्र द्वारा ध्यान की स्वीकृति एक महत्त्वपूर्ण कदम है। ध्यान आत्मा को पोषित करता है, मन को शांत करता है और आधुनिक चुनौतियों का समाधान प्रदान करता है।

**मुख्य आकर्षणः**

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का संयुक्त राष्ट्र में मुख्य संबोधनः मानसिक तनाव कम करने और वैश्विक संघर्ष समाधान में अग्रणी भूमिका निभाने वाले गुरुदेव इस अवसर पर वैश्विक नेताओं, संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारियों, राजनयिकों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे जिसमें ध्यान की, शांति और एकता बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जाएगा।

वैश्विक ध्यान कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 21 दिसंबर को गुरुदेव एक वैश्विक ध्यान का आयोजन करेंगे, जिसमें करोड़ों लोग शीतकालीन संक्रांति के अवसर पर एक साथ ध्यान करेंगे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा विश्व ध्यान दिवस को सर्वसम्मति से स्वीकार किया जाना एक महत्त्वपूर्ण कदम है जो यह दशार्ता है कि ध्यान बढ़ते तनाव, हिंसा और समाज में विश्वास और संबंधों के क्षय जैसी आधुनिक जीवन की समस्याओं का समाधान प्रदान कर सकता है। गुरुदेव के मार्गदर्शन में पिछले 43 वर्षों में 180 देशों के करोड़ों लोग ध्यान से होने वाले अनन्य लाभों का अनुभव कर चुके हैं। गुरुदेव का मानना है कि ध्यान मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और सामाजिक सामंजस्य की दिशा में सबसे प्रभावी उपकरण है। गध्यान के परिवर्तनकारी प्रभाव में गुरुदेव का विश्वास, उनके शांति प्रयासों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

## देशभर के किसानों को एकत्र कर लड़ेंगे लड़ाई: टिकैत



**फतेहपुर (एजेंसी)।** भारतीय किसान यूनियन के प्रमुख नेता राकेश टिकैत ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए सरकार को किसानों का विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि देश में सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए रणनीति तैयार करती है। जबकि किसानों के हित के बारे में सरकार को बिल्कुल भी चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार एमएसपी गारंटी कानून लागू नहीं कर रही है, जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है। जिसकी वजह से देश भर के किसान पिस रहे हैं। अगर सरकार द्वारा किसानों के हित में कदम नहीं उठाए गए तो देश भर के किसान एकत्रित होकर इसकी लड़ाई लड़ेंगे जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

ध्जले के खागा कस्बे में स्थित गल्ला मंडी परिसर में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसान महापंचायत का आयोजन किया गया था। किसान महापंचायत में भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत पहुंचे। जहां भाकियू अध्यक्ष ने किसानों के हित में सरकार के प्रति जमकर हल्ला बोला। महापंचायत में पंजाब में चल रहे किसानों के आंदोलन को समर्थन दिया गया। मंच पर पहुंचते ही भाकियू अध्यक्ष राकेश टिकैत ने सरकार पर निशाना साधना शुरू कर दिया। राकेश टिकैत ने किसानों से नस्ल और फसल दोनों बचाने की अपील की। कहा सरकार की नीतियां किसानों को खत्म करने पर आमादा है। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार झूठ बोल रही है और उनका एजेंडा केवल हिंदू और मुस्लिम को बांटने का है। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के अंबेडकर वाले बयान पर भी हमला करते हुए कहा कि सरकार इतिहास को मिटाने और संविधान में संशोधन करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पुरानी धरोहरों को नष्ट करने की साजिश कर रही है। अगर किसानों की हित में सरकार फैसला नहीं लेती तो देश भर के किसान एकत्रित होकर एक बड़े आंदोलन की ओर अग्रसर हो जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# नई कामयाबी: भारत और चीन के बीच फिर से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा !

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर भारत और चीन के बीच लंबे वक्त तक बने हुए विवाद की समाप्ति के बाद बीजिंग में दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसका नतीजा ये रहा कि अब भारत और चीन के बीच फिर से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होगी !

जिसमें भारत का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने किया और चीन की तरफ से बैठक में विदेश मंत्री वांग यी शामिल हुए। विदेश मंत्रालय ने बैठक के बाद एक बयान जारी कर बताया कि विशेष प्रतिनिधियों ने अपनी वार्ता में इस बात के महत्व को रेखांकित किया कि सीमा के इलाकों में शांति और सौहार्द को बनाए रखने से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलती है। सीमा के मसले पर दोनों के बीच सकारात्मक और रचनात्मकता बातचीत हुई। एलएसी पर जमीनी स्तर पर शांति बहाली की भी डोभाल और वांग यी ने वकालत की। बैठक में साझा हितों से जुड़े हुए भारत और चीन के दोनों पक्षों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत की गई। इसके अलावा सीमा पार सहयोग, कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से शुरुआत, सीमा पार नदी सहयोग और व्यापार के मामले पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों ने इस तथ्य को स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच स्थिर और बेहतर संबंध क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। यहां बता दें कि दोनों देशों के बीच 2020 से कोरोना महामारी के समय से ही कैलाश मानसरोवर यात्रा पर रोक लगी हुई है।

कायम होगी सीमा पर शांति

मंत्रालय ने बताया कि अपनी बातचीत के दौरान 2020 के विवाद से सीख लेते हुए दोनों विशेष प्रतिनिधियों ने सीमा पर शांति और सौहार्द कायम करने के उपायों पर मंथन किया और प्रभावी सीमा प्रबंधन पर भी जोर दिया। साथ ही इसकी प्राप्ति के लिए दोनों ने सैन्य और कूटनीतिक तंत्र के मार्गदर्शन का प्रयोग करने पर सहमति जताई। यह बैठक एलएसी विवाद की समाप्ति की भारत द्वारा 21 अक्टूबर 2024 को की गई घोषणा के बाद रूस के कजान शहर में दोनों देशों के राष्ट्रध्यक्षों के बीच हुई पहली द्विपक्षीय बैठक में बनी सहमति के आधार पर हुई। 2020 में हुए सीमा विवाद के खत्म होने के बाद हुई विशेष प्रतिनिधियों की यह पहली बैठक थी।





नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**